@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 24 दिसंबर 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 44 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व पर मणिशंकर अय्यर का दावा

नई दिल्ली, 23 दिसंबर। विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेतृत्व को लेकर लगाए जा रहे कयासों के बीच पूर्व कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इंडिया गठबंधन का मुखिया पद छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी इसका नेता बनना चाहता है, उसे बनने दिया जाए। ममता बनर्जी में यह योग्यता है और गठबंधन के अन्य दलों के लोगों में भी यह योग्यता है। एक मीडिया संगठन को दिए साक्षात्कार में पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे गठबंधन के नेता को लेकर परवाह इसलिए नहीं है क्योंकि कांग्रेस और कांग्रेस नेता की भूमिका हमेशा अहम रहेगी। चाहे वह पार्टी के अकेले रहने में हो या फिर इंडिया ब्लॉक में। गठबंधन में भी कांग्रेस की भूमिका अहम रही है। मुझे लगता है कि राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष से ज्यादा कांग्रेस नेता के रूप में सम्मान मिलेगा। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बेहतर रहा था। भाजपा की सीटें कम हुईं तो विपक्षी गठबंधन में जोश दिखा। मगर जैसे-जैसे राज्यों के चुनाव हुए तो विपक्षी गठबंधन इंडिया में मतभेद शुरू होने लगे। विपक्षी गठबंधन में सबसे ज्यादा मतभेद कांग्रेस की स्थिति को लेकर है। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में कांग्रेस की हार के बाद अब कई पार्टियां गठबंधन में अपनी ताकत दिखाने लगी हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया था और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे का संकेत दिया था। उन्होंने कहा था कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम होंगी। वरिष्ठ विपक्षी नेता लालू प्रसाद यादव और शरद पवार ने ममता बनर्जी का समर्थन किया था।

संविधान की रक्षा कर रहे थे, इसलिए हुई सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या: राहुल गांधी

सिम्मी कौर बब्बर

मुंबइ, 23 दिसंबर। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को सोमनाथ सूर्यवंशी के परिवार से मुलाकात की। इसके बाद राहुल ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि वह दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। इसके अलावा राहुल विजय वाकोडे के परिवार से भी मिलेंगे, जिनकी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी। परिवार से मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने कहा कि, मैं परिवार से मिला हूं और जिन लोगों को मारा गया है और पीटा गया है, उनसे मिला हूं। उन्होंने मुझे पोस्टमार्टम रिपोर्ट, वीडियो, तस्वीरें दिखाईं गई हैं। यह सौ फीसदी हिरासत में हुई मौत है। उनकी हत्या की गई है और मुख्यमंत्री ने पुलिस को संदेश देने के लिए विधानसभा में झूठ बोला। इस युवक की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह दलित था और संविधान की रक्षा कर रहा था। राहुल गांधी ने कहा, सोमनाथ सूर्यवंशी की हत्या सरकार प्रायोजित है। वह एक दलित थे और संविधान की रक्षा कर रहे थे। मनुस्मृति को मामने वाले लोगों ने अपनी जान ले ली। उन्होंने आगे कहा कि आरएसएस की विचारधारा संविधान को नष्ट करने की है। हम चाहते हैं कि इस मामले का तुरंत समाधान हो और जिन्होंने ऐसा किया है उन्हें सजा मिले। कोई राजनीति नहीं हो रही है... विचारधारा जिम्मेदार है, क्योंकि मुख्यमंत्री ने यह बयान दिया है इसलिए मुख्यमंत्री जिम्मेदार हैं, जिन्होंने उनकी हत्या की है वे जिम्मेदार हैं और जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के परभणी दौरे पर महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, राहुल गांधी यहां सिर्फ राजनीतिक मकसद से आए हैं, ये सिर्फ एक राजनीतिक बैठक थी, जाति के आधार पर लोगों में नफरत पैदा करने की कोशिश थी, वो ये काम पिछले कई सालों से कर रहे हैं, इसलिए मुझे लगता है कि नफरत फैलाने का उनका जो काम था, वो उन्होंने आज परभणी में पूरा कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार संवेदनशील है, इसलिए हमने इस पूरे मामले की न्यायिक जांच की घोषणा की है। न्यायिक जांच में सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। कुछ भी नहीं छिपाया जाएगा, इसका कोई कारण नहीं है और अगर उस जांच में ये सामने आता है कि मौत मारपीट या किसी और वजह से हुई है, तो किसी को भी

बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोमनाथ सूर्यवंशी की इस महीने की शुरुआत में महाराष्ट्र के परभणी शहर में हुई हिंसा के बाद न्यायिक हिरासत में मृत्यु हो गई थी। 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद परभणी में हिंसा भड़क गई थी। परभणी के शंकर नगर निवासी सूर्यवंशी हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 50 से अधिक लोगों में शामिल थे। पुलिस के मुताबिक, न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें 15 दिसंबर को सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने परभणी हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। फडणवीस ने हाल ही में राज्य विधानसभा में कहा था कि सूर्यवंशी ने मजिस्ट्रेट से कहा था कि उसे प्रताड़ित नहीं किया गया और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं दिखता। राज्य भाजपा प्रमुख और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने राहुल गांधी के दौरे को नाटक करार दिया है।

शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजे भारत: यूनुस सरकार

नरेश मल्होत्रा

ढाका, 23 दिसंबर। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका वापस भेजने के लिए भारत को एक राजनयिक नोट भेजा है। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने अपने कार्यालय में सोमवार इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने भारत सरकार को एक नोट वर्बल (राजनयिक संदेश) भेजा है जिसमें कहा गया है कि बांग्लादेश न्यायिक प्रक्रिया के लिए शेख हसीना को वापस चाहता है। इससे पहले आज दिन में, गृह सलाहकार जहांगीर आलम ने कहा कि उनके कार्यालय ने अपदस्थ प्रधानमंत्री के भारत से प्रत्यर्पण की सुविधा के लिए विदेश मंत्रालय को एक पत्र भेजा है। प्रक्रिया अभी चल रही है। उन्होंने कहा कि ढाका और नई दिल्ली के बीच प्रत्यर्पण संधि पहले से मौजूद है और संधि के तहत हसीना को बांग्लादेश वापस लाया जा सकता है। इससे पहले बीते माह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा था कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ छात्र आंदोलन में हुई मौतों का मुकदमा चलाने के लिए उनको बांग्लादेश लाया जाएगा। इसके लिए अंतरिम सरकार इंटरपोल की मदद मांगेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कानून मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा था कि इंटरपोल के जरिये बहुत जल्द रेड नोटिस जारी किया जाएगा। चाहे ये फासीवादी लोग दुनिया में कहीं भी छिपे हों, उन्हें वापस लाया जाएगा और अदालत में जवाबदेह ठहराया जाएगा। 17 अक्तूबर को न्यायाधिकरण ने हसीना और 45 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इसमें उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनके कई पूर्व कैबिनेट सदस्य शामिल हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपनी सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर छात्र नेतृत्व वाले विद्रोह के बीच पांच अगस्त को भारत चली गई थीं। इस दौरान हुए विरोध प्रदर्शन में कई लोग घायल हुए। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुताबिक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए। इस मामले में हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेख हसीना के खिलाफ 225 मामले दर्ज हैं, इनमें हत्या के 194, मानवता के विरुद्ध

अपराध और नरसंहार के 16 मामले, अपहरण के तीन मामले, हत्या के प्रयास के 11 मामले और 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' की रैली पर हमले के संबंध में एक मामला शामिल है। बांग्लादेश को साल 1971 में आजादी मिली थी। आजादी के बाद से ही बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था लागू है। इसके तहत स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 30 प्रतिशत, देश के पिछड़े जिलों के युवाओं को 10 प्रतिशत, महिलाओं को 10 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों के लिए 5 प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था। इस तरह बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में 56 प्रतिशत आरक्षण था। साल 2018 में बांग्लादेश के युवाओं ने इस आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन किया। कई महीने तक चले प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश सरकार ने आरक्षण खत्म करने का एलान किया। 5 जून को बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने देश में फिर से आरक्षण की पुरानी व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया। शेख हसीना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील भी की, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश को बरकरार रखा। इससे छात्र नाराज हो गए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बांग्लादेश के विश्वविद्यालयों से शुरू हुआ ये विरोध प्रदर्शन बाद में बढ़ते-बढ़ते हिंसा में तब्दील हो गया था।

कांग्रेस ने की धनंजय मुंडे को मंत्रिपरिषद से बर्खास्त करने की मांग

मुंबई, 23 दिसंबर। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने सोमवार को बीड में सरपंच की हत्या मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए राकांपा नेता धनंजय मुंडे को राज्य मंत्रिपरिषद से बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि बीड से

सत्तारूढ़ महायुति के विधायकों का खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री और आरोपी से संबंध था। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधा। पटोले ने कहा कि मुख्यमंत्री बीड में माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न करके उन्हें मजबूत कर रहे हैं। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, बीड से सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों ने पिछले सप्ताह विधानसभा में एक बहस के दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति और मंत्री (धनंजय मुंडे) का आरोपियों के साथ संबंधों पर बात की थी। उन्होंने आगे कहा, निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मुंडे को मंत्रालय से हटा देना चाहिए। बता दें कि नौ दिसंबर को मासाजोंग गांव के सरपंच संतोष देशमुख को अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस अबतक चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में से एक विष्णु चाटे ने जिले में पवनचक्की स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से दो करोड़ रुपये की मांग की थी और मांग पूरी नहीं होने पर उसने कंपनी का परिचालन बंद करने की धमकी दी थी। सरपंच संतोष देशमुख ने इस मामले में हस्तक्षेप कर जहरन वसूली को रोकने की कोशिश की। आरोपियों ने सरपंच का पहले अपहरण किया और बाद उन्हें प्रताड़ियत कर हत्या कर दी। इस मामले में विपक्ष ने आरोप लगाया कि इस पूरे हत्याकांड के पीछे वाल्मीक कराड का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि कराड धनंजय मुंडे का करीबी है।

यूपी-पंजाब पुलिस से मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकी ढेर

पीलीभीत, 23 दिसंबर। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में यूपी और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। तीनों आतंकी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स आतंकी संगठन के थे। मौके से दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। तीनों ने गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंका था। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं। पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। पूरनपुर क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर के करीब सोमवार सुबह करीब पांच बजे मुठभेड़ हुई। 1. गुरविंदर सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह (25 वर्ष) निवासी मोहल्ला कलानौर, थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब 2. वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि पुत्र रंजीत सिंह उर्फ जीता (23 वर्ष) निवासी ग्राम अगवान थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब 3. जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18 वर्ष) निवासी ग्राम निक्का सूर, थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब दो ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद। बरेली में छात्र लापता- आधी रात की कॉल, बोला- मां! मुझे बचा लो, कुछ लोग...; फिर बंद हो गया फोन ये तीनों पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर हमले के मामले में वांछित थे। पंजाब पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। तीनों की लोकेशन पीलीभीत के पूरनपुर में मिली। यहां पीलीभीत पुलिस के सहयोग से पंजाब पुलिस ने सोमवार तड़के तीनों आरोपियों की घेराबंदी। हरदोई ब्रांच नहर के समीप पुलिस की मुठभेड़ हुई। पूरा इलाका गोलियों से दहल उठा।

वे केवल सत्ता के लिए साथ, उनमें वैचारिक समानता नहीं: संजय राउत

सौरभ शर्मा

मुंबई, 23 दिसंबर। शिवसेना नेता संजय राउत ने सोमवार को महायुति गठबंधन पर हमला बोला। संजय राउत ने कहा कि महायुति गठबंधन में सहयोगी दल केवल सत्ता के लिए साथ हैं। उनमें वैचारिक समानता बिल्कुल भी नहीं है। पहले वे अपनी पार्टी की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देते हैं और फिर सरकार बनाने के लिए साथ आते हैं। राउत ने विभागों के आवंटन में हो रही देरी को लेकर भी महायुति सरकार पर निशाना साधा। राउत ने कहा कि पहले सरकार नहीं बनी और एक बार सरकार बन गई, तो विभाग आवंटन एक महीने बाद हुआ। अब संरक्षक मंत्री पदों को लेकर चर्चा चल रही है। इससे कुछ होने वाला नहीं है और यह अंत तक चलता रहेगा। राउत ने कहा कि संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति का कोई फायदा तो होता नहीं है। क्योंकि वे केवल अपने हितों की पूर्ति करते हैं। राउत ने कहा कि पंकजा या धनंजय मुंडे बीड के संरक्षक मंत्री बनते हैं तो क्या प्रधान संतोष देशमुख को न्याय मिलेगा? जो परभणी का संरक्षक मंत्री बनेगा तो क्या वह पुलिस हिरासत में मारे गए सोमनाथ सूर्यवंशी को न्याय दिला पाएगा? जो ठाणे का संरक्षक मंत्री बनता है क्या वह कल्याण के मराठी

परिवार को उनके साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय दिलाने में कामयाब होगा? राउत ने कहा कि इसका कोई फायदा नहीं है। संरक्षक मंत्री का अर्थ खुद को सिर्फ सत्ता में बनाए रखने का तरीका है। जो गढ़ चिरोली का मंत्री बनता है वह यहां से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए कुछ नहीं करता। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे को लेकर राउत ने कहा कि उनकी पार्टी भाजपा के साथ काम कर रही है। मनसे देवेंद्र फडणवीस, नरेंद्र मोदी और अमित शाह को अपना आदर्श मानती है और ये तीनों नेता महाराष्ट्र के दुश्मन हैं। तीनों महाराष्ट्र और मुंबई को लूटने के लिए जिम्मेदार हैं। राउत ने कहा कि अगर ठाकरे भाई एक साथ आते हैं तो महाराष्ट्र के लोग इसका लुत्फ उठाएंगे। लोगों का ठाकरे परिवार से गहरा जुड़ाव है। शिवसेना नेता संजय राउत ने चुनाव नियम में किएगए बदलाव पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। जो नियम बनाया गया है, उसके मुताबिक हम चुनाव आयोग से कोई जानकारी नहीं मांग सकते। यह तानाशाही है। अगर आप चाहते हैं कि हम जानकारी न मांगें तो आपको ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराना चाहिए। देश में लोकतंत्र है। इसलिए हम कहते हैं कि भाजपा के लोग संविधान के खिलाफ हैं। हमें यह जानने का अधिकार है कि हमारे वोट का क्या हुआ? हमारा वोट कहां गया?

दिल्ली हाईकोर्ट से पूजा खेडकर को बड़ा झटका

कौमी संवाददाता

दिल्ली, 23 दिसंबर। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूजा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पर सिविल सेवा परीक्षा में कथित धोखाधड़ी और ओबीसी-दिव्यांगता कोटे का गलत लाभ उठाने का केस दर्ज है। पूजा खेडकर पर दिल्ली पुलिस की तरफ से आपराधिक आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने उन पर सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी करने और अवैध रूप से ओबीसी और दिव्यांगता कोटा लाभ का दावा करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति चंदर धारी सिंह की पीठ ने 27 नवंबर, 2024 को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। इस बीच, अदालत ने अंतिम निर्णय होने तक खेडकर को दी गई अंतरिम सुरक्षा बढ़ा दी है। खेडकर ने अधिवक्ता बीना

माधवन के माध्यम से कहा कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं और उन्होंने प्रस्तुत किया कि हिरासत में पूछताछ आवश्यक नहीं है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने विशेष लोक अभियोजक एडवोकेट संजीव भंडारी के माध्यम से अदालत को सूचित किया कि जांच जारी है, और बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता हो सकती है, साथ ही कहा कि साजिश के कुछ पहलुओं की अभी भी जांच की जानी चाहिए। पूजा ने पुणे के श्रीमती काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। बाद में 2021 में यूपीएससी सीएसई परीक्षा 841 वीं रैंक के साथ उत्तीर्ण की। ट्रेनिंग के बाद इसी वर्ष जून 2024 में उन्हें पुणे कलेक्टर आफिस में पहली नियुक्ति मिली। हालांकि पहली ही नियुक्ति में ट्रेनिंग के दौरान उन पर जांच बैठ गई और इसी बीच उनका ट्रांसफर कर दिया गया।

प्रियंका ने परीक्षा फॉर्म पर जीएसटी को लेकर उठाया सवाल

नई दिल्ली, 23 दिसंबर। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने परीक्षा फॉर्म पर जीएसटी लगाने को लेकर सोमवार को भाजपा पर हमला बोला और कहा कि सरकार ने उन अभिभावकों के सपनों को आय का स्रोत बना दिया है, जिन्होंने अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए पाई-पाई बचायी थी। कांग्रेस महासचिव ने कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट, सुल्तानपुर का एक परीक्षा फॉर्म साझा किया, जिसमें दिखाया गया था कि वहां 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर हिंदी में लिखे पोस्ट में कहा, भाजपा युवाओं को नौकरी तो नहीं दे सकती, लेकिन परीक्षा फॉर्म पर 18त्न फीसदी जीएसटी लगाकर जख्मों पर नमक जरूर छिड़क रही है। अग्निवीर समेत हर सरकारी नौकरी के फॉर्म पर जीएसटी लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा, फॉर्म भरने के बाद अगर सरकार की विफलता या भ्रष्टाचार के कारण पेपर लीक हो जाता है तो युवाओं का पैसा बर्बाद हो जाता है।

विकसित भारत में चौधरी चरण सिंह की सोच और किसानों का पसीना अहम होगा: उपराष्ट्रपति

तेजिन्दर कौर बब्बर

नई दिल्ली, 23 दिसंबर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को किसान घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी मौजूद थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर भारत के सभी किसानों को मेरा नमन। 2001 में सही निर्णय लिया गया और किसान दिवस की शुरुआत की गई और ऐसे महापुरुष के नाम पर यह शुरू किया गया, जिन्होंने अपना जीवन किसानों, ग्रामीण जीवन, किसान विकास, देश के विकास के लिए समर्पित कर दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अगले वर्ष किसान दिवस के 25 वर्ष पूरे होंगे, हम सभी को संकल्प लेकर पूरे वर्ष कार्यक्रम करने हैं, ताकि हम किसानों के हित को सर्वोपरि रख सकें और मुझे उम्मीद है कि आज देश में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 180 से अधिक संस्थाओं में बड़ी भारी सक्रियता होगी, क्योंकि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, जरूर घोष्ठियां होंगी और उसमें किसानों को आमंत्रित किया गया होगा। विकसित भारत अब हमारा सपना नहीं, बल्कि हमारा लक्ष्य है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में अगर कोई कृष्ण-अर्जुन की भूमिका निभाएगा तो वह चौधरी चरण सिंह जी की सोच और गांव के किसानों

का पसीना होगा। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें चरण सिंह से जुड़े आयोजनों पर उनके द्वारा दिए गए भाषण संकलित किए गए हैं। गरीबों और किसानों के सच्चे हितैषी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और सेवाभाव हर किसी को प्रेरित करता रहेगा। चौधरी चरण सिंह का जन्म 1902 में उत्तर प्रदेश के हापुड़ में हुआ था। उनके जन्मदिन को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। वह जुलाई 1979 से जनवरी 1980 तक देश के प्रधानमंत्री थे। जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सिंह एक समाजवादी नेता थे, जिन्हें किसानों का जबरदस्त समर्थन था। वह अपने समय के दिग्गज नेताओं में से एक थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने इसी साल उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा था।

अज्ञात लोगों ने बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया

अहमदाबाद, 23 दिसंबर। अहमदाबाद में सोमवार की सुबह अज्ञात लोगों ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद इलाके के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि उसने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों का पता लगाया जा सके। पुलिस निरीक्षक एन.के. रबारी ने कहा, कुछ अज्ञात लोगों ने बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा के नाक और चश्मे को नुकसान पहुंचाया। यह प्रतिमा अहमदाबाद के खोखड़ा इलाके के श्री के.के. शास्त्री कॉलेज के सामने लगी हुई थी। उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह आठ बजे से पहले हुई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196 (धार्मिक, जातीय, स्थान आदि के आधार पर विभिन्न समहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने) और धारा 298 (किसी वर्ग के धर्म का अपमान करने के इरादे सेकिसी धार्मिक स्थल को अपवित्र करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। रबारी ने बताया कि घटना के बाद आक्रोशित लोग प्रतिमा के सामने एकत्र हुए और नारेबाजी करने लगे।

क्रिसमस बाजार हमले में घायल लोगों में 7 भारतीय भी, नागरिकों के संपर्क में दूतावास

एजेंसी

बर्लिन। जर्मनी के एक शहर मैगडेबर्ग में बेकाबू कार के हमले में घायल हुए लोगों में सात भारतीय नागरिक भी हैं। भारतीय नागरिकों को गंभीर चोटें नहीं आई हैं और प्राथमिक इलाज के बाद इन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। भारतीय दूतावास ने कहा है कि वो घायल हुए सभी लोगों के संपर्क में है। भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग में हुई इस हमले की निंदा की है। भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में हुए भयानक और संवेदनहीन हमले की निंदा करते हैं। कई बहुमूल्य जानें चली गईं और कई घायल हो गए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों के साथ हैं। बयान में कहा गया है कि उनका मिशन घायल भारतीयों और उनके परिवारों के संपर्क में है और हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है। बतादें कि जर्मनी की राजधानी बर्लिन से 150 किमी दूर एक शहर मैगडेबर्ग में शुक्रवार शाम क्रिसमस बाजार में एक बेकाबू कार ने लोगों को रौंदा था। इस घटना में दो लोगों की मौत हुई थी और 60 से ज्यादा घायल हुए थे। इस घटना के आरोपित सउदी अरब के निवासी तालेब ए. पेशे से एक डॉक्टर है और पिछले 18 साल से जर्मनी में रह रहा है। पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

विदेश सचिव ने मॉरीशस की समृद्धि के लिए भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की

पोर्ट लुईस। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मॉरीशस के नए प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम को उनकी चुनावी जीत पर बधाई थी और मॉरीशस की प्रगति और समृद्धि के लिए भारत की प्रतिबद्धता के बारे में अवगत कराया है। मिस्री ने मॉरीशस की तीन दिवसीय यात्रा की, जो द्वीपीय राष्ट्र में नई सरकार के गठन के बाद नई दिल्ली और पोर्ट लुईस (मॉरीशस की राजधानी) के बीच पहली उच्चस्तरीय वार्ता थी। विदेश सचिव ने राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल, प्रधानमंत्री रामगुलाम, उप प्रधानमंत्री पॉल बेरेंजर, विदेश मंत्री धनंजय रामफुल और मॉरीशस के कई नेताओं तथा अधिकारियों से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ अपनी बैठक में मिस्री ने उन्हें चुनाव में जीत के लिए बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें दोबारा भारत आने का निमंत्रण दिया। रामगुलाम के चार-दलीय गठबंधन ने पिछले महीने उस देश में हुए चुनावों में भारी जीत दर्ज की थी। विदेश मंत्रालय ने मिस्री की द्वीपीय देश की यात्रा के समापन पर कहा, ''दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की तथा विदेश सचिव ने दोनों देशों के बीच विशेष एवं घनिष्ठ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन मांगा।'

स्विट्जरलैंड यूक्रेन पर दूसरा सम्मेलन आयोजित करने की योजना नहीं बना रहा: विदेश मंत्री

कीव। स्विट्जरलैंड यूक्रेन पर दूसरा सम्मेलन आयोजित नहीं करने जा रहा है। स्विस विदेश मंत्रालय ने कहा कि बर्न फिलहाल युद्धविराम वार्ता की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्विस विदेश मंत्री इग्नाज़ियो कैसिस ने 16 दिसंबर को कहा कि स्विट्जरलैंड यूक्रेन पर दूसरा सम्मेलन आयोजित करने और इस प्रक्रिया में रूस को शामिल करने के लिए यूरोपीय संघ, अमेरिका, रूस और जी7 के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है।मंत्रालय ने रूसी अखबार 'इज़वेस्टिया' को बताया, स्विट्जरलैंड सभी इच्छुक पार्टियों के साथ संपर्क बनाए हुए है। स्विट्जरलैंड फिलहाल दूसरा शांति सम्मेलन आयोजित करने की योजना नहीं बना रहा है। मुख्य ध्यान अब युद्धविराम वार्ता की तैयारी पर है, जिसमें अमेरिकी चुनाव एक प्रमुख कारक है। इसके जवाब में बर्न में रूसी दूतावास ने प्रकाशन को बताया कि मॉस्को यूक्रेनी मुद्दों सहित स्विस प्रतिनिधियों के साथ रचनात्मक और सार्थक बातचीत के लिए खुला है । रूसी राजनयिकों के अनुसार इसका एक उल्लेखनीय उदाहरण रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और कैसिस के बीच हालिया संपर्क है, जो 18 दिसंबर को हुआ।

इनकार के बावजूद यूरोप यूक्रेन में संघर्ष हार गया: हंगरी के प्रधानमंत्री

कीव। हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन ने कहा कि इस वास्तविकता को नकारने के प्रयासों के बावजूद यूरोपीय संघ यूक्रेन में संघर्ष हार गया है। श्री ओर्बन ने 'एम वन' ब्रॉडकास्टर को बताया, एक नई वास्तविकता है, आंशिक रूप से सामने - हर कोई इसके बारे में सुन सकता है, यह छिपा नहीं है। रूस आगे बढ़ रहा है। धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है, यह आगे बढ़ रहा है यूरोपीय संघ यह युद्ध हार गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि विभिन्न संचार युक्तियों का उपयोग करने का भी प्रयास किया जा रहा है।

भारत-कुवैत के बीच रक्षा व खेल के क्षेत्रों में व्यापक सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी

कुवैत सिटी। भारत एवं कुवैत ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर बढ़ाने के फैसले के साथ ही रक्षा, संस्कृति व खेल के क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के समझौतों पर हस्ताक्षर किये तथा कुवैत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ (आईएसए) में शामिल होने का फैसला किया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद इन चार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की।विदेश मंत्रालय के अनुसार रक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और कुवैत के बीच समझौता ज्ञापन रक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को संस्थागत रूप देगा। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण, कर्मियों और विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, संयुक्त अभ्यास, रक्षा उद्योग में सहयोग, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति और अनुसंधान

और विकास में सहयोग शामिल हैं।

बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में भी कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि रक्षा भारत और कुवैत के बीच रणनीतिक साझीदारी का एक महत्वपूर्ण घटक है। दोनों पक्षों ने रक्षा के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने का स्वागत किया जो संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण, तटीय रक्षा, समुद्री सुरक्षा, संयुक्त विकास और रक्षा उपकरण उत्पादन सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए आवश्यक ढांचा प्रदान करेगा।दूसरे समझौते के तहत वर्ष 2025-2029 के लिए भारत और कुवैत के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) कला, संगीत, नृत्य, साहित्य और रंगमंच में अधिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सहयोग, संस्कृति के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास और त्योहारों के आयोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

तीसरा समझौता खेल के क्षेत्र में सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम (ईपी) वर्ष (2025-2028) के दौरान अनुभव साझा करने, खेल के क्षेत्र में कार्यक्रमों और परियोजनाओं में भागीदारी, खेल चिकित्सा, खेल प्रबंधन, खेल में विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के लिए खेल मीडिया, खेल विज्ञान, अन्य क्षेत्र की हस्तियों की यात्राओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर भारत और कुवैत के बीच खेल के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा। चौथे दस्तावेज में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में कुवैत की सदस्यता की पुष्टि की गई है जो आईएसए की सामूहिक रूप से सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ा कर सदस्य देशों को कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में चुनौतियों के समाधान में मददगार सिद्ध होगी।

नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने की संसद सदस्यता स्वत: निलंबित

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल के उप प्रधानमंत्री रवि लामिछाने की संसद सदस्यता निलंबित कर दी गई है। उनके खिलाफ सहकारी ठगी से लेकर संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अदालत में आरोप पत्र स्वीकार किए जाने के साथ ही संसद सदस्यता स्वतः निलंबित हो गई है।संघीय संसद सचिवालय के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि अदालत में आरोप पत्र दायर होने के साथ ही सांसद की सदस्यता निलंबित होने का प्रावधान है। संपत्ति शुद्धिकरण अधिनियम की धारा 27 के अनुसार किसी भी सांसद के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दायर होने के साथ ही संसद सदस्यता स्वतः ही निलंबित हो जाती है। उन्होंने बताया कि सरकारी वकील की तरफ से इस बात की लिखित जानकारी आने के साथ ही सूचना प्रकाशित कर दी जाएगी। पोखरा जिला अदालत में लामिछाने पर सहकारी धोखाधड़ी, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में रवि लामिछाने के खिलाफ दायर आरोप पत्र दाखिल किया गया था, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया है। लामिछाने की संसद सदस्यता उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज होने के कारण गई है।

नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने और उनकी पत्नी की संपत्ति होगी जब्त, सीआईबी ने अदालत में दी अर्जी

एजेंसी

काठमांडू। सहकारी बैंक घोटाला, ठगी, जालसाजी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पूर्व उप प्रधानमंत्री रवि लामिछाने और उनकी पत्नी निकिता पौडेल की संपत्ति जब्त करने के लिए अदालत में अर्जी दी गई है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने दलील दी है कि रवि लामिछाने सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ करीब 150 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है, इसलिए सभी आरोपितों और उनके परिवार वालों की संपत्ति जब्त की जाए। पोखरा जिला अदालत में पूर्व उपप्रधानमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ आरोप पत्र दायर करते हुए सीआईबी ने रवि और उनकी पत्नी निकिता की संपत्ति जब्त करने की अर्जी दी है। पुलिस ने पहले ही रवि लामिछाने के सभी बैंक अकाउंट और उनकी चल-अचल

संपत्ति पर रोक लगाई हुई है। अदालत में लामिछाने की पत्नी के बैंक अकाउंट में अस्वाभाविक ट्रांजैक्शन देखे जाने के कारण उनके बैंक अकाउंट को फ्रीज करने और चल-अचल संपत्ति पर रोक लगाने की मांग की गई है।

भारत व कुवैत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर ले जाने पर सहमति

एजेंसी

कुवैत सिटी। भारत एवं कुवैत ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर बढ़ाने के फैसले के साथ ही रक्षा, संस्कृति व खेल के क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के समझौतों पर हस्ताक्षर किये तथा कुवैत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठजोड़ (आईएसए) में शामिल होने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुवैत के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद इन चार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। बैठक में दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार रक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और कुवैत के बीच समझौता ज्ञापन रक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को संस्थागत रूप देगा। सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण, कर्मियों और विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, संयुक्त अभ्यास, रक्षा उद्योग में सहयोग, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति और अनुसंधान और विकास में सहयोग शामिल हैं।

बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में भी कहा गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि रक्षा भारत और कुवैत के बीच रणनीतिक साझीदारी का एक महत्वपूर्ण घटक है। दोनों पक्षों ने रक्षा के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने का स्वागत किया जो संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा कर्मियों के प्रशिक्षण, तटीय रक्षा, समुद्री सुरक्षा, संयुक्त विकास और रक्षा उपकरण उत्पादन सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए आवश्यक ढांचा प्रदान करेगा।दूसरे समझौते के तहत वर्ष 2025-2029 के लिए भारत और कुवैत के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) कला, संगीत, नृत्य, साहित्य और रंगमंच में अधिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में सहयोग, संस्कृति के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास और त्योहारों के आयोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी।तीसरा समझौता खेल के क्षेत्र में सहयोग के लिए कार्यकारी कार्यक्रम (ईपी) वर्ष (2025-2028) के दौरान अनुभव साझा करने, खेल के क्षेत्र में कार्यक्रमों और परियोजनाओं में भागीदारी, खेल चिकित्सा, खेल प्रबंधन, खेल में विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के लिए खेल मीडिया, खेल विज्ञान, अन्य क्षेत्र की हस्तियों की यात्राओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देकर भारत और कुवैत के बीच खेल के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा। चौथे दस्तावेज में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में कुवैत की सदस्यता की पुष्टि की गई है जो आईएसए की सामूहिक रूप से सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ा कर सदस्य देशों को कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में चुनौतियों के समाधान में मददगार सिद्ध होगी।

बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल आरिफ ढाका में सुपुर्द-ए-खाक

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल और अंतरिम सरकार के नागरिक उड्डयन और पर्यटन सलाहकार एएफ हसन आरिफ को आज सुबह 10:30 मीरपुर शहीद बुद्धिजीवियों के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनका गत दिवस इंतकाल हो गया था। उनके सम्मान में आज बांग्लादेश में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। समाचार पत्र के अनुसार, दिवंगत हसन आरिफ को उनके बेटे मुआज आरिफ और अन्य प्रमुख व्यक्तियों सहित परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में दफनाया गया। आरिफ ने 83 वर्ष की आयु में 20 दिसंबर को राजधानी ढाका के लैबैड अस्पताल में अंतिम सांस ली थी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एएफ हसन आरिफ का जन्म 1941 में कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपनी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री और एलएलबी की

उपाधि प्राप्त की। 1967 में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक वकील के रूप में नामांकन कराने के बाद वह पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) चले गए। उन्होंने 1970 में ढाका हाई कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। हसन आरिफ सैन्य तानाशाह एचएम इरशाद के शासन के समय अप्रैल 1982 से अगस्त 1985 तक सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में और अगस्त 1985 से मार्च 1996 तक डिप्टी अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने अक्टूबर से बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी गठबंधन सरकार के दौरान अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया। जनवरी 2008 से जनवरी 2009 तक उन्होंने फखरुद्दीन अहमद के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार के कानूनी सलाहकार के रूप में कार्य किया। पूर्व अटॉर्नी जनरल ने कई मामलों में मोहम्मद यूनुस का प्रतिनिधित्व किया।

नेपाल-चीन के बीच प्रस्तावित रेलमार्ग पर हलचल तेज

एजेंसी

काठमांडू। नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हालिया हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के मध्य रेलमार्ग निर्माण पर हलचल तेज हो गई है। इस समझौते में चीन की सीमा करूंग से काठमांडू को जोड़ने के लिए रेलमार्ग निर्माण की परियोजना को शामिल किया गया है।दोनों देशों के विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े उच्चस्तरीय कर्मचारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा में रेलवे परियोजना की प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के दौरान आने वाली समस्याओं और समाधानों की तलाश की गई। नेपाल परिवहन मंत्रालय के सचिव केशव कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम चीन के शंघाई पहुंची है। शर्मा के साथ इस टीम में परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, कानून मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव शामिल हैं।शंघाई में शुक्रवार से शुरू हुई बैठक रविवार तक चली। चीन की टीम ने बताया कि काठमांडू-केरुंग रेलवे का निर्माण चुनौतीपूर्ण है। इस बैठक में काठमांडू करूंग रेलमार्ग के प्री फिजीबिलिटी अध्ययन में शामिल चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी चाइना रेलवे फर्स्ट सर्वे एंड डिज़ाइन इंस्टीट्यूट के तकनीशियनों ने भी

बैठक में हिस्सा लिया।बैठक में सहभागी परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी ने कहा कि इस पूरे रेलमार्ग पर 98 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ी होने के कारण निर्माण लागत काफी महंगी होने वाली है। बैठक में चीनी पक्ष ने बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण करीब 95 फीसदी मार्ग में सिर्फ सुरंगों और पुलों का ही निर्माण होगा।अध्ययन के हिस्से के रूप में वर्तमान में काठमांडू, नुवाकोट और रसुवा में मिट्टी का परीक्षण किया जा रहा है। रेलवे लाइन के संभावित स्थान पर ड्रिलिंग कर भूमिगत मिट्टी निकालने का अध्ययन किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद सभी विषय आ जाएंगे। ड्रिल करने में अभी और समय लगेगा।नेपाल ने चीनी अधिकारियों को सूचित कर दिया है कि अध्ययन के लिए आवश्यक प्रशासनिक सहायता प्रदान की जाएगी।

ब्रिटेन में चल रहीं 85 शरिया अदालतें, धर्मनिरपेक्ष संगठनों ने जताई चिंता, कहा- देश में एक कानून होना चाहिए

एजेंसी

लंदन। ब्रिटेन में इस वक्त 85 शरिया अदालतें चल रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ब्रिटेन, पश्चिम की इस्लामिक राजधानी बनकर उभर रहा है। इन शरिया अदालतों का ब्रिटेन में रहने वाले मुस्लिम समुदाय पर खासा प्रभाव है। ये शरिया अदालतें शादी, तलाक और पारिवारिक मामलों पर अपने फैसले देती हैं। नेशनल सेक्युलर सोसाइटी ने न्याय व्यवस्था के समानांतर एक और धार्मिक न्याय व्यवस्था के खड़ा होने पर चिंता जताई है।

1982 में ब्रिटेन में हुई थी शरिया अदालतों की शुरुआत

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन में पहली बार साल 1982 में शरिया अदालत की शुरुआत हुई थी और आज इनकी संख्या बढ़कर 85 हो गई है। गौरतलब है कि ब्रिटेन में निकाह मुताह या आनंद के लिए शादी

का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। निकाह मुताह के अंतर्गत तीन दिन से लेकर एक साल तक के लिए अस्थायी शादी चलती है। इसे घोर महिला विरोधी प्रथा माना जाता है।

शरिया अदालतों में इस्लामिक स्कॉलर्स का पैनल होता है, जिनमें अधिकतर पुरुष होते हैं। ये एक अनौपचारिक निकाय है, जो धार्मिक मामलों और निकाह, तलाक और खुला के मामलों में अपने फैसले देते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्रिटेन में एक लाख शादियां नागरिक अधिकारियों के पास पंजीकृत नहीं हैं। माना जाता है कि ये शादिया शरिया अदालतों में हुई हैं।

नेशनल सेक्युलर सोसाइटी नामक एक संगठन ने ब्रिटेन में सामान्य न्याय व्यवस्था के साथ ही एक गैर औपचारिक न्याय व्यवस्था के काम करने पर चिंता जाहिर की और कहा है कि इसका भविष्य में गंभीर असर पड़ेगा। सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी स्टीफन इवांस ने चेतावनी देते हुए कहा है कि शरिया अदालतें सभी के लिए एक कानून के सिद्धांत को कमजोर करती हैं और महिलाओं, बच्चों के अधिकारों पर विपरीत असर डालती हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन में हाल के वर्षों में तेजी से मुस्लिम जनसंख्या बढ़ी है।

10 यात्रियों को ले जा रहा विमान दुर्घटनाग्रस्त

एजेंसी

ब्रासीलिया। दक्षिणी ब्राजील के पर्यटक शहर ग्रैमाडो में 10 यात्रियों को ले जा रहा एक छोटा विमान दुकानों से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नागरिक और रक्षा अधिकारियों ने सभी यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है।

रियो ग्रांडे डो सुल राज्य के सार्वजनिक सुरक्षा कार्यालय के अनुसार,विमान कथित तौर पर पहले एक इमारत की चिमनी से टकराया फिर एक घर की दूसरी मंजिल को तोड़ते हुए एक फर्नीचर की दुकान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद विमान का मलबा पास के एक सराय तक भी पहुंचा। इलाके के अधिकारियों ने बताया कि इस दुर्घटना में अब तक 15 लोगों को शहर के अस्पताल में ले जाया गया है। इनमें ज्यादातर लोग दुर्घटना के बाद लगी आग और उसके

धुएं में दम घुटने से पीड़ित थे। वहीं शहर के गवर्नर एडुआर्डो लेइट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दुर्भाग्य से, शुरुआती रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि विमान में सवार लोग जीवित नहीं बचे। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है।

लाहौर में हाउसिंग कॉलोनी के सशस्त्र गार्ड ने पालतू शेर को मार डालो

एजेंसी

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में एक प्राइवेट हाउसिंग सोसाइटी के सशस्त्र सुरक्षा गार्ड ने एक शेर को मार डाला। पुलिस और वन्यजीव अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह पालतू शेर सड़क पर कैसे पहुंचा।

कौमी पत्रिका

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

न्यूयॉर्क में युवक ने ट्रेन की बोगी में महिला को जिंदा जलाया; जब तक जान नहीं गई तब तक देखता रहा, गिरफ्तार

एजेंसी

ढाका। न्यूयॉर्क में एक युवक ने ट्रेन की बोगी महिला को जिंदा जला दिया। महिला जब तक मर नहीं गई, तब तक आरोपी उसे खड़ा देखता रहा। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग की आयुक्त जेसिका टिश ने इसे सबसे घृणित अपराध माना। पुलिस ने बताया कि ब्रुकलिन के स्टिलवेल एवेन्यू में एफ ट्रेन में युवक और पीड़िता सवार हुए। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी तो युवक महिला के पास गया और लाइटर से उसके कपड़ों में आग लगा दी। इसके कुछ ही सेकेंड में महिला जलने लगी। जब तक वह मर नहीं गई आरोपी उसे खड़ा देखता रहा। स्टेशन की ऊपरी मंजिल पर गश्त कर रहे अधिकारियों ने धुआं उठता देखा तो वे मौके पर पहुंचे। यहां पर एक

युवक ट्रेन के डिब्बे में खड़ा था। वहीं महिला आग की लपटों में घिरी हुई थी। अधिकारियों ने तत्काल अग्निशमन यंत्र का उपयोग करके आग बुझाई। मगर तब तक महिला पूरी तरह से जल चुकी थी और उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक एक संदिग्ध घटनास्थल पर मिला। वह ट्रेन के बाहर प्लेटफार्म की एक बेंच पर बैठा था। इसके बाद पुलिस ने बॉडी वार्न कैमरों की मदद से संदिग्ध के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। पुलिस आयुक्त ने बताया कि जब आरोपी की तस्वीरें वायरल हुई तो तीन लोगों ने पुलिस को फोन करके बताया कि वे आरोपी को पहचानते हैं। इसके बाद पुलिस ने एक दूसरी ट्रेन से युवक को पकड़ा और उसकी जेब से लाइटर बरामद हुआ। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने संदिग्ध के बारे में पुलिस को जानकारी देने वाले लोगों की प्रशंसा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऐसे घृणित व्यवहार का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है। हम हिंसक अपराधों के सभी पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मेरी प्रार्थना पीड़ित परिवार के साथ है।

अरविंद केजरीवाल ने लगभग 10 लाख रोहिंग्या मुसलमानों का वोट बनवाया, लोकतंत्र के लिए खतरा साबित हो रहे रोहिंग्या मुसलमान: रामदास मलिक

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में 10 लाख रोहिंग्या मुसलमान रहने का अनुमान लगाया जाता है, अब इस पर राजनीति गरमा चुकी है भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह-संयोजक रामदास मलिक ने इस मामले पर तीखी प्रक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी एक साजिश के तहत

10 लाख रोहिंग्या मुसलमानों को दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्र में बसाया है और उनका आधार कार्ड, वोटर आईडी और सरकार से जुड़े अन्य दस्तावेज भी बनाने का काम किया है मलिक ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रोहिंग्या मुसलमान दिल्ली विधानसभा चुनाव को भी प्रभावित करेंगे, इसके साथ ही रोहंगिया मुसलमान देश की आंतरिक सुरक्षा को भी नुकसान पहुंच रहे हैं। रामदास मलिक ने कहा कि दिल्ली विधानसभा को भंग करके राष्टपति शासन लगाया जाए और उसके बाद रोहिंग्या मुसलमान का वोट काटकर नया वोटर लिस्ट तैयार की जाए, उसके बाद चुनाव करने की प्रक्रिया शुरू हो, रामदास मलिक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल देश हित को ताख पर रखकर राजनीति कर रहे हैं। रोहिंग्या मुसलमान दिल्ली में हिंदू घरों में चोरी, डकैती, स्नैचिंग जैसे गंभीर अपराध में भी शामिल हैं। जिन पर शिकंजा का सामान बेहद जरूरी हो गया है। मलिक ने रोहिंग्या मुसलमान को देश से बाहर करने की भी मांग की है। मलिक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के सह पर दिल्ली में 10 लाख रह रहे रोहिंग्या मुसलमानों का वोट कटवाने की जरूरत है और रोहिंग्या मुसलमान दिल्ली के अलावा एनसीआर में भी बड़े-बड़े वारदात को अंजाम दे रहे हैं दिन में यह कूड़ा उठाने का काम करते हैं रात में अपराध करते हैं। मलिक ने कहा कि हमें देश के मुसलमान से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन विदेशी रोहिंग्या मुसलमान जो भारत के नागरिक नहीं है उनसे आपत्ति है रोहिंग्या मुसलमान लोकतंत्र के लिए भी खतरा है।

ओम आर्टस ग्रुप द्वारा 2024 की विदाई के उपलक्ष्य में दिल्ली कला श्री आवर्ड समारोह का आयोजन

दिल्ली। ओम आर्टस ग्रुप द्वारा 2024 की विदाई के उपलक्ष्य में दिल्ली कला श्री आवर्ड समारोह का आयोजन ए.बी.पी. स्टुडियों शास्त्री नगर में किया गया समारोह में दिल्ली सरकार की विधायक, तिहाड जेल के जेलर श्री राजेश जी यू.पी.एस.सी. के ज्वाईन्ट डायरेक्टर आर. सिंह जी अतिथि के रूप में शामिल हुये। ओम आर्टस ग्रुप के चेयरमैने एवं राजीव गाँधी पुरस्कार द्वारा सम्मान्ति ओम प्रकाश पहलवान जी ने अपने हाथों से सभी कलाकारों समाज सेवी एवं खिलाड़ियों को प्ररशंसा पत्र एवं दिल्ली कला श्री अवार्ड देकर सम्मानित किया। समारोह में 1000 की संख्या में लोग

उपस्थित थे। फिल्मी गायक श्रीमति गीताजली (मुम्बई) तरणजीत कौर, हरीश सर्राफ, हेमाराज, राजबाला, निक्की जी, मन्जु जी, टी.सी. चौहान जी, मुकेश अन्ना जी, पत्रकार कमल जी, श्रीमति अन्नु जी (मुम्बई) को ओम प्रकाश पहलवान जी ने अपने हाथों से कला श्री अवार्ड देकर सम्मानित किया। समारोह में आये हुए सभी अतिथियों को कश्मीरी साल एवं फुल मालाओं से उनका सम्मान किया।

श्री सनातन धर्म प्रचार समिति अग्रवाल सभा दिल्ली द्वारा आयोजित होगा श्रीराम कथा

नई दिल्ली। श्री सनातन धर्म प्रचार समिति अग्रवाल सभा कैलाश नगर द्वारा श्री राम कथा पाठ का आयोजन 20 दिसंबर से लेकर 29 दिसंबर तक चलेगा। इस पर कथावाचक आचार्य महामाया प्रसाद शास्त्री जी द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कथा सुनाई जाएगी। संस्था के संरक्षक नारायण अग्रवाल घी वाले ने बताया कि कथा में 1000 महिलाएं कलश लेकर यात्रा का शुभारंभ करेंगी। इस मौके पर प्रधान अरुण गुप्ता पप्पू भाई समाजसेवी ने बताया कि कथा में उत्तराखंड से आए हुए विद्वान पंडित आचार्य महामाया के द्वारा यह कथा 9 दिन तक चलेगी। इस कथा में हजारों की संख्या में लोग मौजूद होंगे और कथा का आनंद प्राप्त करेंगे। इस बार कथा में पिछले वर्ष के मुताबिक ज्यादा संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं कथा में अधिक भी ? होने के कारण पुलिस प्रशासन का भी विशेष सहयोग मिल रहा है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए भी विशेष इंतजाम संस्था द्वारा किए गए हैं। कथा स्थल पर भी ? को देखते हुए कई एलइडी टीवी भी लगाई गई हैं ताकि कथावाचक को टीवी के माध्यम से भी भक्त सुन सकेंगे। इस अवसर पर संरक्षक नारायण अग्रवाल घी वाले, प्रधान अरुण गुप्ता पप्पू भाई, रोहित जैन, राहुल गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, दिनेश मित्तल, पुनीत जैन, अशोक अग्रवाल राधा होजरी वाले, महेंद्र अग्रवाल, पुनीत जैन आदि लोग कथा में व्यवस्थापक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कृषि और ग्रामीण विकास के बिना विकसित राष्ट्र संभव नहीं: धनखड़

एजेंसी

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ग्रामीण भारत और कृषि विकास के बिना विकसित राष्ट्र का स्वप्न पूरा करना संभव नहीं है। श्री धनखड़ ने उप राष्ट्रपति भवन में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। जब तक कृषि का विकास नहीं होगा, ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदल सकता और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलेगा, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं रख सकते। देश की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समय भारत पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह, हमारी अर्थव्यवस्था फल-

फूल रही है। हम वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े देश हैं और जापान और जर्मनी से आगे निकलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं लेकिन वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के लिए हमारी आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए जो एक बड़ी चुनौती है। श्री धनखड़ ने गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गांव की अर्थव्यवस्था तभी बेहतर हो सकती है, जब किसान और उनका परिवार विपणन, मूल्य संवर्धन और हर जगह उद्योग संकुल बनाने में शामिल हो, जिससे आत्मनिर्भरता आए। हमारे पास सबसे बड़ा कृषि उपज बाजार है, फिर भी कृषक समुदाय इससे शायद ही जुड़े हों। कृषि क्षेत्र को सरकारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि यह आर्थिक विकास का इंजन बन सके।

उपराष्ट्रपति ने लोकतंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति और संवाद लोकतंत्र को परिभाषित करते हैं। एक राष्ट्र कितना लोकतांत्रिक है, यह उसके व्यक्तियों और संगठनों की अभिव्यक्ति की स्थिति से परिभाषित होता है।

केंद्रीय खेल मंत्री ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल को हरी झंडी दिखाई

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने सुबह मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' पहल को हरी झंडी दिखाई।इस कार्यक्रम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), भारतीय खेल प्राधिकरण के कैंपर्स और आईजी स्टेडियम के युवा जिमनास्ट, वरिष्ठ अधिकारी और राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न साइकिलिंग क्लबों के पांच सौ से अधिक राइडर्स मौजूद थे। हरी झंडी दिखाने वाले समारोह में पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार शैंकी सिंह भी मौजूद थे, जिन्हें पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन जिंदर महल की टैग टीम का हिस्सा होने के लिए सम्मानित किया गया। इस बीच, पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता

टेबल टेनिस खिलाड़ी मौमा दास ने भारतीय खेल प्राधिकरण राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) कोलकाता में संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाई।

मोदी को मिला कुवैत का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान

एजेंसी

नयी दिल्ली/ कुवैत सिटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने यहां कुवैत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से सम्मानित किया। इस अवसर पर कुवैत के शाहज़ादा एवं प्रधानमंत्री शेख अहमद अल-अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा भी उपस्थित थे। श्री मोदी ने यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती, कुवैत में भारतीय समुदाय और भारत के 1.4 अरब लोगों को समर्पित किया। करीब 43 वर्षों के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की कुवैत की इस ऐतिहासिक यात्रा पर यह सम्मान प्रदान किए जाने से इस अवसर का विशेष अर्थ जुड़ गया है। यह सम्मान 1974 में शुरू किया गया था और तब से इसे इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे चुनिंदा वैश्विक नेताओं को प्रदान किया गया है।

दिल्ली के लोगों को 26 जनवरी में भाग लेने से क्यों रोका जाता है : केजरीवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से सवाल किया है कि दिल्ली के लोगों को 26 जनवरी में भाग लेने से क्यों रोका जाता है। 26 जनवरी की परेड में दिल्ली की झांकी न होने के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने यह बात कही है। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी की परेड में हर साल अलग-अलग राज्यों की झांकियां दिल्ली में कर्तव्य पथ पर निकल जाती हैं। दिल्ली की झांकी शामिल न होने के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली तो देश की राजधानी है, दिल्ली के लोगों से इनको इतनी नफरत क्यों है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली तो देश की राजधानी है, ऐसे में राजधानी दिल्ली की झांकी तो हर वर्ष 26 जनवरी की परेड में शामिल होनी चाहिए।केजरीवाल ने कहा कि पिछले कितने वर्षों से दिल्ली की झांकी 26 जनवरी की परेड में शामिल नहीं हुई है। जबकि राजधानी की झांकी तो हर साल शामिल होनी चाहिए। उन्होंने प्रश्न करते

हुए कहा कि आखिर यह किस किस्म की राजनीति है। आम आदमी पार्टी के मुखिया ने कहा कि इन लोगों को दिल्ली से और दिल्ली के लोगों से इतनी नफरत क्यों है। केजरीवाल ने कहा कि ऐसी स्थिति में आखिर दिल्ली वाले इन लोगों को वोट क्यों दें।आम आदमी पार्टी के मुखिया ने कहा कि अभी भी ये लोग दिल्ली में जो पूरा का पूरा चुनाव लड़ रहे हैं, इस पूरे चुनाव में उनके पास कोई नेरेटिव नहीं है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि दिल्ली के लोगों के लिए इनके पास कोई प्लानिंग नहीं है। दिल्ली वासियों के लिए इनके पास कोई विजन या कोई प्रोग्राम नहीं है। इनके पास केवल एक ही चीज है कि आम आदमी पार्टी को सुबह से शाम तक गालियां देना, केजरीवाल को गालियां देना। इससे दिल्ली के लोगों का क्या भला होगा।

केजरीवाल ने कहा, मैं दिल्ली के उपराज्यपाल का तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, उन्होंने जो-जो कमियां निकाली है उन सभी कमियों को हम दूर करेंगे। मुझे याद है वह नागलोई-मुंडका रोड पर गए थे। वहां पर उन्होंने बताया था कि सड़क पर गड्ढे हैं। हम वहां सड़क बनवा रहे हैं और कुछ दिन बाद मुख्यमंत्री आतिशी उस सड़क का उद्घाटन करेंगी। उपराज्यपाल ने भी कुछ ऐसी समस्याएं बताई हैं। हम वहां उनके द्वारा बताई गई समस्याओं को हल करते हुए सफाई करवाएंगे। उपराज्यपाल हमें हमारी ऐसी सभी कमियां बताएं, हम वे सारी कमियां दूर करेंगे।

नागरिक कर्मियों के सम्मान में नौसेना का 30 दिसंबर को होगा यादगार कार्यक्रम

एजेंसी

नई दिल्ली। । भारतीय नौसेना परिचालन तैयारियों में नागरिक कर्मियों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करने के लिए 30 दिसंबर को एक यादगार कार्यक्रम करने जा रही है। यह कार्यक्रम डीआरडीओ भवन के डॉ. डीएस कोठारी ऑडिटोरियम में होगा, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा और परिचालन में अपने नागरिक कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

दरअसल, असैन्य कार्मिक भारतीय नौसेना के कुल कार्यबल का लगभग एक तिहाई हिस्सा हैं, जो नौसेना के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यह असैन्य कर्मी नौसेना के कमान मुख्यालय, डॉकयार्ड, सामग्री संगठन, नौसेना आयुध डिपो, नौसेना आयुध निरीक्षणालय, प्रशिक्षण प्रतिष्ठान और कई अन्य प्रकार की सहायता इकाइयों में कार्य करते हैं।? इसलिए संगठनात्मक दक्षता बढ़ाने के लिए परिकल्पना की गयी कि उनके

प्रशासन, प्रशिक्षण और कल्याण आदि को बढ़ावा दिया जाए, ताकि वे भारतीय नौसेना को युद्ध के लिए हमेशा तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए सक्षम बल बने रहने में प्रभावी ढंग से योगदान दें सकें। भारतीय नौसेना ने पिछले साल फरवरी में अपने नागरिक कर्मियों की प्रशासन और कल्याण में दक्षता बढ़ाने के लिए 2024 को नौसेना नागरिकों का वर्ष घोषित किया था। इसलिए मौजूदा वर्ष में मानव संसाधन प्रबंधन में सुधार लाने और समयबद्ध तरीके से नागरिक कर्मियों के पेशेवर और व्यक्तिगत विकास के उद्देश्य से कई उपाय किए गए। पूरे वर्ष के दौरान प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने, डिजिटल परिवर्तन अपनाने, अभिनव प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने और कल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों को लागू किया गया। इनमें लंगरगाह, समुद्र में जहाजों पर काम करने वाले नागरिक कर्मियों के लिए बीमा कवर का प्रावधान और मुंबई में 21 औद्योगिक इकाइयों तक सीजीएचएस सुविधाओं का विस्तार शामिल है।

एलियन पर वैदिक विज्ञान व प्राचीन ज्ञान पर होगा सार्वभौमिक सम्मेलन

एजेंसी

नई दिल्ली/गुवाहाटी। स्वामी विवेकानंद और निकोला टेस्ला इंटरनेशनल फाउंडेशन (एसवीएनटीआईएफ) अगले 15 मार्च को नई दिल्ली में यूएफओ और एलियंस पर सार्वभौमिक सम्मेलन आयोजित करेगा। इस सम्मेलन में अभूतपूर्व आयोजन वैदिक विज्ञान, ब्रह्मांडीय ऊर्जा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ यूएफओ और एलियन घटनाओं के प्रतिच्छेदन पर गहन चर्चा होगी। जिससे प्राचीन ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति के बीच एक अद्वितीय संवाद को बढ़ावा मिलेगा।

उक्त जानकारी एसवीएनटीआईएफ के अध्यक्ष मानस डेका ने दी है। उन्होंने बताया कि यूएफओ और एलियंस पर सार्वभौमिक सम्मेलन 15 मार्च, 2025 को नई दिल्ली में होगा। इस सम्मेलन में इसरो, नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए), जापानी, इतालवी और रूसी अंतरिक्ष एजेंसियां, अंतरिक्ष निर्माण सलाहकार परिषद, अंतरराष्ट्रीय यूएफओ कांग्रेस, यूरोपीय यूएफओ कांग्रेस, स्पेसएक्स, संभावित संबंधों की जांच पर संवाद होंगे। जिनका उद्देश्य बहुविषयक दृष्टिकोण के माध्यम से अस्पष्टीकृत वाई घटनाओं की हमारी समझ को हरा करना है। यह ब्रह्मांडीय रहस्यों

चुनाव नियमों में संशोधन निष्पक्ष चुनाव के लिए खतरा: मुख्यमंत्री स्टालिन

चेन्नई, 23 दिसंबर। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा-नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में एक खतरनाक संशोधन किया है, जो लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन के माध्यम से सरकार चुनावों में पारदर्शिता को खत्म करने की कोशिश कर रही है और उन्होंने सभी राजनीतिक पार्टियों से अपील की कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों पर हमले का विरोध करें। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के बाद, जिसमें चुनाव बूथ का सीसीटीवी फुटेज देने को कहा गया था, केंद्र सरकार ने चुनाव दस्तावेजों और सीसीटीवी फुटेज की सार्वजनिक जांच को रोकने के लिए यह संशोधन किया। इससे संविधान की बुनियादी विशेषताओं में से एक को नष्ट कर दिया गया है। सीएम स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, चुनाव नियमों की धारा 93(2)(ए) में लापरवाही भरा संशोधन करके भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत लोकतंत्र सबसे बड़े खतरे का सामना कर रहा है, जिससे चुनाव में पारदर्शिता खत्म हो गई है। इसके अलावा, उन्होंने महाराष्ट्र में हाल के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर भी चिंता जताई और कहा कि भाजपा को डर है कि इसके परिणामों पर सवाल उठ सकते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के दबाव में आकर अपनी स्वतंत्रता को खो दिया है।

PUBLIC NOTICE

I, hitherto known as RAJU CHAUHAN ALIAS FAKEER CHAND CHAUHAN S/O MAHIPAL SINGH R/O H-57, Khasra No- 354, Krishna Kunj II Nandgram, Behind Baba Bhawan, Block-A, Noornagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201003 have changed my name and shall hereafter be known as RAJU CHAUHAN.

NAME CHANGE

I, hitherto Known as HARVINDER SINGH HANSPAL alias HARVINDER SINGH S/o GIAN SINGH HANSPAL residing at 331, 2nd Floor, Near Hari Mandir Chand Nagar, Street No. 5, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi -110018 have changed my name and shall hereafter be known as HARVINDER SINGH HANSPAL.

NAME CHANGE

I hitherto known as Sheikh Zuhaib, S/o Zubaid Ahmad R/O 404, GH-13, Paschim Vihar, West Delhi, Delhi, 110087 have changed my name and not my religion, and shall hereafter be known as Zuhaib Batra.

NAME CHANGE

I, hitherto known as ISHA D/o BABURAM SHAHI residing at C-3/249, Gali No. 17, Near RD Public School, Nangli Vihar, Extn. Bapraula, West Delhi, Delhi - 110043 have changed my name and shall hereafter be known as ISHA SHAHI.

NAME CHANGE

I, RANJANA is legally spouse of No. 2801810H Rank-Hav Name-GAWADE KISHOR MAHADEV Ro VILL-AMBOLI, POST- AMBOLI, TEH-SAWANTWADI, DIST- SIND-HUDURG, PIN-416510, have changed my name from RANJANA to RANJANA KISHOR GAWADE for all future purposes. Vide affidavit dated 28.11.2024. before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I, Neeraj kumar S/O Ved Prakash Sharma R/O C-363/B, S/F, Old No. C-263,Kh. No -358 ,Gali No-16, Bhajanpura, VTC: Garhi Mendu, Pao: Bhajan Pura, Sub District: Seelam Pur, District: North East, Delh-110053, have changed my name and shall hereafter be known as Neerja Kumar Sharma

NAME CHANGE

I,Manju alias Manju Sehgal W/O Praveen Kumar R/O House No. A1-116/B, Durgapuri, Vijay Enclave Palam Village South West Delhi, Delhi -110045,have change my name to Manju Sehgal Manju and Manju Sehgal same and one person.and Parveen Kumar and Praveen Kumar Seghal same and one person

NAME CHANGE

I hitherto known as RAVI KUMAR SHAH S/O KISHORI SHAH R/O PLOT NO-14A, KHASRA NO-160, SAMTA VIHAR, MUKANDPUR, LIBAS PUR, NORTFH WEST DELHI-110042 have changed my name and shall hereafter be known as KARI SHAH.

NAME CHANGE

I, JATINDER NISCHAL S/O PARVIN-DER KUMAR R/O L-149/150, L-BLOCK, RAGHUBIR NAGAR, RAJO-RAI GARDEN, WEST DELHI, DELHI-110027, have changed the name of my minor daughter RISHIMA NISCHAL aged 15 years and she shall hereafter be known as RIDHIMA NISCHAL.

NAME CHANGE

I SHUBHAM MOURYA S/O RAM SHARAN MAURYA R/O H.NO-592, GALI NO-2, SURYA VIHAR PART-2, SEHATPUR SECTOR-91, FARIDABAD, HARYANA-121013 HAVE CHANGE MY NAME TO SHUBHAM KUMAR MAURYA FOR ALL PURPOSE.

NAME CHANGE

I, Rajeshhvariben spouse of NO-4580790M, Rank-HAV, Solanki Suresh Kumar Parvat Sinh resident of 3-120, Juna Shedha, Amodara, Arvalli, Gujarat- 383330 have changed my name from Rajeshhvariben to Solanki Rajeshhvariben SureshKumar vide affidavit IN-DL05693133689078W dated 19.12.2024, Notary Public, Delhi

NAME CHANGE

I, AYUSHI PAL VARSHNEY W/O LAVNEESH VARSHNEY R/O A-23, GAIL APARTMENTS, B9/1, SECTOR-62, NOIDA, NOIDA GAUTAM BUDHA NAGAR, UTTAR PRADESH - 201301, I have changed my name from AYUSHI VARSHNEY TO AYUSHI PAL VARSHNEY for all future purpose

NAME CHANGE

I, Naveen W/o-Rajesh kumar R/o House No .61,Gaon kiloi khas(60), Rohtak Haryana -124401 have changed my name from Naveen to Naveen Kumari for all future purposes.

NAME CHANGE

I, SURAJ PRAKASH S/O TILAK SINGH R/O 26/387, BLOCK-26, TRILOK PURI EAST DELHI 110091, have changed my name from SURAJ TO SURAJ PRAKASH for all future purpose.

NAME CHANGE

I, Kamlesh Soni father of NO-4583158A Rank-L/NK Name Golu Soni resident of 607, Main Road, Agan Wadi Chok, Khamkhera, (Baijnath) Sehore, Madhya Pradesh – 466116 have changed my name from Kamlesh Soni to Kamlesh Kumar vide affidavit no. IN-DL03176995053812-W dated 16.12.2024, Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

I, Pavitra Soni Mother of NO-4583158A Rank-L/NK Name Golu Soni resident of 607, Main Road, Agan Wadi Chok, Khamkhera, (Baijnath) Sehore, Madhya Pradesh – 466116 have changed my name from Pavitra Soni to Pavitra Bai Soni vide affidavit no. IN-DL03177892740287W dated 16.12.2024, Notary Public, Delhi.

NAME CHANGE

It is for general information that I MUSKAN D/O SATYA NARAYAN R/O E-848, T-Huts, Shahbad Dairy, Sahibabad Daulat Pur, North West Delhi, Delhi-110042 declare that name of my father has been wrongly written as SAT NARAYAN in my 10th 12th class educational documents. The actual name of my father is SATYA NARAYAN which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, hitherto known as RAVI S/o SATVIR R/o H.No. - 4412/D, Street No. - 7, Ajit Nagar, Dharampura, Gandhi Nagar, East Dlehi, Delhi-110031 have changed my name and shall hereafter be known as VIKAS.

NAME CHANGE

It is for general information that I, TEG SINGH S/o NANDAN SINGH Residing at RC - 704, Vandana Enclave, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201001, declared that the name of mine has been wrongly written as TEG SINGH MANRAL in my minor son namely ARNAV MANRAL aged 15 years in his School Records. The actual name of mine is TEG SINGH, which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

It is for general information that I, SIMMI DEVI W/o CHANDRA MOHAN R/o E-71, E Block West Vinod Nagar, Mandawali Fazalpur, PO Shakarpur, Dist East Delhi-110092 declare that name of mine and my minor son have been wrongly written as SIMMI and SHIVAM PRAJAPATI in my minor son namely SHIVAM aged 9 year in his school record. The actual name of mine and my minor son are SIMMI DEVI and SHIVAM respectively which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, Suresh Gaba S/o Khilnda Ram R/o H.No-368, Sector, Faridabad, Haryana-121002 Have Changed My Name To Suresh Kumar Gaba For All Future Purpose.

NAME CHANGE

I hitherto known as MUNTIYAZ AHMAD ANSARI alias MUMTAJ S/O IRSHAD AHMAD R/O G-6/8 Third Floor, G-Block, Gali No-8, Sangam Vihar, Hamdard Nagar, South Delhi, Delhi-110062, have changed my name and shall hereafter be known as MUNTIYAZ AHMAD ANSARI.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, Ranveer Saluja S/O Ajinder Pal Singh R/O - Plot No-05, Pahanpur, Extaton , I BH, KH. No. 1611,Pole No. 657,Bagdola , South West Delhi, Bagdola PO: Raj Nagar - II Dist: South West Delhi, Delhi -110077, declare that name of my father has been wrongly written as Ajindra Singh in my all educational documents, the actual name of my father is Ajinder Pal Singh

PUBLIC NOTICE

Be it known to general public at large that my client SH. Pramod kumar s/o Munna lal R/o H. No. A-39/2 gali no 2 Harijan Basti Meetha Pur Extenion, Badarpur, Jaitpur, South, Delhi 110044 have severed all their relations and disowned their son Kunal is Resided at H. No. A-39/2 gali no 2 Harijan Basti Meethapur Extention Badarpur, South Delhi, 110044 Delhi from their all movable and immovable properties since he is not in the saying/control of my client. My client shall not be responsible to any person for any kind of claim or liability whatsoever arisen while dealing with him or due to his act.

SATISH SHARMA Advocate
Chamber No.-606, Saket District Courts, New Delhi-110017,

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, Sheikh Nazm ul Hussain S/O Sekh Nasiruddin R/O W- 155/668 T- Huts, Rakhi Market, Zakhira, Zakhira, PO: Ramesh Nagar, DIST: West Delhi, Delhi- 110015, declare that name of mine and my mother and father has been wrongly written as Shekhnajmul Hussain, Najma Begum and Nasir Mohamed in my 10th and 12th class educational documents, the actual name of mine and my mother and father are Sheikh Nazm Ul Hussain, Nazma Begum and Sekh Nasiruddin

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक गुप्ता जो फ्लैट नं. 202, रु.स्र. सेकंड फ्लोर, जिसका क्षेत्रफल 31 वर्ग मीटर, ब्लॉक C, सेक्टर ओमिक्रॉन-1, ग्रेटर नोएडा में स्थित है को श्री उमेश चौहान से खरीदने का इरादा रखते हैं। श्री उमेश चौहान ने यह संपत्ति 04.10.2012 को श्रीमती उमा चौहान से हस्तांतरण पत्र के माध्यम से प्राप्त की थी। कृपया ध्यान दें कि दस्तावेजों की श्रृंखला, जिसमें मूल लीज डीड (Lease Deed) (क्रमाक नंबर 19017, जिल्द नंबर 11688, पुस्तक नंबर 1, पृष्ठ 01-38, जो 03-10-2012 को एसआर-गौतम बुद्ध नगर में पंजीकृत हुई थी) और मूल आवंटन पत्र, दोनों दस्तावेज गायब हैं और खो चुकी हैं। इस संबंध में एक एफआईआर (जी.डी. नंबर 048) 10.07.2024 को यूनिट पुलिस फेज-III, मिडल कमिशनरेट, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई थी। इस संपत्ति को हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, ब्रांच नोएडा सेक्टर-22, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त संपत्ति के कब्जे में पाया जाता है या किसी प्रकार की आपत्ति है, तो कृपया इस नोटिस की तारीख से 07 दिन के भीतर मूल संपत्ति दस्तावेज के साथ नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री पत्र के अनुसार दावा विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

[ASHWANI KUMAR] Advocate
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

NAME CHANGE

It is for general information that I, SUNIL KUMAR S/o RAMBHAROSI R/o 1673, Gautam Puri Phase - 1, Badarpur, South Delhi, Delhi- 110044 declare that name of my minor son has been wrongly written as ANUGREH in my minor son namely ANUGREH KUMAR aged 11 year in his school record. The actual name of my minor son is ANUGREH KUMAR which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, SANDEEP CHOUDHARY S/o RAKESH Mohan, R/o 294, Ratan Singh Compound, Balupura, Ghaziabad, Uttar Pradesh 201001 declare that name of my father has been wrongly written as RAKESH CHOUDHARY in my 10th, 12th and B.com educational documents and name of mine and my father has been wrongly written as SANDEEP CHAUDHARY and RAKESH CHAUD-HARY in my L.L.B. certificate Educational Documents. The actual name of mine and my father are SANDEEP CHOUDHARY and RAKESH MOHAN respectively which may be amended accordingly.

NAME CHANGE

I, SATISH KUMAR S/O SHOLU RAM R/O KHEDA DEVTA MANDIR, DALLU PURA VILLAGE, TRILOK PURI, EAST DELHI, DELHI-110096, have changed the name of my minor son VIRAT DEDHA aged 11 years and he shall hereafter be known as VISHESH DEDHA.

NAME CHANGE

I, Rajesh Kumar S/o Bhihari Lal R/o 658/1, Gali No-10, Ashok Vihar Phase-1, Near Hanuman Mandir, Gurgaon, Haryana-122001 Have Changed My Name To Rajesh Sharma S/o Bihari Lal Sharma For All Future Purpose

सार्वजनिक सूचना

सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि श्री सर्वेश कुमार मिश्रा और श्री आशीष कुमार मिश्रा जो आवासीय मकान नं. 1351, जिसकी भूमि क्षेत्रफल 50 वर्ग गज (यानी 41.8 वर्ग मीटर) है, खसरा नं. 501/2, राजीव विहार, गाँव खोड़ा (खोड़ा कॉलोनी), परगना लोनी तहसील और जिला, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में, श्रीमती मुकेश देवी पत्नी श्री प्रेम सिंह से खरीदने का इरादा रखते हैं। श्रीमती मुकेश देवी ने उक्त संपत्ति श्री गोविंद मिश्रा से 18.06.2024 को एक बिक्री समझौते (Sale Deed) के माध्यम से प्राप्त की थी। कृपया ध्यान दें कि दस्तावेजों की श्रृंखला, जिसमें मूल बिक्री समझौता (क्रमाक नंबर 7138, पुस्तक नंबर 1, जिल्द नंबर 2899, पृष्ठ संख्या 60-68, दिनांक 01.10.2007, SR-II गाजियाबाद) गायब हो गई है और खो गया है। जिसका एफआईआर (LR No. 2388623/2024) 11.12.2024 को पी.एस. क्राइम ब्रांच, दिल्ली में दर्ज की गई थी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त संपत्ति के कब्जे में पाया जाता है या किसी प्रकार की आपत्ति है, तो कृपया इस नोटिस की तारीख से 07 दिन के भीतर मूल संपत्ति दस्तावेज के साथ नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री पत्र के अनुसार दावा विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

[ASHWANI KUMAR] Advocate
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

जींद का सीआरपीएफ जवान ऊधमपुर में शहीद, सैन्य सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

एजेंसी

जींद। नरवाना रोड निवासी सीआरपीएफ सिपाही नरेंद्र कुमार ऊधमपुर में शहीद हो गया। 22 दिसंबर को नरेंद्र कुमार ड्यूटी पर तैनात थेए तभी उन्हें हार्ट अटैक आ गया। अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में उनकी मौत हो गई। रविवार दोपहर पटियाला चौक के पास श्मशान घाट में सैन्य सम्मान के साथ 38 वर्षीय शहीद नरेंद्र कुमार को नम आंखों के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनकी अंतिम विदाई में सेना के जवानों के अलावा स्थानीय पुलिस और काफी संख्या में लोग शामिल हुए। शहीद नरेंद्र कुमार के बड़े भाई बिजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 12 साल पहले नरेंद्र सीआरपीएफ में स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती हुआ था। नरेंद्र बास्केटबाल का इंटरनेशनल प्लेयर था। वह नेशनल में पांच गोल्ड और स्टेट में छह साल तक चैंपियन रहा। नरेंद्र कुमार भर्ती होने के बाद बंगलुरुए श्रीनगरए पिंजौरए पिंजुखियाए गुवाहाटी आसामए छत्तीसगढ़ए जम्मू तथा झारखंड में ड्यूटी रही।फिलहाल वह ऊधमपुर में तैनात थे। एक दिसंबर को 15 दिन की छुट्टी पर नरेंद्र आए थे। इसके बाद 15 दिसंबर को ड्यूटी पर चले गए थे। नरेंद्र छह साल तक कोबरा कंमाडो रहे। झारखंड और आसाम में कोबरा कमांडो के रूप में ड्यूटी पर रहे। बिजेंद्र यादव ने बताया कि नरेंद्र ने 9 साल की उम्र में ही बास्केटबाल खेलना शुरू कर दिया था। नरेंद्र ने इलेक्ट्रिकल में बीटैक किया हुआ है। नरेंद्र को पांच साल का बेटा भी है। शहीद नरेंद्र की अंतिम विदाई में सैकड़ों लोग पहुंचे और नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ की टुकड़ी ने सलामी ली।

सीए परमजीत सिंह प्रधान व हरिन्द्र पाल सिंह सचिव बने

हिसार। संधि सेतु अलुमनाई एसोसिएशन राजकीय महाविद्यालय हांसी की आम सभा की बैठक हुई जिसमें संगठन का चुनाव करवाया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदों के लिए चुनाव किया। कॉलेज में हुई बैठक में प्रधान पद पर सीए परमजीत सिंह, उपप्रधान पद पर नवीन नरवाल, सचिव पद पर हरिंद्र पाल सिंह, संयुक्त सचिव पद पर एडवोकेट हरेंद्र कुमार जांगड़ा, खजांची पद पर सन्नी चौहान को सर्वसम्मति से चुना गया। इस बैठक में पूर्व सचिव बलबीर सिंह वर्मा, पूर्व उप प्रधान जगदीश चंद्र, सन्नी चौहान कैशियर, डॉ. राजकुमार, डॉ. शिव रतन मित्तल, डॉ. शामेंद्र बामल, डॉ. केपी गुर्जर, डॉ. जोगिंद्र सिंह, सुरेश कुमार, प्रेम बाकोलिया आदि सदस्य उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी ने पूर्व कार्यकारिणी के कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए कार्यकारिणी व उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया। इसके अलावा नई कार्यकारिणी ने महाविद्यालय के उत्थान के लिए तथा विद्यार्थियों के लिए नई योजनाओं के क्रियान्वन के बारे में चर्चा की और महाविद्यालय के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए संकल्प लिया।

हिसार में बुजुर्गों की सेवा कर दी डबवाली अग्निकांड के दिवंगतों को श्रद्धांजलि

हिसार। सुरभि मानव कल्याण ट्रस्ट ने डबवाली अग्निकांड की 29वीं बरसी पर दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के लिए शहर की नई अनाज मंडी स्थित भूमि आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को गर्म वस्त्र प्रदान कर भोजन खिलाया। सुरभि मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र नारंग ने बताया कि यह कार्यक्रम दिवंगत सुरभि राव और अन्य लोगों की स्मृति में आयोजित किया गया, जिन्होंने 23 दिसंबर 1995 के डबवाली अग्निकांड में अपनी जान गंवाई थी। इस हादसे में हरियाणा सरकार के सेवानिवृत एडीजीपी अनिल राव की पांच वर्षीय बेटी सुरभि राव भी शामिल थीं। अनिल राव ने इस घटना में न केवल अपनी बेटी को खो दिया था बल्कि कई अन्य बच्चों को बचाने का साहसिक प्रयास करते हुए खुद भी झुलस गए थे।सुरभि मानव कल्याण ट्रस्ट, जो दिवंगत सुरभि राव की स्मृति में स्थापित किया गया था, इस घटना के पीड़ितों की सहायता और समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय है। भूमि आश्रम में आयोजित किये गये सातवें कार्यक्रम में अनिल राव के पुत्र विक्रम राव, पुत्रवधु कीर्ति राव व पुत्री रुचिका ने भाग लेकर बुजुर्गों को गर्म वस्त्र वितरित करने के साथ-साथ उन्हें भोजन भी खिलाया।

अब सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का फैसला- नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने किसानों के हित में एक अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलों की खरीद के लिए अधिसूचना जारी की है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी की गई इस अधिसूचना का उद्देश्य किसानों की उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किसानों के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए एमएसपी के तहत दस अतिरिक्त फसलों की खरीद की घोषणा की गई थी। इन फसलों में रागी, सोयाबीन, नाइजरसीड, कुसुम, जौ, मक्का, ज्वार, जूट, खोपरा और ग्रीष्मकालीन मूंग शामिल हैं। ये फसलें अब उन 14 फसलों की सूची में शामिल हो जाएंगी, जिनकी एमएसपी पर खरीद पहले से ही की जा रही है। इनमें धान, बाजरा, खरीफ मूंग, उड़द, अरहर, तिल, कपास, मूंगफली, गेहूं, सरसों, चना, मसूर, सूरजमुखी और गन्ना जैसी महत्वपूर्ण खाद्य और नकदी फसलें शामिल हैं। यह अधिसूचना केंद्र सरकार की एमएसपी नीति के अनुरूप है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी अधिसूचित फसलों की खरीद सरकार द्वारा घोषित एमएसपी पर की जाए। इसके अलावा, गन्ने की खरीद एमएसपी के समान एक उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) पर जारी रहेगी।

प्रभु श्रीराम ने वनवासी समाज को संगठित कर, किया आसुरी शक्तियां का संहार : भैयाजी जोशी

एजेंसी

फरीदाबाद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सर-कार्यवाह भैयाजी जोशी ने कहा है कि प्रभु श्रीराम ने जिस वनवासी समाज को संगठित कर आसुरी शक्तियों का संहार किया, समाज जीवन में मानव मूल्यों की स्थापना की, उनके जीवनादर्श से अनुप्राणित वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन अपने प्रतिभा विकास केन्द्रों के माध्यम से वंचित, उपेक्षित वर्ग के बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देकर उनमें स्वावलंबन, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने तथा उनकी अंतर्निहित प्रतिभाओं के विकास में प्रयासरत है। भैयाजी जोशी शनिवार देर रात भारत मंडपम दिल्ली में आयोजित वनवासी रक्षा परिवार का परिवार मिलन समारोह उपस्थितजनों को संबोधित

कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य मान सम्मान के साथ सुख, शान्ति का जीवन जीना चाहता है जो शिक्षा संस्कार के साथ स्वरोजगार से ही प्राप्त हो सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि तुलसीदास ने कहा है कि पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं। अभाव में जी रहे परिवारों को शिक्षा, संस्कार के साथ स्वाभिमान और स्वावलंबन की शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रतिभा विकास केन्द्र कर रहे हैं।

संस्कार परिवार स्नेह मिलन के केंद्रीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों के बच्चों द्वारा निर्मित ज्ञान-विज्ञान व कलात्मक रचनाओं की प्रदर्शनी एवं मनमोहक रंगमंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन की गतिविधियों में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु,असम, राजस्थान प्रदेश शामिल है।

कांग्रेस 24 दिसंबर को पलवल में करेगी प्रदर्शनः उदय भान

एजेंसी

पलवल। हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 24 दिसंबर को प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने कहा कि इसके विरोध में 24 दिसंबर को सुबह गुर्जर भवन पर एकत्रित होंगे। विरोध प्रदर्शन करके कांग्रेस वर्कर गृहमंत्री पद से इस्तीफे की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे।

उदयभान ने कहा कि भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर संसद में संविधान पर चर्चा कर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर की गरिमा को बनाए रखने के बजाय भाजपा ने विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और उनका अपमान करने के लिए मंच का दुरुपयोग किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान के मूल तत्व

और इसके प्रमुख निर्माता बाबा साहेब डॉ. बीआर अम्बेडकर जी का अपमान किया।

पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजेपयी ने देश में राजनीति का नया अध्याय लिखाः मोहन लाल बड़ौली

एजेंसी

गुरुग्राम। पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में अटल काव्यांजलि का आयोजन हुआ। पार्टी कार्यालय गुरुकमल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। कार्यक्रम शुरू करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, जिला अध्यक्ष कमल यादव व भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित कर अटल जी को याद किया।

इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने दो मिनट का मौन रखा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। कार्यक्रम में आए कवियों ने अटल जी की स्मृति में कविताओं का पाठ कर खूब तालियां बटोरी।प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में राजनीति का एक नया अध्याय लिखा। कांग्रेस पार्टी ने झूठा प्रचार किया हुआ था कि देश में कांग्रेस के

अलावा कोई दूसरी पार्टी सरकार नहीं चला सकती। उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी ने कांग्रेस के भ्रम को तोड़ने का काम किया। अटल जी जैसा व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं। भारत का संसदीय इतिहास सदैव उनका गुणगान करेगा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत की आत्मा को जगाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना भी अटल जी की ही देन थी। उस समय किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, जब अटल जी ने किसानों को क्रेडिट कार्ड देकर लाभान्वित किया। पार्टी कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष कमल यादव ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह व कवियों का स्वागत किया। विमल ग्रोवर ने कवि सम्मेलन का संचालन किया। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. अशोक बत्रा की विशिष्ट उपस्थिति में महेश मुकदम, विमलेन्दु सागर, चांदनी केशरवानी, लोकेश चौधरी ने कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को आनंद के सागर में खूब गोते लगवाए।

औसत बिल बनाने में देरी के मामले में यूएचबीवीएन को देना होगा उपभोक्ता को मुआवजा

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने पानीपत में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को उपभोक्ता का औसत बिल बनाने के कारण हुई देरी के लिए पांच हजार रुपये का मुआवजा देने के निर्देश दिया है। आयोग के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिकायत के अनुसार, उपभोक्ता बिमला ने यूएचबीवीएन द्वारा अपने बिजली मीटर की औसत बिलिंग के संबंध में आयोग से संपर्क किया था। उन्होंने मई 2024 तक अपने बिलों का नियमित रूप से भुगतान किया था। बिजली मीटर की औसत बिलिंग के संबंध में उन्होंने आयोग से संपर्क किया था। उनके अनुरोध पर निगम निर्धारित सात दिनों के भीतर सेवा प्रदान करने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता को अनुचित रूप से परेशान किया गया। इसके अलावा, उपभोक्ता को सही बिल प्राप्त कराने के बजाय जुलाई 2023 से जुलाई 2024 तक लगभग एक वर्ष के लिए औसत बिलिंग जारी कर दी गई। बिमला ने पहले, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकरण से संपर्क किया था, लेकिन एक महीने बाद भी कोई समाधान नहीं होने पर उनकी शिकायत

बंद कर दी गई। औसत बिलिंग के संबंध में उपभोक्ता की शिकायत की आयोग ने मामले की गहन समीक्षा की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यूएचबीवीएन अधिकारियों की उदासीनता के कारण उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पड़ा। संबंधित अधिकारियों से सुनवाई के बाद आयोग ने यूएचबीवीएन को निर्देश दिया कि वह उपभोक्ता बिमला को हुई असुविधा के लिए पांच हजार रुपये का मुआवजा दे। निगम को निर्देश दिया गया कि वह या तो अपने फंड से उपभोक्ता के खाते में राशि समायोजित करे या फिर सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में मुआवजा ट्रांसफर करे।यूएचबीवीएन के एक्सईएन को 10 जनवरी 2025 तक आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

हर्ष फायरिंग करने वालों पर रहेगी पुलिस की नजर, होगी कार्रवाई : शशांक सावन

एजेंसी

हिसार। शादी विवाह सहित अन्य समारोह में हर्ष फायरिंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। हर्ष फायरिंग करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी और ऐसा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि आमतौर पर शादी-विवाह, जन्मोत्सव, धार्मिक उत्सव नव वर्ष उत्सव सहित अन्य कार्यक्रमों में कुछ लोगों द्वारा हर्ष फायरिंग की जाती है। इससे जानमाल की हानि के साथ लोगों में भय का माहौल पैदा होता है। उन्होंने कहा है कि हर्ष फायरिंग करना पूरी तरह से गैर कानूनी है। ऐसे में हर्ष

फायरिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके केस दर्ज किया जाएगा और उनकी गिरफ्तारी भी सुनिश्चित की जाएगी। अगर हर्ष फायरिंग में लाइसेंसशुदा हथियार इस्तेमाल करने की पुष्टि होती है तो लाइसेंस को रद्द किया जाएगा। सभी अपनी जिम्मेवारी समझे और इस तरह के अपराध करने से बचें।

लाइसेंसी हथियार केवल आपकी सुरक्षा के लिए है न कि इस तरह किसी समारोह में फायरिंग के लिए। किसी भी आयोजन पर हर्ष फायरिंग करना अपराध है। हर्ष फायरिंग के मामले में संबंधित पक्षों को जिम्मेवार ठहराया जाएगा। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले आयोजनों पर निगरानी रखेंगे और हर्ष फायरिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

आर्ट ऑफ लिविंग की सबसे बड़ी ध्यान सभा के साक्षी बने हिसार वासी

एजेंसी

हिसार। प्रथम विश्व ध्यान दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग हिसार चैप्टर की ओर से विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क ध्यान सत्रों का आयोजन किया गया। ध्यान सत्रों की श्रृखला में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में, सर्वेश हॉस्पिटल में सभी डॉक्टरों एवं स्टाफ़ के लिए एवं अनुग्रह टाउनशिप, अग्रोहा में गोरखपुर न्यक्लीयर प्लांट के कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए।स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि सभी कार्यक्रम को आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक नीरज गुप्ता, डॉ. उमेश आर्य, महावीर अग्रवाल, सुरेश जैन, मंजू पूरी एवं साक्षी अग्रवाल ने अलग अलग समय पर संबोधित किया। नीरज गुप्ता ने सभी को ध्यान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि इस ध्यान दिवस पर हर व्यक्ति को मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा अवश्य बनाना चाहिए। आमजन के लिए सायं 6ः30 बजे से 'ध्यान एवं सत्संग' का कार्यक्रम स्थानीय बुधला संत मंदिर, सेक्टर-14 में आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। सत्संग के पश्चात गुरुदेव द्वारा निर्देशित ध्यान सत्र का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें वैश्विक शांति और सामंजस्य स्थापित करने के लिए ध्यान करने के लिए जुड़े। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित इस सबसे बड़ी ध्यान सभा के हिसार वासी भी साक्षी बने।

निगम चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही सक्रिय हुए अधिकारी, निकाले ड्रा

एजेंसी

हिसार। लघु सचिवालय स्थित सभागार उपायुक्त के प्रतिनिधि एवं बरवाला के एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हिसार नगर निगम के चुनाव में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग ए, पिछड़ा वर्ग बी व महिला आरक्षित वार्ड करने के लिए ड्रा निकाले गए। सभा में शनिवार को हुई बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उप-निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण, सचिव संजय शर्मा, समिति के सदस्यों में पूर्व मेयर गौतम सरदाना के अलावा पूर्व पार्षद अनिल जैन, जयप्रकाश, प्रीतम सैनी, भूपसिंह रोहिल्ला व पिंकी शर्मा मौजूद रहे। नगर निगम क्षेत्र में कुल 20 वार्ड हैं। इनमें से सरकार की हिदायतों के अनुसार जिस वार्ड में वर्ग की अधिकतम जनसंख्या हो उनमें से 3 वार्ड एससी वर्ग के लिए 2 वार्ड बीसी-ए के लिए, 1 वार्ड बीसी-बी के लिए व 4 वार्ड महिला के आरक्षित करने को लेकर ड्रॉ निकाले गए। सबसे पहले एससी वर्ग के लिए अधिकतम जनसंख्या वाले 3 वार्डों का चयन किया जिसमें वार्ड नंबर 9, 16 व 18 हैं। इन तीनों वार्डों में से ड्रा के द्वारा पूर्व पार्षद

पिंकी शर्मा ने ड्रा निकाला जिसमें वार्ड नम्बर 9 को एससी महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया। बीसी-ए के 2 वार्डों के ड्रा निकालने के लिए बीसी-ए की जनसंख्या वाले कुल 6 वार्ड चयनित किए जो कि वार्ड नं. 1, 3, 7, 10, 12 व 20 हैं। इन 6 वार्डों में से पूर्व पार्षद जयप्रकाश ने 2 ड्रा निकाले जिसमें वार्ड नंबर 3 व 20 को बीसी-ए के लिए आरक्षित कर दिया गया। वार्ड नंबर 3 व 20 से बीसी-ए महिला आरक्षित वार्ड चुनने के लिए ड्रा किया गया। बीसी-ए महिला आरक्षित वार्ड के लिए भूपसिंह रोहिला ने ड्रा निकाला जिसमें वार्ड नंबर 3 का ड्रा निकाला और उसे बीसी-ए महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया। बीसी-बी के लिए 3 वार्डों का चयन किया गया जो वार्ड नंबर 4, 8 व 15 को लिया गया जिसका ड्रा पूर्व पार्षद अनिल जैन ने ड्रा निकाला जिसमें वार्ड नंबर 15 निकाला और उसे बीसी-बी महिला के लिए आरक्षित कर दिया गया। इसके बाद शेष बचे 14 वार्ड जो कि वार्ड नं. 1, 2, 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 17 व 19 में से 4 महिला आरक्षित वार्ड पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने निकाले।

वेतन न मिलने पर भड़के मिड-डे मील वर्कर, जताया रोष

एजेंसी

फरीदाबाद। फरीदाबाद जिले में स्कूलों में मिड-डे मील और पार्ट टाइम चौकीदार कर्मचारियों ने सरकार के प्रति रोष जताया। सही कर्मचारी मानदेय बढ़ाने और पक्का करने की मांग की पिछले लंबे समय से मांग कर रह हैं। शिक्षा विभाग चतुर्थ श्रेणी एजुकेट चौकीदार एवं पार्ट टाइम कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान तेजराम ने कहा की कुछ दिन पहले ही शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात हुई थी उन्होंने 22 दिसंबर को मुख्यमंत्री से मिलवाने का समय दिया था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन होने की वजह से यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में मिड-डे मील का काम करने वाली महिला कर्मचारियों का वेतन बहुत कम है। जिसकी वजह से वो घर का गुजारा करने में असमर्थ होती जा रही है। स्कूल में अगर बच्चों की संख्या कम हो जाती है, तो वेतन काट कर उन्हें दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह समस्या पिछले 10 साल से बनी हुई है। जिले में मिड-डे मिल की महिला कर्मचारी 8 हजार हैं। पार्ट-टाइम चौकीदार 3200 हैं। मिड-डे मिल की सभी कर्मचारी चाहते हैं कि कम से कम सरकार न्यूनतम वेतन की मांग को पूरा कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मिड-डे मील महिला कर्मचारियों का वेतन 7000 है। उसे भी 4 से 5 महीने बाद दी जाती है। ऐसा ही पार्ट टाइम चौकीदारों के साथ भी किया जाता है उनका भी वेतन समय पर नहीं दिया जाता। सरकार को इस पर ध्यान देना चाहिए कर्मचारियों के मानदेय को बढ़ाना चाहिए साथ ही जो वर्दी का पैसा नही दिया ।

नॉन स्टॉप रफ्तार से भारत वर्ष 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र : नायब सिंह सैनी

एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिस गति से देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप रफ्तार से विकास कार्य किए जा रहे हैं तो निश्चित रूप से भारत देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस देश में हर योजना को आम लोगों की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा में लोगों की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष हल्का के लोगों ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित, जनस्वास्थ्य विभाग, खंड विकास एवं पंचायत विभाग के साथ-साथ गांव और शहर में विकास कार्यों को करवाने से सम्बन्धित विषय रखे। मुख्यमंत्री ने एक-एक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता के साथ सुना और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने शहर के नागरिकों द्वारा राजकीय सीनियर सेंकेडरी स्कूल को बीडीपीओ कार्यालय के पास खाली पड़ी जमीन में शिफ्ट करने की मांग पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल को शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार

किया जाए, अगर स्कूल के हिसाब से

मुख्यमंत्री ने बाबैन से शाहबाद सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता से सम्बन्धित रखी गई शिकायत पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सड़क की गुणवत्ता को चैक किया

NAME CHANGE

I hitherto known as VARSHA W/o R. N. VERMA R/o H.No. 402, Sector-16, Faridabad, Kheri Kalan, Faridabad, Haryana-121002, have changed my name and shall hereafter be known as BURFO DEVI, for all future purposes.

NAME CHANGE

I hitherto known as VARSHA W/o R. N. VERMA R/o H.No. 402, Sector-16, Faridabad, Kheri Kalan, Faridabad, Haryana-121002, have changed my name and shall hereafter be known as BURFO DEVI, for all future purposes.

PUBLIC NOTICE

I, Swati D/O Ramesh Chander R/O Village Karoli , Karoli (23-N), Karoli, Rewari Haryana -123303, hereby undertake that I, Swati want to change my name to Samarth and gender as Male. I, Swati henceforth by known as Samarth S/O Ramesh Chander. The above statement is made by me is true and correct to the best of my knowledge and belief. If any legal issue arises in this regard at any stage. I will be be personally responsible for the same and , the Department of Publication will not be liable for any consequences arising therefrom.

एचएयू के पीएचडी कोर्सों में दाखिले को प्रवेश परीक्षा संपन्न

एजेंसी

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न पीएचडी कोर्सिज के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक व व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने मुख्य परिसर में बने परीक्षा केंद्र पर पुख्ता प्रबंध किए थे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने परीक्षा केंद्र का दौरा किया और परीक्षार्थियों की सुविधा तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिन पीएचडी कोर्सिज के लिए प्रवेश परीक्षा हुई, उनमें विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रीकल्चर मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस, फलोरिकल्चरल एंड लेंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलॉजी, प्लांट प्रोटेक्शन इंटोमोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरेस्ट्री, प्लांट पेथोलॉजी, सीड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट व रूरल मैनेजमेंट (द्वठु ल्ञ्ञ्ल्ञ्ल्ञ्ल्ञ्ल्ञ्ल्), कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग व रिनुएबल एनर्जी इंजीनियरिंग, जबकि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड्स एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्ट्डीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विषय शामिल हैं। मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में केमिस्ट्री, बायोकेमस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, मेथेमेटिक्स माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिक्स, जूलोजी व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवॉयरमेंट मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज इकोनॉमिक्स, फिशरीज एक्सटेंशन व फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट और बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय में मोलिक्युलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी व बायोइन्फर्मेटिक्स विषय शामिल हैं।

चना कांटा - तुअर में गिरावट, दालों में मिश्रित रंगत

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में सप्ताहांत चना कांटा तुअर में कामकाज नरमी लिए रहा। हालांकि मूंग, उड़द के भाव बने रहे। दालों के दामों में घट-बढ़ हुई। चावल में खरीदी सुधार से तेजी रही।सप्ताहांत चना कांटा 6850 से 6900 रुपये खुलने के बाद 6700 से 6750 रुपये होकर थमा। मूंग 7800 से 8300 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 7200 रुपये बिकी। सप्ताहांत भाव 7800 से 8300 रुपये बोले गए। कारोबार में तुअर 7000 से 9000 रुपये खुलकर 7000 से 8100 रुपये बिकी। उड़द 8300 से 8800 पर बनी रही। मसूर 5950 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर खुलने के बाद 6000 से 6050 रुपये प्रति क्विंटल होकर थमी।दालों में भाव मांग से ऊपर नीचे हुए। सप्ताहांत चना दाल के साथ तुअर कभी ऊंची तो कभी नीची बिकी। रवा, मैदा, गेहूं का आटा में लिवाली रही। चना बेसन में लग्न सरा लिवाली रही।

केंद्र ई-कॉमर्स कंपनियों के डार्क पैटर्न से निपटने के लिए नया ऐप करेगा लॉन्च

नई दिल्ली। केंद्र सरकार राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर 24 दिसंबर, सार्वजनिक उपयोग के लिए 'जागो ग्राहक जागो ऐप', 'जागृति ऐप' और 'जागृति डैशबोर्ड' को लॉन्च करेगी। ये ऐप्स उपभोक्ताओं को डार्क पैटर्न से बचाने के लिए स्वप्रेरणा से कार्रवाई करने में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की क्षमता को बहुत हद तक बढ़ा देगा। इससे उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में भी शिक्षित किया जाएगा। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस 24 दिसंबर 2024 को उपभोक्ता मामले का विभाग सार्वजनिक उपयोग के लिए 'जागो ग्राहक जागो ऐप', 'जागृति ऐप' और 'जागृति डैशबोर्ड' का शुभारंभ। इन ऐप को लॉन्च करने का मकसद उपभोक्ताओं को डार्क पैटर्न्स से बचाया जा सके। ये ऐप्स सीसीपीए की क्षमता को काफी बढ़ाएंगे, ताकि वे डार्क पैटर्न्स के खिलाफ स्वतः संज्ञान ले सकें। इन पहलों के जरिए एक पारदर्शी और निष्पक्ष डिजिटल बाज़ार बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जहां उपभोक्ता बिना किसी धोखे या दबाव के सूचित निर्णय ले सकें। मंत्रालय ने कहा कि 'जागो ग्राहक जागो ऐप' उपभोक्ता की ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सभी यूआरएल के बारे में आवश्यक ई-कॉमर्स जानकारी प्रदान करता है, उन्हें सचेत करता है कि कोई यूआरएल असुरक्षित हो सकता है।

नये साल में विदेशी पर्यटकों को रिझाने के लिए तैयार आतिथ्य क्षेत्र

नई दिल्ली। भारतीय आतिथ्य उद्योग विदेशी पर्यटकों के लिए लाल कालीन बिछाने के साथ 2025 के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। अनुमान है कि विदेशी पर्यटकों की संख्या नये साल में कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर को पार कर जाएगी, और देश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखेगी। यह क्षेत्र 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था में 1,000 अरब डॉलर का योगदान करने के लिए तैयार है। क्षेत्र को हालांकि सरकार से एकीकृत लाइसेंसिंग, कार्यबल का कौशल विकास और लक्षित बुनियादी ढांचा निवेश जैसे नीतिगत हस्तक्षेप की उम्मीद भी है। भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में पैदा होने वाली मांग को पूरा करने के लिए यह जरूरी है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा, भारत का लक्ष्य 2047 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है और आतिथ्य क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अर्थव्यवस्था पर इस क्षेत्र का विनिर्माण और कृषि से कहीं अधिक गुणक प्रभाव है। उन्होंने आतिथ्य उद्योग के भविष्य को आशाजनक बताते हुए कहा कि होटल के कमरे अधिक भरे रहने और प्रति कमरा अधिक आय की उम्मीद है।

चेन्नई की कंपनी ने कर्मचारियों को टाटा की कार, रॉयल एनफील्ड की बाइक उपहार में दीं

चेन्नई। चेन्नई स्थित सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों को कंपनी के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए कार और मोटरसाइकिल उपहार में दी हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी के 20 कर्मचारियों को 'उच्च लक्ष्य प्राप्त करने' के लिए प्रेरित करने को उन्हें टाटा की कार, एक्टिवा स्कूटी और रॉयल एनफील्ड बाइक उपहार में दी गईं। चेन्नई मुख्यालय वाली सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड माल ढुलाई में देरी, पारदर्शिता की कमी और अकुशल आपूर्ति श्रृंखला समाधान जैसी लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की आम चुनौतियों का समाधान करती है। कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) डेन्ज़िल रायन ने बयान में कहा, हमारा मिशन सभी आकार के व्यवसायों के लिए लॉजिस्टिक्स को सरल बनाना है। हम पारंपरिक माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स प्रक्रियाओं की कठिनाइयों को समझते हैं। हमारा लक्ष्य ऐसे समाधान प्रदान करना है जो न केवल कुशल हों, बल्कि पर्यावरण के प्रति भी सचेत हों।

मक्का से चमकेगी किसानों की किस्मत

एजेंसी

नई दिल्ली। दुनिया भर में खानपान में बदलाव को देखते हुए अब सिर्फ गेहूं, धान और गन्ना की फसल उगाने से किसानों का भला नहीं होने वाला नहीं है। खेती में विविधता और खाद्य प्रसंस्करण पर जोने देने से ही किसानों की माली हालत सुधर सकती है। मक्का और गन्ना से अब इथोनॉल के साथ-साथ कई बायो प्रोडक्ट्स तैयार हो रहे हैं। इससे किसानों को भी फायदा होगा। इंडो एग्री फ्यूचर फूड समिट में विशेषज्ञों ने यह निष्कर्ष निकाला है। यह समिट मोटा अनाज, मक्का, डीडीजीएस और इथेनॉल यानी एमएमडीई पर केंद्रित रही। डीडीजीएस का मतलब है डिस्टिलर ड्राइड ग्रेन्स विद सॉल्यूबल्स जो इथेनॉल उत्पादन प्रक्रिया का एक बायो प्रोडक्ट है। इस प्रोडक्ट का उपयोग पशुओं के चारे के रूप में किया जाता है। समिट में विशेषज्ञों ने चिंता जताई

कि जिस तरह से आबादी बढ़ रही है और खेती का रकबा घट रहा है, इससे भविष्य में भोजन के लिए अनाज की मांग की पूर्ति करना बड़ी चुनौती साबित होगी। इसलिए किसानों को खेती में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

समिट के पहले सत्र में मक्का के आउटलुक पर विचार-विमर्श हुआ। जिस तरह सरसों और सोयाबीन में से तेल निकालने बाद खली बचती है उसी मक्का से इथेनॉल बनाने के बाद कई तरह के बायो प्रोडक्ट बनते हैं जिनकी बाजार में तेजी से मांग बढ़ रही है। इस समिट में कमोडिटीज, फूड प्रोसेसिंग, वेयरहाउस और एग्रीकल्चर से जुड़े दुनियाभर के एक्सपर्ट्स शामिल हुए। इनमें एनएफसीएसएफ के एमडी प्रकाश नाइकनावरे, रेणुका शुगर के ईडी रवि गुप्ता, एमईआईआर कमोडिटीज के एमडी राहिल शेख, ग्रीन लीफ के फाउंडर हर्ष सोनी, डीसीएम श्रीराम के रोशन टामक, डालमिया भारत के कपिल नेमा, इकोनॉमिस्ट चंद्रशेखर और विजय सरदाना आदि शामिल हुए।

विशेषज्ञों ने कहा कि मक्का अब सिर्फ भोजन का ही विकल्प नहीं रह गई है। कुछ साल पहले तक इस अनाज को कोई पूछता तक नहीं था लेकिन अब इकोनॉमी में इसे लोग पूज रहे हैं। मक्का से अब इथेनॉल बनाने के बाद कई तरह बायो प्रोडक्ट बन रहे हैं। किसानों की माली हालात सुधारने में यह फसल क्रांतिकारी विकल्प साबित हो रही है। मक्का अन्य फसलों की तुलना में सबसे कम समय मे पकने वाली फसल है। अब इस फसल के दाम भी अच्छे मिल रहे हैं। ऐसे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए मक्का की फसल को तरजीह देनी चाहिए। केंद्र सरकार ने 2024 तक पेट्रोल में 15 फीसद इथेनॉल मिलाने का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

पाम तेल, सोयाबीन रिफाइंड सस्ता

एजेंसी

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में भाव नरमी लिए रहे। सप्ताहांत पाम तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहनों में रिफाइनरी प्लांटों की लिवाली बताई गई।कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1460 से 1470 रुपये प्रति 10 किलोग्राम खुला जो 1460 से 1470 रुपये पर रुका। हालांकि कारोबार के दौरान भाव ऊपर नीचे हुए। सोयाबीन रिफाइंड 1235 से 1240 रुपये पर खुलकर 1200 से 1205 रुपये बिका। पाम तेल 1385 से 1390 रुपये खुलकर 1370 से 1375 रुपये होकर थमा। तिलहन जिन्सों में मांग से भाव लगभग बने रहे। सरसों, सोयाबीन में रिफाइनरी वालों की खरीदी रही। पशु आहार कपास्या खली में लिवाली सुस्ती से नरमी दर्ज की गई।

सर्राफा बाजार में लौटी तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज सोना 600 रुपये से 650 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये से लेकर 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 71,150 रुपये से लेकर 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हुआ है। कीमत में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा

है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,450 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 76,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

नीता अंबानी हावर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में करेंगी भारत की वैश्विक शक्ति पर विचार साझा

एजेंसी

बोस्टन। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी 15-16 फरवरी, 2025 को बोस्टन में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित हावर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस (इंडिया कांफ्रेंस ऐट हार्वर्ड - आईसीएच) में भारत की वैश्विक शक्ति और क्षमता पर अपने विचार साझा करेंगी। आईसीएच की ओर से इस सम्बन्ध में घोषणा की गई। इस साल की थीम 'फ्रॉम इंडिया टू द वर्ल्ड' रखी गई है। नीता अंबानी ने अपने सामाजिक कार्यों के माध्यम से 8 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। उनकी ताजा उपलब्धियों में चार दशकों बाद भारत में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सत्र की मेजबानी और 2036 ओलंपिक के लिए भारत की दावेदारी को मजबूत करना शामिल है। उनकी यह उपलब्धियां भारत के वैश्विक प्रभाव और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक हैं।आयोजकों ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में 80 से अधिक वक्ता शामिल होंगे। नीता अंबानी के साथ एक फायरसाइड चैट में भारत की वैश्विक भूमिका और दृष्टिकोण पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा,

जलवायु परिवर्तन और वित्तीय समावेशन पर पॉलिसी हैकाथॉन और भारतीय उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पिच प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।अन्य प्रमुख वक्ताओं में इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के संस्थापक डीन प्रमथ राज सिन्हा, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सीईओ अनीश चौहान, फैशन डिज़ाइनर सब्यसाची मुखर्जी, और अंजलि बंसल शामिल हैं। कॉन्फ्रेंस के सह-अध्यक्ष आयुष शुक्ला ने कहा, यह मंच भारत की तकनीकी प्रगति, सांस्कृतिक विविधता, और सामुदायिक दृष्टिकोण को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। हावर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस अमेरिका में भारत पर केंद्रित सबसे प्रभावशाली छात्र-संचालित सम्मेलनों में से एक है।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 अरब डॉलर घटकर 652.9 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में आई गिरावट से 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 अरब डॉलर घटकर 652.9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.24 अरब डॉलर लुढ़ककर 654.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.1 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 562.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 68.1 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 3.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 2.7 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.2 अरब डॉलर पर आ गई।

एफपीआई फिर दिखे बिकवाल की भूमिका में, पिछले सप्ताह स्टॉक मार्केट से 976 करोड़ रुपये निकाले

एजेंसी

नई दिल्ली। 16 से 20 दिसंबर तक के कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) एक बार फिर सेलर (बिकवाल) की भूमिका में नजर आए। इसके पहले लगातार दो सप्ताह तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक बायर (लिवाल) बने हुए थे। इस सप्ताह एफपीआई ने बिकवाली करके भारतीय शेयर बाजार से 976 करोड़ रुपये की निकासी की। माना जा रहा है कि डॉलर इंडेक्स की मजबूती और अमेरिका में 10 साल के बॉन्ड यील्ड की तेजी के कारण विदेशी निवेशको ने दुनिया के दूसरे स्टॉक मार्केट्स की तरह ही भारतीय स्टॉक मार्केट से भी पैसों की निकासी की है।नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस सप्ताह की शुरुआत लिवाल के रूप में ही की थी। सप्ताह के पहले दो दिन

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 3,126 करोड़ रुपये की खरीदारी की, लेकिन तीसरे दिन से उनके रुख में बदलाव आ गया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने सप्ताह के अगले तीन दिन के दौरान 4,102 करोड़ रुपये की बिकवाली कर दी। लिवाली और बिकवाली को मिला कर 16 से 20 दिसंबर तक के कारोबारिक सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों ने कुल 976 करोड़ रुपये की निकासी कर ली।

हालांकि, दिसंबर महीने के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का ओवरऑल रुख पॉजिटिव बना हुआ है। दिसंबर के पहले और दूसरे कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशक लगातार खरीदारी करते रहे थे। इस खरीदारी के कारण इस महीने अभी तक लिवाली और बिकवाली मिला कर एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में 21,789 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 21,612 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इसी तरह अक्टूबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 94,017 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड निकासी की थी। भारतीय शेयर बाजार के इतिहास में किसी एक महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पहली बार 94 हजार करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। अक्टूबर के पहले सितंबर के महीने तक एफपीआई लिवाल की भूमिका में कारोबार कर रह थे। खासकर, सितंबर के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जमकर खरीदारी की थी।

सितंबर के महीने में विदेशी निवेशकों के निवेश का आंकड़ा 9 महीने के सर्वोच्च स्तर 57,724 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक साल 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लिवाली और बिकवाली को मिलाकर भारतीय शेयर बाजार में ओवरऑल 6,770 करोड़ रुपये का निवेश कर रखा है।

अगले सप्ताह 3 नए आईपीओ की लॉन्चिंग, 8 कंपनियों के शेयर की होगी लिस्टिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। कल से शुरू हो रहे नए कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में 3 नए आईपीओ की लॉन्चिंग होने वाली है। इनमें से एक आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है, जबकि 2 आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इन 3 आईपीओ में बोली लगाने के साथ ही निवेशक पिछले सप्ताह 19 और 20 दिसंबर को खुले 9 कंपनियों के आईपीओ में भी 23 और 24 दिसंबर तक आवेदन कर सकेंगे। इस सप्ताह आठ कंपनियों के शेयरों की लिस्टिंग भी होने वाली है। साफ है कि साल के आखिरी पूर्ण सप्ताह में भी प्राइमरी मार्केट में काफी हलचल बनी रहने वाली है। यूनिमेक एयरोस्पेस एंड मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड का 500 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू कल सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में 26 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकती है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 745 से

785 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 19 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग साल 2024 के आखिरी दिन 31 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर होगी। इसी तरह सप्ताह के दूसरे दिन 24 दिसंबर को सोलर 91 क्लीन टेक लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। 106 करोड़ रुपये के इस आईपीओ में 27 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 185 से 195 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर साल 2025 के पहले दिन यानी 1 जनवरी को होगी। इस सप्ताह का तीसरा आईपीओ 26 दिसंबर को ओपन होने वाला है। आन्या पॉलिटेक एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड का 44.80 करोड़ रुपये का ये पब्लिक इश्यू 30 दिसंबर को क्लोज होगा। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 13 से 14 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि निवेशक 10 हजार शेयर के लॉट में बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 2 जनवरी 2025 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी इसके अलावा पिछले सप्ताह 19 दिसंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले ममता मशीनरी, ट्रांस रेल लाइटिंग, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स, कॉन्कॉर्ड एनवायरो लिमिटेड, न्यू मलयालम स्टील और सनातन टेक्सटाइल के आईपीओ में निवेशक कल यानी 23 दिसंबर तक बोली लगा सकेंगे। इसके अलावा 20 दिसंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए ओपन हुए वेन्टिव हॉस्पिटेलिटी, सिनोरेस फार्मास्यूटिकल्स और कैरेरो इंडिया लिमिटेड के आईपीओ में मंगलवार 24 दिसंबर तक बोली लगाई जा सकेगी कल से शुरू हो रहे कारोबारी सप्ताह के दौरान आठ कंपनियों के शेयरों की स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग भी होने वाली है।

एपिगैमिया के सह संस्थापक रोहन मीरचंदानी का निधन; 42 साल की उम्र में हार्ट अटैक से हुई मौत

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के प्रमुख यौगर्ट ब्रांड एपिगैमिया के सह संस्थापक रोहन मीरचंदानी का हृदय गति रुकने के कारण निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे। उनकी मौत के बारे में एपिगैमिया की पैरेंट कंपनी ड्रम्स फूड इंटरनेशनल ने जानकारी दी है।बता दें कि इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भी निवेश कर रखा है।

ड्रम्स फूड इंटरनेशनल ने अपने बयान में कहा कि एपिगैमिया परिवार में हम सभी इस क्षति पर गहरा शोक मनाएंगे। रोहन हमारे गुरु, मित्र और लीडर थे। हम उनके सपने को ताकत और जोश के साथ आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प पर कायम हैं। रोहन के विचार और मूल्य हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। ड्रम्स फूड ने आधिकारिक बयान में यह भी कहा कि हम उनके द्वारा रखी गई नींव का सम्मान करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करते

हैं कि उनका सपना फलता-फूलता रहे। जारी आधिकारिक बयान में यह भी बताया गया है कि एपिगैमिया का संचालन अब कंपनी के सीओओ और संस्थापक सदस्य अंकुर गोयल और सह-संस्थापक और निदेशक उदय ठक्कर द्वारा निदेशक मंडल के पूर्ण समर्थन के साथ प्रबंधित किया जाएगा, इस निदेशक मंडल में रोहन का परिवार, राज मीरचंदानी और प्रमुख निवेशक, वर्लिनवेस्ट और डीएसजी कंज्यूमर पार्टनर्स शामिल हैं। अंकुर गोयल और उदय ठक्कर ने भी बयान में कहा है कि रोहन हमारे गुरु, मित्र और लीडर थे। हम उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि रोहन मीरचंदानी एनएसयू स्टर्न एंड वार्टन स्कूल से स्नातक थे। उन्होंने साल 2013 में ड्रम्स फूड इंटरनेशनल की नींव रखी थी। ड्रम्स फूड इंटरनेशनल योगर्ट ब्रांड एपिगैमिया की पैरेंट कंपनी है। ड्रम्स फूड इंटरनेशनल के उत्पाद इस समय 30 शहरों में 20,000 से अधिक खुदरा दुकानों पर उपलब्ध है।

आरबीआई ने 2024 में रेपो दर को रखा यथावत, 2025 में नए मुखिया के रुख पर सभी की निगाहें

मुंबई।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पूर्व गवर्नर शक्तिकान्त दास के नेतृत्व में 2024 में ब्याज दरों में कटौती के दबाव को नजरअंदाज किया और अपना मुख्य ध्यान महंगाई पर केंद्रित रखा। हालांकि, अब नए मुखिया की अगुवाई में केंद्रीय बैंक को जल्द यह फैसला लेना होगा कि क्या वह आर्थिक वृद्धि की कीमत पर मुद्रास्फीति को तरजीह देना जारी रख सकता है। नौकरशाह दास ने 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नोटबंदी के फैसले के बाद पूरे मामले की देखरेख की थी। उन्होंने एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उन्होंने छह साल तक मौद्रिक नीति को कुशलतापूर्वक संचालित किया। 2024 के अंत में दास का दूसरा कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार ने राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा को नया गवर्नर नियुक्त किया है। दास को कोविड-19 महामारी के समय से भारत के पुनरुद्धार को आगे बढ़ाने का श्रेय जाता है।इस साल के अंत में एक अन्य नौकरशाह संजय मल्होत्रा को दास का उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। मल्होत्रा को दास का दूसरा तीन वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने से मात्र 24 घंटे पहले ही नियुक्त किया गया।दास के नेतृत्व में आरबीआई ने लगभग दो साल तक प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा।

टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप में 4.95 लाख करोड़ की गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 4,95,061 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे अधिक नुकसान का सामना करना पड़ा। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की ये स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 4,091.53 अंक यानी 4.98 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 1,180.80 अंक यानी 4.76 प्रतिशत टूट गया।

सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 1,10,550.66 करोड़ रुपये घट कर 15,08,036.97 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 91,140.53 करोड़ रुपये घट कर 16,32,004.17 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। वहीं एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 76,448.71 करोड़ रुपये कम होकर 13,54,709.35 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा भारती एयरटेल का मार्केट कैप 59,055.42 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 8,98,786.98 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। जबकि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 43,909.13 करोड़ रुपये घट कर 7,25,125.38 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इन 5 कंपनियों के अलावा आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 41,857.33 करोड़ रुपये कम होकर 9,07,449.04 करोड़ रुपये के स्तर पर गया। इसी तरह इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 32,300.20 करोड़ रुपये गिर कर 7,98,086.90 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 20,050.25 करोड़ रुपये कम होकर 5,69,819.04 करोड़ रुपये के स्तर पर, हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 12,805.27 करोड़ रुपये घट कर 5,48,617.81 करोड़ रुपये के स्तर पर और आईटीसी का मार्केट कैप 6,943.50 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,81,252.32 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 16,32,004.17 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 15,08,036.97 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 13,54,709.35 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,07,449.04 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 8,98,786.98 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,98,086.90 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,25,125.38 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,81,252.32 करोड़ रुपये), भारतीय जीवन बीमा निगम (कुल मार्केट कैप 5,69,819.04 करोड़ रुपये) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,48,617.81 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

सर्दियों में एक महीने तक रोजाना खाकर देखिए गोंद के लड्डू, सेहत को मिलेंगे कई बेमिसाल फायदे

सर्दियों में कई घरों में गोंद के लड्डू बनाए जाते हैं। इससे न सिर्फ आप ठंड के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचते हैं बल्कि शरीर को भी अंदर से गर्माहट मिलती है। आइए आज आपको रोजाना एक महीने तक गोंद के लड्डू खाने से होने वाले फायदों (Gond Ladoo Health Benefits) के बारे में बताते हैं जिन्हें जानकर आप भी इन्हें अपनी डाइट का हिस्सा बना लेंगे।

र्दी की बर्फीली हवाओं से खुद को बचाने के लिए हम गर्म कपड़े पहनते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शरीर को अंदर से गर्म रखना भी उतना ही जरूरी है? खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें सर्दी के मौसम में बहुत ज्यादा ठंड लगती है। बता दें कि यह शरीर में कमजोरी के कारण होता है। ऐसे में, यहां गोंद एक कारगर औषधि साबित हो सकता है। प्रकृति का यह अनमोल तोहफा न सिर्फ शरीर को अंदर से गर्म रखता है बल्कि सेहत से जुड़ी कई समस्याओं से राहत भी दिलाता है। आपने अक्सर सुना होगा कि प्रेग्नेंट या ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं को गोंद के लड्डू खिलाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि रोजाना गोंद के लड्डू खाने से आपकी सेहत को क्या-क्या फायदे (Benefits of Eating Gond Ladoo) मिल सकते हैं? अगर नहीं, तो आइए जानें।

हार्मोनल बैलेंस में मददगार

शरीर में हार्मोनल बैलेंस बनाए रखने के लिए गोंद के लड्डू एक नेचुरल और असरदार नुस्खा साबित हो सकते हैं। एक महीने तक रोजाना गोंद के लड्डू खाने से न सिर्फ आपका पाचन तंत्र मजबूत होता है बल्कि प्रेग्नेंसी के बाद होने वाले हार्मोनल उतार-चढ़ाव को भी कम करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, पीरियड्स के दौरान होने वाली परेशानियों जैसे कि पेट दर्द और ऐंठन को भी कम किया जा सकता है।

थकान और सुस्ती से छुटकारा

सर्दियों में अक्सर हम थकान और सुस्ती महसूस करते हैं। ऐसी स्थिति में गोंद के लड्डू एक स्वादिष्ट और पौष्टिक ऑप्शन हो सकते हैं। इनमें मौजूद गोंद, मेवा और गुड़ आपके शरीर को तुरंत एनर्जी देता है। इसके अलावा, ये थकान और कमजोरी को दूर करने में भी मददगार होते हैं। गोंद के लड्डू में मौजूद पोषक तत्व इम्युनिटी बढ़ाने और शरीर को गर्म रखने में भी मदद करते हैं।

ओवरईटिंग से बचाए

गोंद के लड्डू खाने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इसमें मौजूद ड्राई फ्रूट्स और गोंद फाइबर से भरपूर होते हैं, जो आपके पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हुए आपको लंबे समय तक भरा रखते हैं। इसके चलते आप बार-बार खाने की इच्छा महसूस नहीं करते और ओवरईटिंग से बच जाते हैं। इस तरह, गोंद के लड्डू वेट लॉस के टारगेट को अचीव करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

इम्युनिटी बढ़ाने में कारगर

गोंद में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। ये एंटीऑक्सीडेंट्स हमारे शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं जो कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। गोंद के लड्डू खाने से हमारी इम्युनिटी मजबूत होती है और हम तरह-तरह के इन्फेक्शन से बेहतर तरीके से लड़ सकते हैं। इसके अलावा, गोंद में मौजूद विटामिन और न्यूट्रिएंट्स हमें हेल्दी रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

जोड़ों के दर्द में फायदेमंद

गोंद के लड्डू सिर्फ स्वादिष्ट ही नहीं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद हैं। गोंद और इसमें मौजूद मेवों में पाए जाने वाले औषधीय गुण जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इनमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सूजन को कम करते हैं और मांसपेशियों के दर्द से राहत दिलाते हैं।

निस्तेज विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलेगा

बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे।

विपक्ष बात-बात पर तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात का बतंगड़ बनाकर देश का भारी नुकसान कर रहा है। संसद को चलने नहीं दे रहा है, आधे-अधूरे बयान के हिस्से को प्रचारित कर घटिया एवं सस्ती राजनीति करते हुए देश को गुमराह कर रही है। बेबुनियाद एवं भ्रामक मुद्दों को उछाल कैसे गुल खिलाये, कैसे देश को अंधेरों में धकेला जाये, इसी फिराक में कांग्रेस एवं समूचा विपक्ष दिनरात लगा है, इसका प्रमाण है गत दिवस संसद में गृह मंत्री अमित शाह के डा. आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा, तीखी नोकझोंक एवं होहल्ला। इस हंगामे का आधार यह है कि गृह मंत्री ने यह कह कर आंबेडकरजी का अपमान कर दिया कि यदि आंबेडकर, आंबेडकर करने वाले इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मुश्किल यह है कि हंगामा करने वाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से आंबेडकरजी का अपमान कैसे हो गया? विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं।बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अतः सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए? गांधी और नेहरू ने इस विचारधारा का विरोध किया? गांधी तो विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए? बाबा साहेब ने गांधी से समझौता कर संविधान को मुस्लिम के अनुसार ड्राफ्ट कर दिया? फिर भी नेहरू बाबा साहेब के विरुद्ध लगातार लगे रहे। यहां तक आंबेडकर के चुनाव लड़ने पर नेहरू ने उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी खड़ा कर उन्हें हरवा दिया? विडम्बना देखिये कि आंबेडकर के सचिव नारायण सदोबा काजरोलकर को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने न केवल दो बार उन्हें चुनाव में हराया बल्कि केन्द्र सरकार में उनकी घोर उपेक्षा लगातार जारी रखी। इसी से नाराज होकर आंबेडकर ने मंत्री पद से इस्तिफा देते हुए नेहरू पर गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं आंबेडकर ने स्वयं के बनाये संविधान को जला देने की बात भी इसलिये कही थी कि संविधान का संचालन गलत हाथों में है।

इतिहास की इन त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों के बावजूद आखिर कांग्रेस किस आधार पर आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही है। अपने आरोप को पुष्ट करने के लिए विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को तो प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए तैयार नहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि डा. आंबेडकर का नाम लेने वालों ने किस तरह उनके विचारों के खिलाफ काम किया और उन्हें अपमानित करने में भी संकोच नहीं किया। लगता है कांग्रेस को यही नागवार गुजरा और इसी कारण वह संसद के भीतर-बाहर इस मामले को तूल देने में जुट गई। इसे तूल देने के लिए उसके नेताओं की ओर से संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा बरपाया कि दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। ये तर्क एवं त्रासद स्थितियां संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाली है। कांग्रेस के तर्कों का स्तर न केवल राजनीतिक विमर्श का गिराने वाला ही नहीं, बल्कि यह बताने वाले भी हैं कि नेतागण किस तरह तिल का ताड़ बनाने में माहिर हो गए हैं। कांग्रेस भाजपा के बारे में तथ्यहीन एवं भ्रामक अफवाहें फैला रही है। कांग्रेस नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक गरीब और बेरोजगारी का गीत गाते रहे हैं, लेकिन उनके शासनकाल में न तो गरीब खत्म हुए और न बेरोजगारी? नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो ऐसी हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है।

राजनीतिक बहस का स्तर इतना छिछलादार, स्तरहीन एवं बेबुनियाद नहीं होना चाहिए। झूठ को जोर-जोर से चिल्लाकर कहने से वह सच नहीं हो जाता। यह अच्छा हुआ कि गृह मंत्री ने अपने बयान पर कोई सफाई देने के बजाय दो टूक यह कहना उचित समझा कि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए। वैसे यह तय है कि विपक्षी नेता ऐसा नहीं करने वाले, क्योंकि उन्हें यही साबित करना है कि आंबेडकरजी का अपमान हो गया, संविधान खतरे में आ गया इसलिये गृहमंत्री को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए। आखिर इसे मूर्खतापूर्ण राजनीति न कहा जाए तो क्या कहा जाए? इस पर हैरानी नहीं कि राहुल गांधी को फिर से यह नजर आने लगा कि मोदी सरकार संविधान बदलने जा रही है। कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान को लेकर आसमान सिर पर उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस सच को नहीं छिपा सकते कि उनके शासनकाल में डा. आंबेडकर की किस तरह उपेक्षा और अनदेखी की गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जहां जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न से सम्मानित कर दिया गया, लेकिन आंबेडकरजी को यह सम्मान दशकों बाद 1990 में मिल सका। यहां तक संसद के केन्द्रीय कक्ष में मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू एवं इन्दिरा गांधी की तस्वीरें तभी लग गयी लेकिन आंबेडकर की तस्वीर वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री रहते लगायी गयी। क्या कांग्रेस बता सकेगी कि ऐसा क्यों हुआ? क्यों आंबेडकर की लगातार उपेक्षा होती रही?डा. आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 के अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था कि संविधान कितना अच्छा होगा, यह आगे चलकर उसे चलाने वालें सत्ता नेतृत्व की मानसिकता एवं नीयत पर निर्भर करेगा। 1975-77 में यह शब्दशः सत्य सिद्ध हुआ, जब पद पर बने रहने की लालसा ने संविधान के साथ अत्याचार करते हुए आपातकाल लागू किया गया, जिसे इतिहास भूलेगा नहीं। लेकिन आज जो संविधान बचाने का शोर सुनाई दे रहा है और जिसकी प्रति संसद से संभल तक लहराई जा रही है, वह देश का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है, जनता को गुमराह करने की कुचेष्टा मात्र है। निश्चित ही यह दयनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद है कि सत्ता पाने के लिए व्याकुल लोगों की व्यग्रता अब घातक उग्रता के रूप में प्रकट हो रही है। संसद के कार्य संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, वे न तो भारत के संविधान के प्रति कोई आदरभाव प्रकट करते हैं, न ही आंबेडकर के प्रति कोई श्रद्धा प्रकट करते हैं। आज हमारे विपक्ष के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है जो इस स्थिति से देश को बाहर निकाल सके, राष्ट्रीय चरित्र को जीवित रखने का भरोसा दिला सके। प्रश्न है कि निराश करने वाला विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलता रहेगा?

संपादकीय

असंसदीय कृत्य

जब देश की नई संसद में सदन की कार्रवाई शुरू हुई, तो विश्वास था कि देश में संसदीय मर्यादाओं को नई गरिमा मिलेगी। लेकिन हाल ही में संपन्न शीतकालीन सत्र के दौरान हुए हंगामे ने देश के आम जनमानस को गहरे तक निराश ही किया। सड़क पर सांसदों की धक्का-मुक्की और आरोप-प्रत्यारोपों ने उन मतदाताओं को ठेस पहुंचायी, जिन्होंने उन्हें अपने प्रतिनिधि के रूप में चुना था। आरोप-प्रत्यारोप तो सांसदों की पुरानी परंपरा रही है, लेकिन इस बार तो बात धक्का-मुक्की से लेकर थाने तक जा पहुंची। ऐसे में सवाल किया जा सकता है कि जब हमारे माननीयों का व्यवहार ऐसा होगा तो आम आदमी से क्या उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, महाराष्ट्र चुनाव में करारी शिकस्त से पस्त विपक्ष सरकार पर हमले के लिये मुद्दे की तलाश में था। उन्हें मुद्दा खुद गृहमंत्री अमित शाह ने दे दिया। संविधान के रचयिताओं में अग्रणी डॉ. बी.आर. अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणी के बाद एनडीए और इंडिया गठबंधन के सांसदों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला कालांतर टकराव में बदल गया। निश्चय ही राजनेताओं के व्यवहार से देश-विदेश में कोई अच्छा संदेश नहीं गया। जिन सांसदों के हाथ में कानून की गरिमा बनाये रखने की जिम्मेदारी है, वे हाथ ही धक्का-मुक्की में लिप्त होने लगे। जो जनप्रतिनिधियों की कथनी-करनी के अंतर को ही दर्शाता है। सही मायनों में यह मतदाताओं का भी अपमान है जिन्होंने उन्हें चुनकर संसद में भेजा है। निस्संदेह, जब अमित शाह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का नाम जपना एक फैशन बन गया तो ऐसा करके उन्होंने अपना कद कदापि नहीं बढ़ाया। इस तरह उन्होंने संविधान के जनक को एक अनावश्यक विवाद में घसीट लिया। महाराष्ट्र चुनाव में पराजय के बाद खस्ता हाल में आये विपक्ष को इस विवाद ने राजग पर एकजुट हो हमलावर होने का अवसर दे दिया है। विपक्ष ने भी मुद्दे को तुरंत लपक लिया। लेकिन इस तरह के विवाद को असंसदीय ही कहा जाएगा।कालांतर में स्थिति यहां तक पहुंच गई कि शाह की बयानबाजी के बचाव में खुद प्रधानमंत्री को उतरना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक स्वार्थ के लिये दुर्भावनापूर्ण झूठ का सहारा लेने का आरोप भी लगाया। निस्संदेह, डॉ. बी.आर. अंबेडकर एक ऐसे राष्ट्रीय प्रतीक हैं, जिनकी गरिमा को कोई भी राजनीतिक पार्टी नजरअंदाज नहीं कर सकती। यह स्पष्ट ही है कि राजनीतिक लाभ के लिए दोनों प्रमुख पार्टियां उनकी विरासत पर कब्जा करने को यह खेल खेल रही हैं। उनका अमर्यादित व्यवहार इस स्थिति को और गंभीर बना देता है। विडंबना ही है कि ये स्थितियां तब पैदा हुईं जब देश संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी समारोह आयोजित कर रहा था। दुनिया को यह बताने का प्रयास कर रहा था कि लोकतंत्र, न्याय और समानता की कसौटी पर यह जीवंत दस्तावेज खरा उतरा है। निस्संदेह, इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि संविधान के आदर्शों को बनाये रखना सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उनकी प्राथमिकता सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की होनी चाहिए, न कि आरोप-प्रत्यारोप व टकराव की सीमाएं लांघने की। वे कम से कम लोकतंत्र के मंदिर की मर्यादा और गरिमा को बनाये रखने का दायित्व तो निभा ही सकते हैं। यदि ऐसा न हुआ तो लोकतंत्र का यह मंदिर प्रहसन के रंगमंच में बदल जाएगा। साथ ही भारत के विश्व गुरु व विश्व बंधुत्व के नारे में भी कोई तार्किकता नहीं रह जाएगी। आज देश बेरोजगारी, महंगाई तथा विकास से जुड़ी तमाम समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे विवादों से तो मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकता है। जबकि जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता जन कल्याण के रास्ते तलाशना होना चाहिए। निश्चित रूप से देश-दुनिया में इस विशालतम लोकतंत्र की कारगुजारियों का अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। हमारे जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए कि जनता के करों के पैसे से चलने वाले सदन ने शीतकालीन सत्र में क्या हासिल किया। निश्चित रूप से इस सत्र के दौरान होने वाले अप्रिय विवादों से देश-दुनिया में कोई अच्छा संदेश तो कदापि नहीं गया है।

नाकाम अमेरिकी स्वास्थ्य सेवाएं भारत के लिए सबक

अमेरिका की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा प्रदाता कंपनी यूनाइटेड हेल्थ केयर के सीईओ ब्रायन थॉम्पसन की इस महीने की शुरुआत में हुई

स्वास्थ्य सेवा के बारे में अमेरिका में फैली निराशा भारत के लिए महत्वपूर्ण सबक है क्योंकि चिंता इस बात की है कि स्वास्थ्य सेवा के मामले में हम अमेरिकी मॉडल की ओर झुक सकते हैं। यदि यह झुकाव पहले से ही नहीं है तो भी इसे अपनाना भारत में विनाशकारी साबित होगा जहां स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और भी अधिक चरमरा गई है। भारत में सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों के साथ विश्व स्तरीय देखभाल एवं उच्च मानकों का दावा किया गया है जो इलाज में बढ़ती लागत प्रदान करते है

अमेरिका की एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा प्रदाता कंपनी यूनाइटेड हेल्थ केयर के सीईओ ब्रायन थॉम्पसन की इस महीने की शुरुआत में हुई हत्या पर अमेरिकी जनता ने अपनी गहरी भावनाएं व्यक्त की हैं। शूटर के प्रति जनता के मन में सहानुभूति है। उसके इस कृत्य की तारीफ भी की जा रही है। थॉम्पसन की जान लेने वाली गोलियों पर तीन %डी%- %डिनाय%, %डिले%, %डिफेंड% (इनकार, देरी, बचाव) लिखा था पर इन्हें जरूर समझा जाना चाहिए जिनकी वजह से यह वारदात हुई।

तीन %डी% एक संक्षिप्त शब्द बन गया और उन आलोचकों के लिए एक हथियार सा बन गया है जो इस बात पर नजर रखे हुए हैं कि किस तरह बीमा कंपनियां दावों को अस्वीकार करने या देरी करने और अपने सभी कॉर्पोरेट के साथ अपनी हरकतों का बचाव करके मरीजों को इतना हताश कर देती हैं कि चिकित्सा दावों के भुगतान मामलों में वे अपने दावे के बीच में ही हार मान लें। यह विलंब कॉर्पोरेट रणनीति का हिस्सा है जो बीमा कंपनियों के मुनाफे, कर्मचारियों को उच्च वेतन और दिवंगत सीईओ ब्रायन थॉम्पसन जैसों को बोनस बांटता है। कंपनी की टीमें एक तरफ कथित तौर पर बैकएंड पर दावों के इनकार पर काम करती हैं जबकि फ्रंटएंड में- उदाहरण के तौर पर यूनाइटेड हेल्थ केयर के मामले में चीफ अफोर्डेबिलिटी ऑफिसर जैसे लोग नियुक्त किए जाते हैं जो आपके स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली एक रंगीन तस्वीर दिखाते हैं।स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का यह एक ऐसा पहलू है जो अत्यधिक जटिल है, जहां बड़े पैमाने पर निजीकरण और मुनाफे के साथ तीव्र प्रतिस्पर्धा है जो इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में शीर्ष दो या तीन सबसे अधिक लाभदायक क्षेत्र बनाता है। वैश्विक शोध फर्म आईबीआईएस वर्ल्ड के अनुसार 2024 में स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा व अस्पतालों को मिलाकर अनुमानित 267 अरब अमेरिकी डालर का कुल लाभ हुआ जिसकी वजह से यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संयुक्त रूप से तीसरा सबसे बड़ा लाभदायक उद्योग बन गया। मैकिन्से ने जनवरी 2024 में एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि हेल्थ केयर प्रॉफिट पूल 7 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ेगा जो 2022 के 583 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2027 में 819 अरब अमेरिकी डॉलर हो जाएगा।यह एक ऐसी व्यवस्था है जिससे भारत ही नहीं बल्कि दुनिया को भी सावधान रहने की जरूरत है। एक अत्यधिक लाभ केन्द्रित क्षेत्र में जहां जनता का स्वास्थ्य ही पैसा कमाने का जरिया हो यह उन सभी चीजों की ओर इशारा करती है जो स्वास्थ्य क्षेत्र के संचालन के तरीके में शामिल नहीं होने चाहिये। इस बात से सबक लेना चाहिए है कि अब जो गुस्सा निकल रहा है वह सतह के नीचे था और लंबे समय तक टुकड़ों-टुकड़ों में देखा गया था।

गौर करें कि मारे गए सीईओ ने दो साल पहले लिंक्डइन प्लेटफॉर्म पर एक संदेश पोस्ट किया था जिसमें कहा गया था- स्वास्थ्य देखभाल को और अधिक किफायती बनाना ... (है) अभी पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। दवा की कीमतों को कम करना और मूल्य पारदर्शिता में सुधार करना दो तरीके हैं जिनके माध्यम से हम यूनाइटेड हेल्थकेयर के सदस्यों के लिए लागत कम करने के लिए काम कर रहे हैं। उस पोस्ट के नीचे की टिप्पणियां आंखें खोलने वाली थीं। एक ने लिखा- मुझे फेफड़ों का स्टेज-4 का मेटास्टैटिक कैंसर है। चिकित्सा दावों के लिए सभी अस्वीकृतियों के कारण हमने यूएचसी छोड़ दिया है। मनाही करने के लिए हर महीने एक अलग कारण होता है। इलाज के लिए आज तक हम 20,000 डॉलर से अधिक खर्च कर चुके हैं और इससे अधिक खर्च करना हमारी इस साल की आर्थिक क्षमता के बाहर है। चूंकि हमारी उम्र 60 साल से अधिक हैं- हमारे पास इसे फिर से भरने का समय नहीं है। कई अन्य लोगों ने इस नाराजगी पर सहमति जाहिर की हालांकि पोस्ट पर कई लाइकभी दर्ज किए।आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड हेल्थ केयर ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया कि अमेरिका की सभी बीमा कंपनियों की तुलना में इसकी उच्चतम इनकार दर है। कंपनी ने कहा कि वह लगभग 90 प्रतिशत चिकित्सा दावों को मंजूरी देती है और भुगतान करती है। लेकिन अन्य सर्वेक्षणों और रिपोर्टों ने बढ़ती लागत और बढ़ते दावों को नकारने पर निराशा और चिंताओं की ओर इशारा किया है। बीमा कंपनियों ने सामान्य रूप से इस प्रक्रिया को एक रोड ब्लॉक में बदल दिया है जिसे पार करने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता होती है। हालांकि अब समूह के सीईओ एंड्रयू विट्टी इस बात से सहमत हो गए हैं कि प्रणाली %त्रुटिपूर्ण% है।स्वास्थ्य सेवा के बारे में अमेरिका में फैली निराशा भारत के लिए महत्वपूर्ण सबक है क्योंकि चिंता इस बात की है कि स्वास्थ्य सेवा के मामले में हम अमेरिकी मॉडल की ओर झुक सकते हैं। यदि यह झुकाव पहले से ही नहीं है तो भी इसे अपनाना भारत में विनाशकारी साबित होगा जहां स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और भी अधिक चरमरा गई है। भारत में सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों के साथ विश्व स्तरीय देखभाल एवं उच्च मानकों का दावा किया गया है जो इलाज में बढ़ती लागत प्रदान करते हैं, जो अमीरों की देखभाल करते हैं तथा बाकी को छोड़ देते हैं। इस तरह भारतीय प्रणाली अमेरिका की तुलना में कई अधिक बोझ उठाती है। भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा अनुमान 2021-22 के अनुसार, कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में जेब से बाहर का खर्च लगभग 40 फीसदी है।अमेरिकी प्रणाली अभी भी कई लोगों के लिए काफी अच्छी तरह से काम करती है। भारतीय प्रणाली के विपरीत वहां दवाएं निर्धारित की जाती हैं और उनके लिए भुगतान किया जाता है। बीमा या भुगतान करने की क्षमता हो या न हो, कोई भी अस्पताल आपातकालीन इलाज से इनकार नहीं कर सकता है। अस्पताल अग्रिम भुगतान की मांग नहीं करते हैं जैसी प्रथा भारत के लगभग सभी अस्पतालों में है।अमेरिका में बाद की तारीख के लिए निर्धारित बिलों की वसूली के साथ दिल की बीमारियों जैसी महत्वपूर्ण या उच्च लागत वाली सर्जरी सहित किसी आपातकालीन मामले में इलाज किया जाना करना पूरी तरह से संभव है।भारत में इनमें से किसी भी तरीके काम नहीं किया जाता है।

भारतीयों की हताशा सबसे पहले उन लोगों के लिए देखभाल से इनकार करने पर है जो इलाज का भारी भरकम शुल्क वहन नहीं कर सकते। दूसरों के लिए यह डॉक्टर की सलाह की बढ़ी फीस, भारतीय अस्पतालों में कमरे के बढ़ते किराए और कई मामलों में डॉक्टरी पेशे के साथ बढ़ता मोहभंग तथा रोगियों के इलाज के तरीके हैं। बीमा लागत नाटकीय रूप से बढ़ी है तथा भारत में बुजुर्गों को कवरेज से वंचित कर दिया जाता है या कवरेज लागत नकारात्मक है।अगर अमेरिका में व्याप्त व्यक्तिवादी, मुक्त बाजार, पूंजीवादी व्यवस्था में इस तरह का विद्रोह देखने को मिल सकता है तो कम से कम भारत को अमेरिकी व्यवस्था के करीब जाने या उसे अपनाने से सावधान रहने की जरूरत है। इसी मामले में जापान के बारे में विचार करें जहां 1960 के दशक में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा कवरेज आया। वहां लगभग सभी बीमारियों के उपचार कवर किए गए हैं, अधिकांश सेवाएं एक व्यवस्थित और दीर्घकालिक देखभाल बीमा प्रणाली के जरिए सस्ती हैं।

स्वस्थ रहने के लिए फल-सब्जियां खाएं छिलके समेत

अगली बार जब भी आप सेब खाने से पहले उसका छिलका उतारना शुरू करें तो दो बार सोचें। यदि विशेषज्ञों की राय मानें तो कई फलों तथा सब्जियों को छिलके समेत खाना अत्यधिक स्वास्थ्यवर्धक होता है।

क्लीनिकल न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं, ''लोग जो भोजन तैयार करते हैं उसके बारे में बुनियादी पोषक तथ्यों को नजरअंदाज कर जाते हैं। विभिन्न खाद्यों को छिलके के बगैर खाने से उसके जरूरी पोषक तत्वों के लाभ से हम वंचित रह जाते हैं। उदाहरण के लिए बादाम का छिलका एंटी ऑक्सीडैंट्स का बढिया स्रोत है। बादाम के छिलके में मौजूद फ्लेवनॉएड्स इसमें मौजूद विटामिन ई के साथ मिलकर एंटी ऑक्सीडैंट गुणों को दोगुना कर देते हैं। बादाम के छिलके में पॉलीफिनोल्स भी होते हैं जो हृदय रोगों के खतरे को कम करते हैं और बुरे कोलैस्ट्रॉल की ऑक्सीडेशन को रोकते हैं जो धमनियों को नुक्सान पहुंचाता है। बादामों में फाइबर, प्रोटीन, फैटी एसिड्स, विटामिन्स, मिनरल्स तथा फाइटोन्यूट्रीएंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं।''

एक अन्य डाइटीशियन कहते हैं, ''कुछ फलों तथा सब्जियों के छिलकों का सेवन करने से विटामिन की हमारी खपत बढ़ती है, हमारी ऊर्जा का स्तर ऊंचा होता है और यहां तक कि कैंसर से लडने में भी सहायता मिलती है। फलों के छिलके में पोटाशियम तथा स्वास्थ्यवर्द्धक सोडियम भरपूर मात्रा में होता है। ये आंतडियों की सफाई करने में सहायक होते हैं।''

संतरे तथा नींबू के छिलकों को केक्स तथा पेस्ट्रीज में शामिल किया जा सकता है। संतरे का छिलका न सिर्फ स्वाद बढ़ाता है बल्कि फल से चार गुना अधिक फाइबर उपलब्ध करवाता है। छिलके समेत खीरे में भी कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। यह विटामिन के (ब्लड क्लॉटिंग के लिए जरूरी), विटामिन सी तथा मैग्नीशियम का प्रमुख स्रोत है।''

कुछ फलों के छिलके

केला – केले का छिलका सेरोटोनिन से भरपूर होता है जो एक एंटी डिप्रैसैंट है।

सिट्रस फल – नींबू तथा नारंगी में लीमोनीन तथा रयूटिन नामक शक्तिशाली फ्लेवनॉएड्स होते हैं। ये बुरे कोलैस्ट्रॉल को कम करने में सहायक होते हैं।

सेब – सेब फ्लेवनॉएड्स जैसे एंटी ऑक्सीडैंट्स, पोटाशियम तथा फाइबर के भरपूर स्रोत होते हैं। सेब के छिलके में इस फल के मुकाबले दोगुना अधिक एंटी ऑक्सीडैंट्स होते हैं।

कीवी – इसके फर वाले छिलके में एंटीऑक्सीडैंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। ऐसा माना जाता है कि इसमें कैंसर विरोधी और सूजन विरोधी गुण होते हैं।

अनानास – इसके छिलके में ब्रोमीलेन मौजूद होता है, जो मृत मानवीय कोशिकाओं को तोड़ता है। इस प्रकार पेट तथा आंतडियों की परतों की रक्षा होती है।

सब्जियों के छिलके

हरी पत्ता गोभी – इसका छिलका कैल्शियम, विटामिन सी, घुलनशील फाइबर, प्रोटीन्स तथा एंटीऑक्सीडैंट्स से भरपूर होता है।

आलू – इसका छिलका घुलनशील फाइबर, पोटाशियम, आयरन, फासफोरस तथा विटामिन सी से भरपूर होता है।

टमाटर – इसका छिलका लाइकोपीन नामक एंटीऑक्सीडैंट से भरपूर होता है जिसमें कैंसर तथा सूजन विरोधी गुण पाए जाते हैं। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है।

लहसुन – इसके छिलके में मौजूद एंटीऑक्सीडैंट्स एजिंग को रोकने के साथ ही हृदय की रक्षा भी करते हैं।

अगली बार जब भी आप सेब खाने से पहले उसका छिलका उतारना शुरू करें तो दो बार सोचें। यदि विशेषज्ञों की राय मानें तो कई फलों तथा सब्जियों को छिलके समेत खाना अत्यधिक स्वास्थ्यवर्धक होता है।

अच्छा कोलेस्ट्रॉल भी हो सकता है दिल का दुश्मन

बुरा कोलेस्ट्रॉल दिल के लिए खतरनाक है। आप इस बात से तो हम सभी वाकिफ थे, लेकिन अब अच्छे कोलेस्ट्रॉल को भी इसी श्रेणी में शामिल किया जा सकता है। अमेरिका में ओहिया राज्य के क्लीवलैंड क्लीनिक के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए एक शोध में यह खुलासा हुआ है। इस शोध में पता चला है कि अभी तक दिल का सच्चा साथी माने जाने वाला अच्छा कोलेस्ट्रॉल अर्थात हाई डेंसिटी लाइपोप्रोटीन (एचडीएल) दिल के लिए घातक भी साबित हो सकता है। यह असामान्य रूप से धमनियों में जमकर खून के बहाव को भी बाधित कर सकता है और इस तरह यह भी दिल के दौरे और दिल से जुड़ी दूसरी बीमारियों का कारण बन सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि शोध में द्वारा नए सिरे से किए गए खुलासे के बावजूद लोगों को स्वास्थ्यवर्धक भोजन का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन दिल के संबंध में एचडीएल की कहानी कुछ ज्यादा ही पेचीदा है।

उच्च कार्बोहाइड्रेट आहार भी बीमारियों का कारण

नवीनतम शोधों से पता चला है कि मैदे से बनी ब्रैड, आलू, परिष्कृत चावल और पास्ता जो कार्बोहाइड्रेट के उत्तम स्रोत हैं, का सेवन स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक है। हाल ही में एक शोध में कुछ महिलाओं को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन ब्रैड, आलू, पास्ता, परिष्कृत चावल आदि का सेवन करवाया गया और कुछ महिलाओं को रेशेयुक्त आहार जैसे अनाज की ब्रैड और गेहूं का दलिया आदि का सेवन करवाया गया।

जिसमें शोधकर्ताओं ने कार्बोहाइड्रेट युक्त आहार का सेवन करने वाली महिलाओं को रेशेयुक्त आहार का सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में अढ़ाई गुणा अधिक 'टाइप टू डायबिटीज' होने की संभावना पाई। इस शोध से शोधकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि उच्च कार्बोहाइड्रेट आहार जिसमें रेशे की मात्रा कम हो, गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इससे पूर्व हुए अन्य शोधों से यह भी पता चला है कि रेशेयुक्त आहार का सेवन न करने से हृदय रोगों, कैंसर (पेट, आंत) होने की संभावना भी अधिक होती है।

नींद न आए तो इन्हें आजमाएं

- सोने से पहले एक गिलास हल्का गर्म दूध पिएं। यह बिना किसी रुकावट के नींद लाने में मदद करता है। इसमें एमिनो एसिड होता है जो शरीर की तंत्रिकाओं को शांत करता है, जिससे नींद अच्छी आती है।
- दिन भर में अच्छी मात्रा में दही खाएं।
- सोने से पहले चुटकी भर जायफल का पाऊडर दूध या पानी में मिला कर पिएं।
- आधे-आधे चम्मच खसखस, चीनी और शहद का पेस्ट बनाएं और सोने से पहले इसे खाएं।
- दूध में 2 बड़े चम्मच शहद मिलाकर पिएं।
- रात को खाने में सलाद की जगह कच्चा प्याज खाएं। इसको खाने से मुंह से दुर्गंध आती है, तो ब्रश करके सोएं। इसमें मौजूद खास तरह के रसायन नींद लाने में मदद करते हैं।
- अपने सोने और उठने का खास समय निर्धारित कर लें और कोशिश करें कि उसी वक्त पर सोएं और उसी वक्त पर उठें। इस कोशिश में अलार्म घड़ी की सहायता लें।
- सोने से पहले पानी में तुलसी या पोदीना पत्तियां डालकर गुनगुने पानी से स्नान करें। यह शरीर का तापमान पहले तो बढ़ाएगा, फिर धीरे-धीरे ठंडक प्रदान करेगा।
- हल्के व ढीले कपड़े पहन कर कुछ पढ़ते-पढ़ते सोएं। नींद में जल्दी ध्यान केंद्रित होगा और कुछ ही समय में आप नींद के आगोश में होंगी।
- किसी तरह के मद्य-व्यसन के प्रयोग से बचें।
- फल या फलों का रस, सब्जियां और साग अपनी रूटीन डाइट में शामिल करें।
- सोने से पहले ढेर सारा पानी न पिएं। बार-बार यूरिन आने के कारण नींद मे व्यवधान पड़ेगा।
- चीनी की बजाय शहद मिला कर पिएं क्योंकि चीनी तुरंत ऊर्जा देती है। भले ही यह ऊर्जा कम समय के लिए ही बनी रहे, पर इससे शूगर लैवल बढ़ और गिर सकता है और नींद में खलल पैदा हो सकता है।
- सोने से पहले 3-4 बार गहरी व लम्बी सांसें लें।
- नियमित रूप से दिन में कम से कम 20 मिनट के लिए व्यायाम करें। यह नींद का स्तर और समय दोनों को प्रभावित करेगा।

गर्भवती मां के खान-पान से पड़ सकता है बच्चे के दिमाग पर असर

गर्भवती महिला के खानपान में वसायुक्त पदार्थों की अधिकता बच्चे के दिमाग को प्रभावित कर सकती है, जिससे आगे चलकर जीवन में बच्चे के मोटे होने की आशंका बढ़ जाती है। हाल ही में अमेरीका के येल स्कूल ऑफ मैडिसिन में जानवरों पर किए गए एक अध्ययन में यह पता चला कि वसायुक्त भोजन से चूहों के बच्चों के दिमाग में बदलाव आ गया। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि उनके इस अध्ययन से मोटे लोगों के बच्चों के भी आगे मोटे होने की व्याखया की जा सकती है। अध्ययन के दौरान कुछ चुहियों को वसायुक्त भोजन दिया गया और कुछ को सामान्य, जिन चुहियों को वसायुक्त भोजन दिया गया, उनके बच्चों के दिमाग में हाईपोथेलेमस वाले भाग में बदलाव देखा गया। दिमाग का यह भाग शरीर में उपापचय (मैटाबोलिज्म) की दर को नियंत्रित करता है।

वेडिंग हेयर स्टाइल

आप अपनी वेडिंग में अलग दिखना चाहती हैं तो ट्रेंडी हेयर स्टाइल ट्राई कर सकती हैं। इन दिनों इंटर नैशनल हेयर स्टाइल की धूम है। ब्राइड भी इन्हें खूब आजमा रही हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट संगीता चौहान कहती हैं, 'अधिकतर दुल्हन हेयर स्टाइल में जूड़ा बनवाना पसंद करती हैं और अट्रैक्टिव बनाने के लिए इस पर फूल लगवा लेती हैं। लेकिन इस वेडिंग सीजन में ट्रेंडी हेयर स्टाइल फैशन में हैं। यह इंटरनैशनल हेयर स्टाइल है। अगर आप ग्लैमरस लुक चाहती हैं, तो इन हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।'

दुल्हन का हेयर स्टाइल उसकी ड्रेस और फेस कट को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। अगर दुल्हन सिर पर दुपट्टा रखती है तो जूड़ा बनवा सकती है। आजकल मार्केट में रेडीमेड डिजाइनर जूड़े खूब आ रहे हैं। आप अपनी पसंद का जूड़ा खरीद सकती हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट भारती तनेजा कहती हैं, 'अगर सगाई या रिंग सेरेमनी में हेयर स्टाइल की बात है, तो उसमें स्ट्रेटिंग या खुले बाल रख सकती हैं, लेकिन शादी के मौके पर दुल्हन का हेयर स्टाइल कुछ डिफरेंट होना चाहिए। यही वजह है कि इन दिनों इंटरनैशनल हेयर स्टाइल ट्रेंड में हैं। दुलहन का हेयर स्टाइल उसके फेस कट के अनुसार होना चाहिए।' अगर फेस गोल या स्क्वायर है, तो आप फ्रंट के बालों को कर्ल करवा सकती हैं और बाकी बालों का ऊंचा-सा जूड़ा फबेगा। आजकल फ्रेंच नॉट जूड़ा फैशन में है। ब्यूटी एक्सपर्ट संगीता कहती हैं, 'पियर फेस वाली लड़कियों को ऊंचा जूड़ा व चोटी नहीं करनी चाहिए। आप अपने बालों में सेमी कलर्स या फ्रंट आपन जूड़ा बनवा सकती हैं। एबलॉग फेस वाली लड़कियों पर ऊंचा जूड़ा सूट नहीं करता। ऐसे में बालों का लेयर बनवा लें या आर्टिफिशल कर्ली बाल लगवा लें। अगर आप ग्लैमरस लुक चाहती हैं, तो ड्रेस से मैच करता हुआ सैटन बालों में लगवाएं। अगर दुलहन का फेस हार्ट शेप में है, तो फेस पर टॉप नॉट के साथ सेंटर पर फ्लिक खूब फबेगा।

संगीता कहती हैं कि उनके पार्लर में अब तक जितनी भी ब्राइड की बुकिंग हुई है, वे सभी इंटरनैशनल हेयर स्टाइल बनवा रही हैं। इन हेयर स्टाइल में आर्टिफिशल बाल यूज किए जाते हैं। यह कई वैरायटी व डिजाइन में हैं। इन्हें ब्राइड के बालों पर सेट करने के बाद उस पर हेयर एक्सेसरीज लगा दें। एक्सेसरीज में स्टोन, फ्लॉवर, स्टिक्स, कॉम्बोज खास हैं। एक्सेसरीज दुलहन की ड्रेस से मैच करती होनी चाहिए, ताकि हेयर स्टाइल ड्रेस से मैच करें।

अगर दुल्हन को मांग टीका लगाया है, तो उसके लिए अलग हेयर स्टाइल हैं। इन हेयर स्टाइल की खूबी है कि यह आपस में मिक्स नहीं होते और दोनों की खूबसूरती बरकरार रहती है। अगर दुल्हन की ड्रेस में स्टोन, क्रिस्टल व सितारा वर्क है, तो हेयर स्टाइल में इनका यूज कर सकती हैं। ब्राइड के हेयर स्टाइल को बनवाने में कम से कम 2 घंटे लगते हैं। जब हेयर स्टाइल बन जाएं, तो उस पर हेयर स्प्रे कर जरूर करें। इससे यह 10 से 12 घंटे तक यूं ही बनी रहेगी।

दही बटाटा पूरी

सामग्री : 2/3 कप मिक्सड स्प्राउट्स (अंकुरित दालें), एक कप इमली-खजूर की चटनी, 3 कप ताजा दही, 2/3 कप उबले हुए आलू के टुकड़े, 6 पूरी (पानीपूरी वाली), बारीक सेव, 2-2 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, कटी हुई हरी धनिया, नमक स्वादानुसार।

विधि : पानी पूरी वाले पूरी में आलू के टुकड़े, अंकुरित दालें और चटनी डालें। फिर इसके ऊपर थोड़ा-सा लाल मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, नमक और हरी धनिया छिड़क दें। दही डालकर सर्व करें।

यूं बरतें कुकिंग गैस

विज्ञान ने आज महिलाओं के गृह कार्यों को बहुत आसान बना दिया है परन्तु इतनी सुविधाएं होते हुए भी महिलाओं पर कार्य बोझ कम नहीं हो पाया है। उन सुविधाओं का पूरा लाभ लेना और उनको साज-संभाल कर रखना भी अपने आप में एक काम है।

कुकिंग गैस का प्रयोग जितना आसान है, उतनी ही इसे देखभाल की भी आवश्यकता है। गैस को किफायत से कैसे प्रयोग किया जाए और देखभाल कैसे की जाए, इस बारे में महिलाओं को पूरी जानकारी रखनी चाहिए।

- गैस के चूल्हे को सिलैंडर से थोड़ा दूरी पर रखना चाहिए। हो सके तो चूल्हा सिलैंडर से ऊंचा रखें।
- जब गैस का प्रयोग न करें तो उसके रैगुलेटर को अवश्य बंद कर दें।
- रसोईघर में खिड़की अवश्य रखें जिससे खाना बनते समय धुआ एकत्रित न हो सके।
- गैस ऑन करने से पहले यह तय कर लें कि क्या बनाना है, उसी हिसाब से बर्तन पहले निकाल कर रख लें। बर्तन गैस पर चढ़ा कर फिर गैस जलाएं।
- गैस पर भोजन बनाते समय प्रैशर कुकर का प्रयोग करें और दालें आदि भिगोकर रखें जिससे कम समय लगेगा व गैस की बचत होगी। खुले बर्तनों का प्रयोग कम से कम करें। यदि करना भी हो तो बर्तन को ढंक कर भोजन पकाएं।
- गैस मध्यम गति पर चला कर भोजन पकाएं।
- बर्तनों के आकार के अनुरूप बर्नर का चयन करें। छोटे बर्तन छोटे बर्नर वाली तरफ, बड़े बर्तन बड़े बर्नर वाली तरफ रखें जिससे गैस नष्ट नहीं होगी।
- फ्रिज से आटा, दाल, सब्जी बनाने से 10-15 मिनट पहले बाहर निकालें। गैस कम प्रयोग होगी।
- गैस की सफाई का खास ख्याल रखें। बर्नर पर पानी कम से कम डालें। जो छिद्र बंद हों, उन्हें पिन से खील दें।
- गैस पाइप की समय-समय पर जांच करवाएं। कभी भी लोकल, सस्ती पाइप न खरीदें। कोशिश करें आई. एस. आई. मार्क की पाइप ही गैस वालों से खरीदें।
- कभी भी गैस से किसी प्रकार की दुर्गंध आए तो गैस बंद कर एजैंसी वालों को फोन करें।
- बच्चों से गैस दूर रखें। छोटे बच्चों को खाना बनाते समय दूर रखें और 12 साल से छोटे बच्चों को गैस जलाने या बंद करने को न कहें।

कैसे बनाएं बच्चों को आत्मनिर्भर

सिम्मी अपने माँ-बाप की लाड़ली बिटिया थी। बचपन में उसकी हर फरमाइश पूरी होती व माँ-बाप उसके आगे-पिछे घूमते कि उनकी बेटी को किसी तरह का कष्ट न हो। धीरे-धीरे सिम्मी बड़ी होती रही माँ-बाप व्यस्त रहने लगे। सिम्मी अपना काम भी मम्मी पापा से करवाती। स्वयं कुछ न करती। सिम्मी को काम करने की आदत जो न थी। माँ-बाप भी अब उससे दु:खी रहने लगे कि अपना कार्य को स्वयं करे।

हमें भी कल ऐसा ही दु:ख उठाने पर मजबूर होना पड़े। तो क्यों न शुरू से ही अपने बच्चों को उनका स्वयं का काम उन्हें खुद ही करने व हर तरह का रचनात्मक कार्य करने की प्रेरणा दें। ब्रश, पेस्ट, टॉवेल बच्चे की पहुँच के पास हो यानी बच्चा स्वयं ब्रश कर अपना सामान वापस वहीं रखे। ऐसा आपको सिखाना पड़ेगा। इससे बच्चा कुछ मांगेगा ही नहीं। जरूरत का सामाम मांगने से पहले ही उसे दें व समझाएं। स्कूली, यूनीफार्म, शूज खिलौने वगैरह सब एक जगह रखें। बच्चे को स्वयं खाना खाने की आदत डालें। अक्सर माताएं बहुत बड़े बच्चे को भी अपने हाथ से खिलाती पिलाती हैं। यह गलत हैं। स्वयं कार्य करने की प्रेरणा दें। छोटा-मोटा सामान नजदीकी दुकान से बच्चों से मंगाती रहें। एक तो उन्हें बचपन में ही शॉपिंग करनी आ जाएगी, दूसरे डर व संकोच भी खत्म होगा। वैसे बचपन में छोटे बच्चों को काम करने का कुछ ज्यादा ही शौक होता है, लेकिन उनके अभिभावक कार्य करने से रोकते हैं। अगर वे करते हैं तो करने दें चाहे गलत ही क्यों न हो। गलत करने के पश्चात ही बच्चा सीखता है। उसे कार्य करने की प्रेरणा दें व शाबाशी अवश्य दें।

बच्चों को शुरू से ही शिष्टाचार सिखाएं व रोज ही अच्छी बातों का ज्ञान दें व बार-बार दोहराएं भी। तभी बच्चे के दिमाग में बात बैठती है। अक्सर घर का कोई मेम्बर बच्चों का स्कूल का काम स्वयं कर देता है। ऐसा बिल्कुल न करें। स्वयं अपने पास बिठाकर बच्चों का गृहकार्य कराएं। दूसरों की वस्तु का प्रयोग करने से स्वयं तो बचें ही, बच्चों को भी रोकें। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ना व बचत करना भी सिखाएं व बचत का मतलब भी समझाएं। आगे के लिए उसकी बहुत अच्छी आदत बन जाएगी। रात को टॉयलेट वगैरह करवा कर बच्चों के हाथ मुंह धोकर सुलाने की आदत डालें व ऐसा उन्हें स्वयं करने दें। इससे नींद भी अच्छी आएगी।



टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

मिथुन (का की कू घ ड छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

काकुरो पहेली - 1936



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 1935 का हल



लॉफिंग ज़ोन

प्रेमी (प्रेमिका से)- मुझे समझ में नहीं आता कि भगवान ने तुम्हें इतना सुंदर बनाने के साथ-साथ इतना मूर्ख क्यों बनाया?

प्रेमिका- ताकि हम दोनों का मिलन हो सके।

प्रेमी- वह कैसे?

प्रेमिका- मैं सुंदर थी इसलिए तुम आकर्षित हुए और मैं मूर्ख थी इसलिए तुम्हे पसंद किया...! समझे।

□ □ □

प्रेमी अपने साथ पढ़ रही प्रेमिका से- प्रिये! देखों मैं धोखा खा गया।

प्रेमिका- कैसे, कब और हुआ क्या?

प्रेमी- मैंने तुम्हें मोबाइल दिलाने के लिए घर वालों से झूठ बोलकर किताबों के नाम से पैसे मँगाए थे। उन्होंने किताबें ही भेज दीं।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- अभी यहाँ तुम्हारे पास आते समय रास्ते में कहीं मेरी कलम कहीं खो गई।

प्रेमिका- मेरी तो आज तक कभी कोई चीज नहीं खोई।

प्रेमी- क्यों झूठ बोल रही हो? प्रेम दिवस के दिन ही तो तुम कह रही थी कि मेरा दिल न जाने कहाँ खो गया है।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली- 1936



बायें से दायें:-

१. अमिताभ, जया की 'ये जुल्फ कैसी है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. 'सीमायें बुलाये तुझे' गीत वाली जे.पी.दत्ता की युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी एक मल्टीस्टारर फिल्म-२,१,१
६. फिल्म 'साया' में नायिका कौन थी-२
७. 'झमका चाँदी दा' गीत वाली मनोज, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
८. अभिषेक, अंतरा माली की 'बेरंग जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
११. फिल्म 'जीवनमृत्यु' में नायिका थी-२
१४. 'तुम तो परदेसी हो' गीत वाली फराजखान, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की 'दिल डूबा' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आज मदहोश हुआ जाये' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
१७. संजय कपूर, रवीना, अदिति की 'हंसता है रूलता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'सनन सनन साय साय हो' गीत वाली गोविंदा, रमैया की फिल्म-४,२
२२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'तू कल चला' गीत वाली संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम ढिल्लों की फिल्म-२
२४. जैकी, सुनील शेट्टी, डिनो, करिश्मा की 'ऐ सुबह तू' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'हुस्ने जाना इधर आ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-२
२८. देवआनंद, गीता बाली की 'चांदनी रातें प्यार की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जिनके पास हाथी घोड़ा' गीत वाली राजकुमार, लीना की फिल्म-२,१,२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'लड़की जो आए बाजार में' गीत वाली जैकी श्रॉफ, मनीषा की फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'नदिया किनारे आआ' गीत वाली संजय दत्त, आफताब, नंदिता की फिल्म-२
२. ऋषिकपूर, माधुरी दीक्षित की 'जाने वो कैसा चोर था' गीत वाली फिल्म-३
३. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-२
४. अक्षय, करीना कपूर, प्रियंका की फिल्म-४
५. 'दिल दिया है तुझे' गीत वाली अतीन भल्ला, संदली सिन्हा की फिल्म-२
९. राहुल बोस, करीना कपूर की 'जाने क्यूं हमको' गीत वाली फिल्म-३
१०. राजकपूर, परवीन की 'आपसा कोई हसीन' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'तोता मैना की कहानी' गीत वाली शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
१३. मिलिंद सोमण, किरण झवेर की 'जीना है तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'सुलगे हुए हैं' गीत वाली जिमी, इरफान, ऋषिता, नम्रता की फिल्म-३
१९. फिल्म 'अवतार' में राजेश की नायिका?-३
२०. 'नहीं ये हो नहीं सकता' गीत वाली फिल्म-४
२१. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, मधु, सीमा की 'आई सी यू बेबी' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'रंग और नूर की बारात' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
२४. नसीर, फारूख शेख, स्मिता की फिल्म-३
२६. 'बोल गोरी बोल' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२७. शाहरूख, माधुरी की 'तू सामने जब आता है' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 1935

सूडोकु -1936

	7	9	4	2		6		3
	6		8		7		2	
4	1				3	5	8	
	9	8	3					
7		4		5		8		1
					9	7	3	
	8	5	7				4	6
	2		9		1		5	
3		1		6	8	9	7	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1935 का हल

8	9	5	1	3	7	2	4	6
7	3	2	6	5	4	1	8	9
1	6	4	8	9	2	7	5	3
5	7	3	4	2	9	6	1	8
4	2	8	5	6	1	3	9	7
6	1	9	3	7	8	5	2	4
3	5	1	9	4	6	8	7	2
2	4	6	7	8	5	9	3	1
9	8	7	2	1	3	4	6	5

शब्द पहेली - 1936



बाएँ से दाएँ

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

ऊपर से नीचे

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

शब्द पहेली -1935 का हल

असम में लुमडिंग के पास सड़क दुर्घटनामें अमेरिकी महिला की मौत

एजेंसी

लुमडिंग (असम)। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर 18वीं एपीबीएन लुमडिंग के पास एक सड़क दुर्घटना में एक अमेरिकी महिला की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार अमेरिकी महिला ऐलेन बेरी थॉम्पसन (63) रॉयल एनफील्ड हिमालयन बाइक से अकेले ही सिलचर से तेजपुर जा रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर 18वीं एपीबीएन लुमडिंग के पास उनकी बाइक को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में थॉम्पसन गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से थॉम्पसन को तुरंत लुमडिंग एफारयू अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर इंवेस्टिगेशन के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सदर) रूपम बरदलै, सर्कल ऑफिसर, लंका अपारुपा बरगोहाईं और ईएम मुखिबुल अली की मौजूदगी में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटना कर भागे ट्रक को बाद में उदाली पेट्रोल पोस्ट पर रोक कर चालक को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने शवके पास एक अमेरिकी पासपोर्ट, दो क्रेडिट कार्ड, एक सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल और 4700 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

पश्चिम बंगाल में संदिग्ध कश्मीरी आतंकी गिरफ्तार

जम्मू कश्मीर। जम्मू कश्मीर एसटीएफ और बंगाल पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल एक शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार शख्स का नाम जावेद मुंशी है और वह मूल रूप से कश्मीर के श्रीनगर का निवासी है। आरोप है कि वह आतंकवादी संगठन तहरीक-उल-मुजाहिदीन का सदस्य है। जावेद कैनिंग अस्पताल मोड़ इलाके में अपने एक रिश्तेदार से मिलने आया था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जावेद से पूछताछ की जा रही है। विस्तृत विवरण इंतजार है।

अमृतसर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 10 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में नशे की बढ़ती समस्या के बीच, अमृतसर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 10 किलो हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों का नाम सुखदेव सिंह और अवतार सिंह है, जो पहले भी मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में शामिल रहे हैं और बठिंडा जेल में रह चुके हैं। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि यह तस्कर पाकिस्तान से हथियारों के साथ ड्रग्स की तस्करी कर रहे थे। उनके पास पहले ढाई किलो हेरोइन और 65 लाख की ड्रग मनी भी बरामद हो चुकी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक व्यक्ति ड्राइवर का काम करता था और यह लोग नशे के कारोबार के लिए युवाओं को भी अपनी जाल में फंसाते थे। पुलिस ने बताया कि इन दोनों तस्करों की गिरफ्तारी अमृतसर में हुए चुनावों के बीच कड़ी नजर रखने के बाद की गई। इसके साथ ही पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि दो पाकिस्तानी तस्कर भी भारतीय जेलों में बंद हैं और वे कोहरे और अंधेरे का फायदा उठाकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस अधिकारियों ने इस कार्रवाई के लिए पूरी टीम की सराहना की और कहा कि इस तरह की सफल कार्रवाइयाँ नशे के खिलाफ पुलिस के लगातार संघर्ष को दर्शाती हैं।

शिल्पग्राम महोत्सव: विश्वभर में पहचान स्थापित कर रही भारतीय संस्कृति: शेखावत

उदयपुर। केंद्रीय संस्कृति एंव पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमारी सांस्कृतिक शक्ति समूचे विश्व में तेजी से स्थापित हो रही है, लोकप्रिय हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति पूरी तरह से उभर कर सामने आई है। यही नहीं, भारत आज आर्थिक और सामरिक ताकत के रूप में विश्व में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कल्चरल इकोनॉमी भी मान्यता प्राप्त कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही हमारी कल्चरल इकोनॉमी फॉर्मल इकोनॉमी में बड़ा योगदान देगी। वे केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में हवाला रानी रोड स्थित शिल्पग्राम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आयोजित विश्व प्रसिद्ध शिल्पग्राम महोत्सव में सैकड़ों कला प्रेमियों से खचाखच भरे मुक्ताकाशी मंच से संबोधन दे रहे थे। उनके साथ सांसद मन्नालाल रावत, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान भी मौजूद रहे। उन्होंने कहाकि राजस्थान बहुआयामी संस्कृति से समृद्ध प्रदेश है। उन्होंने पन्नाधाय के बलिदान, हाड़ी रानी के शीशदान और रानी पद्मिनी के जौहर के साथ ही मेवाड़ के शौर्य और यहां की संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि यहां आसपास आदिवासी संस्कृति का अनूठा सम्मिश्रण है। उन्होंने रेगिस्तानी इलाके की समृद्ध संस्कृति की बात करते हुए कहा कि वहां सूखे और अभावों के बावजूद लोगों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को पूरे जतन से सहेज रखा है। इससे पूर्व भारत सरकार की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने अमिता प्रसाद और सांसद मन्नालाल रावत का स्वागत किया। वहीं, केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने अतिथियों और आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और शिल्पग्राम महोत्सव के संबंध में जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में 668 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास किया

एजेंसी

धलाई (त्रिपुरा)। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन, त्रिपुरा के धलाई जिले में 668 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रू-रियांग समुदाय के लोगों से हदुकलाउ पारा ब्रू पुनर्वास कॉलोनी में मुलाकात की और उनके घर जाकर उनसे वार्ता भी की। यहां सहकार से समृद्धि कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिपुरा में लंबे समय तक सत्ता में रहने वालों ने ब्रू-रियांग समुदाय की तकलीफों को कभी समझा ही नहीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी पीड़ा को समझा और उन्हें दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 25 वर्षों से बेहद कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे 38 हजार ब्रू-

रियांग लोगों को पुनर्वासित कर उन्हें बेहतर जीवन प्रदान किया। साथ ही, राज्य में शांति बहाल करने के लिए तीन विद्रोही समूहों और ब्रू-रियांग समुदाय के साथ चार ऐतिहासिक समझौते किए। केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि लोकतंत्र में आस्था रखने वाली सरकारें विकास का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्होंने बताया कि ब्रू-रियांग समुदाय के लिए 900 करोड़ रुपये की योजनाएं न केवल बनाई गईं, बल्कि जमीनी स्तर पर लागू भी की गईं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस समुदाय को अन्य भारतीय नागरिकों के समान अधिकार देकर उनका सम्मान बढ़ाया। त्रिपुरा में विकास की गति को रेखांकित करते हुए शाह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय केवल 2.5 फीसदी लोगों को पीने का पानी उपलब्ध था, जबकि आज 85 फीसदी घरों में नल का पानी पहुंच रहा है।

राज्य में स्कूल ड्रॉपआउट दर घटकर 3 फीसदी से नीचे आ गई है और नामांकन दर 67 फीसदी से बढ़कर 99.5 फीसदी हो गई है। उन्होंने कहा कि इनके अलावा मां त्रिपुर सुंदरी के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य जारी है, जिससे दुनियाभर के भक्तों के लिए दर्शन करना आसान होगा। अमित शाह ने त्रिपुरा सरकार और केंद्र सरकार के प्रयासों को जनकल्याण और विकास के लिए समर्पित बताया।

केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने शक्तिपीठ तनोट माता के किए दर्शन

एजेंसी

जैसलमेर। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जैसलमेर में शक्तिपीठ तनोट माता के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां तनोटराय से देश में खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने तनोट परिसर में ऑडियो विजुअल और हथियार प्रदर्शनी का अवलोकन किया। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 55वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में शामिल होने जैसलमेर आई थी। अपनी तीन दिवसीय जैसलमेर यात्रा के बाद रविवार दोपहर को वे इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली लौट गई।

क्षेत्रीय मुख्यालय जैसलमेर (उत्तर) के उप महानिरीक्षक योगेंद्र सिंह राठौड़ ने उन्हें इस प्रदर्शनी के बारे में उन्हें जानकारी दी। इससे पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री ने तनोट माता मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यहां पर सीमा सुरक्षा बल की विशेष गार्ड ने वित्त मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विषम परिस्थियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे सीमा सुरक्षा बल के बहादुर जवानों से बातचीत की व उनकी हौसला अफजाई की। मंदिर परिसर में पहुंचने पर एमएल गर्ग (महानिरीक्षक) सीमान्त मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल राजस्थान, योगेन्द्र सिंह राठौड़ (उप महानिरीक्षक) क्षेत्रीय मुख्यालय जैसलमेर (उत्तर), सुरेंद्र कुमार (समादेष्टा) क्षेत्रीय मुख्यालय जैसलमेर (उत्तर) और 166 वी वाहिनी के (समादेष्टा) वीरेंद्र पाल सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया एवं तनोट माता की तस्वीर स्मृति स्वरुप भेंट की।

महाराष्ट्र में अवैध बांग्लादेशियों की धरपकड़ तेज करके उन्हें वापस भेजा जाएगा : सीएम फडणवीस

एजेंसी

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में रह रहे अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ तेज करके उन्हें वापस उनके देश में भेजा जाएगा। इसके लिए प्रशासकीय स्तर पर जोरदार तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार हिंदुओं के अलावा अन्य समुदायों के धार्मिक स्थलों को राज्य के नियंत्रण में लाने की मांग का अध्ययन करेगी।

देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में कहा कि राज्य सरकार मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने पर अडिग है। हमने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और उन्हें निर्वासित किया जाएगा। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सभागृह में हिंदुओं के अलावा अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों को राज्य सरकार के नियंत्रण में लाने की आवश्यकता जताई थी। उन्होंने कहा था कि यह जनता की मांग है कि न केवल हिंदू मंदिर बल्कि अन्य धर्मों के पूजा स्थलों को भी सरकारी नियंत्रण में लाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने दो दिन पहले विधानसभा में यह भी दावा किया था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी के

भारत जोड़ो अभियान को नक्सल आंदोलन के कुछ प्रतिबंधित फ्रंटल संगठनों का समर्थन प्राप्त था। इस पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिख कर इन संगठनों के नाम सार्वजनिक किए जाने की मांग की थी। इस पर और खुलासा करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इन संगठनों के खिलाफ यूएपीए और अन्य कानूनों के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रस्तावित महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक, 2024 पर आपत्ति जताने वाले संगठनों से विधानमंडल में कानून पारित होने से पहले वार्ता की जाएगी। विधेयक का मसौदा पुलिस के नक्सल विरोधी दस्तों की मांग और छत्तीसगढ़ जैसे कुछ माओवादी प्रभावित राज्यों में मौजूद कानून की तर्ज पर तैयार किया गया है।

उप्र के संभल में एएसआई टीम तीसरे दिन भी सर्वे में डटी

एजेंसी

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जनपद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की चार सदस्यीय टीम का सर्वे कार्यलगातार तीसरे दिन भी जारी है। लखनऊ से आई एएसआई की टीम ने संभल में छह तीर्थ स्थलों और 20 कुओं का सर्वे किया था। टीम प्राचीन कल्कि विष्णु मंदिर पहुंची थी और वहां करीब 30 मिनट तक रुककर हर बिंदु की बारीकी से जांच की और साक्ष्य जुटाए। टीम ने यहां गुंबद और अन्य संरचनाओं की ऐतिहासिकता का पता लगाने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई। बीते दिनों जनपद में चलाये गए अतिक्रमण अभियान के दौरान मुस्लिम बाहुल्य इलाके में शिव मंदिर और बंद कुएं मिले थे। इसके बाद जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया ने जांच के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखकर जिले के प्राचीन तीर्थ स्थलों और कुओं का निरीक्षण कराने की मांग की थी। 30 दिन में दोबारा बाल उगाने का अनोखा फार्मूला, पाएं शानदार नतीजा एएसआई की टीम ने संभल में कुल 19 कुओं और पांच तीर्थ स्थलों का सर्वे किया। इस दौरान टीम ने खग्गू सराय स्थित प्राचीन शिव मंदिर और वहां परिसर में बने कुएं

की कार्बन डेटिंग के लिए नमूने भी लिए। एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया था कि टीम मंदिर और कुएं के काल का पता लगाने का प्रयास कर रही है। निरीक्षण के दौरान टीम के विशेषज्ञों ने गुंबद और अन्य संरचनाओं की फोटो और वीडियोग्राफी की, ताकि उनकी ऐतिहासिकता का पता चल सके।

गौरतलब है कि संभल का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व काफी अधिक है। इसका संबंध कल्कि अवतार से है। कृष्ण कूप और कल्कि विष्णु मंदिर जैसे स्थान यहां की प्राचीन धरोहरों में शामिल हैं। एएसआई की रिपोर्ट के आधार पर इन स्थलों के संरक्षण और पुनर्निर्माण की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा। इससे न सिर्फ इन स्थलों का ऐतिहासिक महत्व उजागर होगा, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

राम मंदिर की प्रतिष्ठा द्वादशी पर 11 से 13 जनवरी तक होंगे कई अनुष्ठान और बहुरंगी कार्यक्रम

एजेंसी

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ भारतीय काल गणना के अनुसार मनाई जाएगी। उक्त जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने कारसेवक पुरम में दी। ट्रस्ट के महामंत्री राय ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि वर्ष 2025 में जनवरी मास में पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी को दोपहर समय 12ः 20 बजे मंदिर गर्भगृह में आरती और विशेष पूजा होगी। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी 22 जनवरी 2024 को की गई थी, वर्ष 2025 में जनवरी मास में पौष शुक्ल द्वादशी 11 जनवरी को है। इसे 'प्रतिष्ठा द्वादशी' नाम दिया गया है। इस अवसर पर तीन दिवसीय (11,12 व 13 जनवरी) आयोजन होगा। व्यवस्था के दृष्टिगत पांच स्थानों को आयोजन स्थल बनाया गया है।

राय ने बताया कि शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिनी शाखा के 40 अध्यायों के

1975 मंत्रो से अग्नि देवता को आहुति प्रदान की जाएगी, 11 वैदिक मन्त्रोच्चार करेंगे। होम का यह कार्य प्रातः काल 8 से 11 बजे तक और अपराह्न 2 से 5 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि श्रीरामंत्र का जप यज्ञ भी इसी कालखंड में दो सत्रों में होगा, छह लाख मंत्र जप किया जाएगा। इसके साथ राम रक्षा स्त्रोत, हनुमान चालीसा, पुरुष सूक्त, श्री सूक्त, आदित्य हृदय स्तोत्र, अथर्वशीर्ष आदि के पारायण भी होंगे। दक्षिणी प्रार्थना मंडप में नित्य अपराह्न 3 से 5 बजे तक भगवान को राग सेवा प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में तीनों दिन सायंकाल 6 से 9 बजे रात्रि तक रामलला के सम्मुख बधाई गान होगा। यात्री सुविधा केंद्र के प्रथम तल पर 3 दिवसीय संगीतमय मानस पाठ होगा।

इसके अतिरक्त अंगद टीला पर अपराह्न 2 से 3:30 बजे तक राम कथा और अपराह्न 3:30 से 5 बजे तक प्रभु श्रीराम के जीवन पर प्रवचन होंगे। उन्होंने बताया कि तीनों दिन सायंकाल 5:30 से 7:30 बजे तक भिन्न-भिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। अंगद टीला के समस्त कार्यक्रमों में समाज सादर आमंत्रित है। उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठा द्वादशी (11 जनवरी, 2025) को प्रातः काल से प्रसाद वितरण प्रारंभ होगा।

इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य डा अनिल मिश्र, विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा उपस्थित रहे।

पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे के काफिले में पलटी जीप, कई पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी

पाली। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के काफिले में एक गंभीर हादसा हुआ, जब काफिले के पीछे चल रही पुलिस की जीप बाली में पलट गई। इस हादसे में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें रूपाराम, भाग चंद, सूरज, नवीन और जितेंद्र शामिल हैं। हादसा उस समय हुआ जब वसुन्धरा राजे मंत्री ओटा राम देवासी की माता के निधन पर संवेदना व्यक्त कर उनके गांव मुंडारा से जोधपुर लौट रही थीं।घायलों के बारे में जानकारी मिलने के बाद, पूर्व सीएम खुद मौके पर पहुंचीं और घायलों को एम्बुलेंस में बैठाकर राजकीय चिकित्सालय बाली भेजा। इसके साथ ही, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह को भी घायलों के साथ अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई। यह घटना घटनास्थल पर तीव्र प्रतिक्रिया का कारण बनी, और प्रशासन ने पूरी स्थिति का तुरंत संज्ञान लिया।

केन्द्रीय मंत्री नायडू ने इंदौर एयरपोर्ट पर किया एटीसी और फायर सेफ्टी भवन का लोकार्पण

एजेंसी

इंदौर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने इंदौर एयरपोर्ट पर नवनिर्मित एटीसी भवन और फायर सेफ्टी भवन का लोकार्पण किया गया। यहां वे कुछ देर तक एटीसी की सीट पर बैठे और सामने खड़े विमान के पायलट से बात की। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार एटीसी की सीट पर बैठा हूं। केन्द्रीय मंत्री नायडू ने इसके साथ ही यहां नए फायर स्टेशन और एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट बनाने के लिए तैयार गार्बेज प्लांट का लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर एवं मप्र के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, विधायक महेंद्र हार्डिया, चिंटू वर्मा सहित

जनप्रतिनिधियों, एयरपोर्ट अधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों उपस्थिति रहे। नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू ने कहा कि मेरा पहली बार इंदौर आना हुआ है। सांसद सबसे ज्यादा दिल्ली में मिलते हैं और इंदौर की चर्चा करते हैं। इंदौर स्वच्छता में देश मे नंबर वन है। इसको देखने की इच्छा थी, आज स्वच्छता के शहर को देख लिया। उन्होंने इस दौरान इंदौर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इंदौर सिर्फ स्वच्छ ही नहीं है, यहां के लोगों के मन भी स्वच्छ हैं। इंदौर में अच्छी टीम है, जो शहर के विकास को आगे बढ़ा रही है। इंदौर में नए एटीसी टावर का लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट की चार माह में 55 लाख कैपिसिटी करेंगे, जल्द ही सिंहस्थ से पहले नया टर्मिनल बनाएंगे। इसकी प्लानिग शुरू हो चुकी है। बड़े रनवे के लिए जमीन की आवश्कता है, इसके लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा है। जमीन मिलते ही एयरपोर्ट के रनवे की कैपिसिटी बढ़ाएंगे। इसके बाद अमेरिका की उड़ान भी इंदौर में उतर सकेगी। नायडू ने कहा कि उड़ान स्कीम के कारण देश के सभी एयरपोर्ट पर उड़ान की संख्या बढ़ी है। पहले 74 एयरपोर्ट थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आने के बाद दस साल में दो गुना एयरपोर्ट हो चुके हैं। पहले भारत में 400 जहाज थे, जो दस साल में 800 जहाज हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में नब्बे एयरक्राफ्ट का कनेक्ट है, एयर लाइन से चर्चा कर जल्द नई कनेक्टिविटी शुरू करेंगे। सिंगापुर और बैंकाक की उड़ान शुरू करने के लिए भी एयर लाइंस से चर्चा कर रहे हैं। मोदी जी देश के लिए काम कर रहे हैं, इसलिए हम सभी उनके साथ काम कर रहे हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र चुनाव से स्पष्ट हो गया कि जनता भी मोदी जी के साथ है।

कांग्रेस-भाजपा एक ही थैली के चट्टे-बट्टे : बसपा प्रमुख मायावती

एजेंसी

लखनऊ। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर जारी सियासी संग्राम जारी है। इसी बीच बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेकर उनके अनुयायियों के वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस और भाजपा एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं।बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में आक्रोश है। लेकिन, कांग्रेस का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा और स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट किए। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, परमपूज्य बाबा साहेब डॉ.

भीमराव अंबेडकर का अमित शाह द्वारा संसद में किए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है। लेकिन, उनकी उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।दूसरे पोस्ट में बसपा सुप्रीमो ने लिखा, बाबा साहेब का नाम लेकर उनके अनुयायियों के वोट के स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस और भाजपा आदि पार्टियां एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं व बाबा साहेब के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सभी पार्टियां बीएसपी को आघात पहुंचाने के षड्यंत्र में लगी रहती हैं।आखिरी पोस्ट में मायावती ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, वास्तव में बाबा साहेब सहित बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को भरपूर आदर-सम्मान केवल बीएसपी की सरकार में ही मिल पाया, जो इन जातिवादी पार्टियों को हजम नहीं।

अखिलेश यादव को संघ की शाखा में जाना चाहिए : केशव प्रसाद मौर्य

एजेंसी

कानपुर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कानपुर के प्रसिद्ध गुरुद्वारा में मत्था टेका। इस दौरान उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संघ की शाखा में जाने की सलाह दी।

मीडिया से बात करते हुए केशव मौर्य ने कहा कि आज कानपुर के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध गुरुद्वारा में मैंने मत्था टेका। कानपुर का यह ऐतिहासिक स्थान है, जहां केवल कानपुर ही नहीं देश और दुनिया से विशेष तौर पर लोग आते हैं। आज यहां माथा टेकने का सौभाग्य मिला है। मैं इस अवसर पर गुरु चरणों में नमन करता हूं और जो त?याग व बलि?दान गुरु गोविंद सिंह और उनके पुत्रों ने किया है, उसे देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि सात और नौ वर्ष की आयु कोई आयु नहीं होती, लेकिन राष्ट्र के लिए, धर्म के लिए उन्होंने दीवारों में चुना जाना स्वीकार किया, लेकिन शीश झुकाना स्वीकार नहीं किया। धर्म परिवर्तन करना स्वीकार नहीं किया। आज हमें प्रेरणा भी मिलती है और किसी भी चुनौती का सामना करने का साहस भी जागृत होता है। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान पर मौर्य ने कहा कि मैं आरएसएस का स्वयंसेवक हूं। हमारे लिए तो उनका हर बयान आदेश होता है। अखिलेश यादव या अन्य राजनेता, जो अपनी राजनीति चमकाने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निशाने पर लेते रहे हैं। आज उनको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अच्छा लगा है, तो मैं उनसे यही कहूंगा कि वे संघ की शाखा में जाना शुरू कर दें।

वन नेशन वन इलेक्शन क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की कोशिश : उमर अब्दुल्ला

एजेंसी

जोधपुर। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने वन नेशन वन इलेक्शन बिल को क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की साजिश करार दिया है। जीएसटी काउंसिल में हिस्सा लेने राजस्थान पहुंचे उमर अब्दुल्ला ने ये बात कही।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन बिल पार्लियामेंट के सामने है। पार्लियामेंट इस पर बहस करे फिर किसी नतीजे पर आए। कुछ राज्यों में भी इसको पास करना होगा। हमें तो नहीं लगता कि इससे किसी को फायदा होगा। मुझे लगता है कि यह

क्षेत्रीय दलों को कमजोर करने की कोशिश है। जीएसटी काउंसिल के हिस्सा लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अच्छा माहौल रहा। अच्छे फैसले हुए। इसके साथ ही प्री-बजट चर्चा भी हुई। उम्मीद है कि जो बातें हमने वित्त मंत्री के सामने रखी है, उस पर अमल किया जाएगा। खुद गाड़ी चला के आयोजन स्थल पर पहुंचने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि बचपन में मैंने देखा था कि राजीव गांधी भी गाड़ी चलाते थे। मुझे शौक है इसलिए मैं गाड़ी चलाता हूं। आपको बताते चलें, 'वन नेशन वन इलेक्शन' विधेयक पर विचार के लिए संसद ने 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद पीपी चौधरी करेंगे। समिति के 39 सदस्यों में भाजपा के 16, कांग्रेस के पांच, सपा, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक के दो-दो तथा शिवसेना, तेदेपा, जदयू, रालोद, लोजपा (रामविलास), जन सेना पार्टी, शिवसेना-यूबीटी, राकांपा-(सपा), माकपा, आप, बीजद और वाईएसआरसीपी के एक-एक सदस्य शामिल हैं। इससे पहले केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने निचले सदन में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा था।

सर्दियों की शुरुआत से ही कई लोग फिट रहने के लिए कई तौर-तरीके आजमाना शुरू कर देते हैं। कोई सुबह उठकर दौड़ लगाता है तो कोई मैदान में जाकर कसरत करता है। कोई स्वीमिंग पूल में जाकर तैरना शुरू करता है तो कोई फुटबॉल,क्रिकेट,वॉलीबॉल अन्य खेल खेलना शुरू कर देता है। कोई एरोबिक्स से अपने को तंदुरुस्त रखने की कोशिश करता है तो कोई योगा का सहारा लेता है।

सर्दियों में फिटनेस के स्मार्ट टिप्स

फिट रहने के लिए शारीरिक कसरत जरूरी होती है। आमतौर पर देखा गया है कि लोग रूटीन कसरत इसलिए शुरू नहीं कर पाते हैं कि उनमें आवश्यक इच्छाशक्ति की कमी होती है। यही वजह है कि लोग पैदल चलने जैसी सामान्य कसरत भी शुरू नहीं करते और बेवजह मोटापे और बीमारी से घिरे रहते हैं। दरअसल सारा मसला शारीरिक कसरत से जुड़ा है। आप कुछ भी करें, चाहे तो खेलें या फिर जिम जाएं, शारीरिक क्रियाओं से आपकी इकट्ठा की हुई ऊर्जा खर्च होना चाहिए।

पैदल चलना सबसे अच्छा

हम सभी ने जीवन में पैदल चलकर शरीर की इस सबसे सुरक्षित कसरत के गुणों को पहचाना है, लेकिन आज पैदल चलने वालों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है। चलने से आपके फेफड़े खुलते हैं और आपका रक्त संचार तेज होता है। इससे आपकी नसों में खून का दौरा बढ़ता है और हृदय की कसरत होती है। शरीर के निचले हिस्से की मांसपेशियां सक्रिय हो जाती हैं। आप अकेले पैदल घूमने निकल सकते हैं अथवा अपने घर के सदस्यों के साथ या दोस्तों के साथ भी जा सकते हैं। अपनी प्यारी सवारी यानी साइकल को निकालें और रोज दस किलोमीटर साइकलिंग करें। इससे जहां आपके घुटने के जोड़ों पर दबाव नहीं पड़ेगा, वहीं पूरे शरीर की बढ़िया कसरत भी हो जाएगी। फिटनेस के लिए जॉगिंग से बेहतर कोई दूसरी कसरत नहीं है, खासतौर पर युवाओं के लिए। रनिंग या जॉगिंग के लिए आपको अच्छे और गद्देदार जूतों के अलावा और किसी दूसरे खर्च की जरूरत नहीं होती।

खेल, नृत्य और तैरना है फायदेमंद

फिटनेस के लिए फुटबॉल और वॉलीबॉल के दो गेम पर्याप्त हैं। दोनों खेलों के लिए पूरी टीम हो, जरूरी नहीं है। शौक के तौर पर आधी टीम से भी इन्हें खेला जा सकता है। बैडमिंटन भी एक जबरदस्त कसरत है। इसके अलावा डांसिंग यानी एरोबिक्स भी एक तरह की कसरत ही है। इससे दिल और फेफड़े मजबूत हो जाते हैं। साथ ही शारीरिक संतुलन भी सुधर जाता है। आप जितनी मर्जी हो, उतने समय तक डांस कर सकते हैं। कहा जाता है कि तैरने और घुड़सवारी से बड़ी कोई कसरत नहीं होती, जिसमें शरीर के हर हिस्से का इस्तेमाल किया जाता है। तैराकी शुरू करने में उतना भी खर्च नहीं करना पड़ता, जितना दौड़ने के जूते खरीदने में हो सकता है। दरअसल तैराकी के लिए आपको सिर्फ एक बढ़िया स्वीमिंग-कॉस्ट्यूम की जरूरत होती है। यदि आप किसी नदी या तालाब में तैराकी करते हैं तो इससे अच्छा विकल्प नहीं है।

वॉर्म अप और कूल डाउन

किसी भी कसरत को शुरू करने से पहले वॉर्म अप और बाद में कूल डाउन का विशेष महत्व है और इसे नहीं भूलना चाहिए। कसरत के बाद शरीर के बढ़े हुए तापमान को धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में लाना चाहिए। इस दौरान स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज लगातार जारी रहना चाहिए। ध्यान रहे सांस फूलने लगे तो अपने चिकित्सक से जरूर मिलें और उसकी सलाह पर ही जॉगिंग करें। याद रखें आप तीन महीनों में मेरॉथान नहीं दौड़ने लगेंगे। इसलिए उतना ही दौड़ें, जितना आपका शरीर इजाजत दे।

हाई ब्लडप्रेशर मुख्यत: आंख के पर्दे (रेटिना)को प्रभावित करता है। पर्दे में मौजूद रक्त की नसों के क्षतिग्रस्त होने पर उनमें से रक्तस्राव हो सकता है। डाइबिटीज, कॉलेस्ट्राल का बढ़ा हुआ स्तर व धूम्रपान की लत इन खतरों को कई गुना बढा देती है।

हाई ब्लडप्रेशर से नहीं पड़ेगा आंखों पर प्रभाव

जाड़े के मौसम में रक्त वाहिकाओं (ब्लड वेसेल्स) के सिकुड़ जाने के कारण उच्च रक्तचाप (हाई ब्लडप्रेशर) के मामले बढ़ जाते हैं। हाई ब्लडप्रेशर मुख्यत- आंख के पर्दे (रेटिना)को प्रभावित करता है। पर्दे में मौजूद रक्त की नसों के क्षतिग्रस्त होने पर उनमें से रक्तस्राव हो सकता है। डाइबिटीज, कॉलेस्ट्राल का बढ़ा हुआ स्तर व धूम्रपान की लत इन खतरों को कई गुना बढा देती है। रक्त की नसों के क्षतिग्रस्त होने के कारण अक्सर रोगी में ग्लूकोमा (काला मोतिया) होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं।

लक्षण - सामान्यत: लक्षण देर से प्रकट होते हैं। रोगी को वस्तुएं दोहरी (डबल) दिखायी देती हैं या फिर वह कम दिखने की शिकायत करता है। उसे सिरदर्द भी हो सकता है।

जांच - आंख की पुतली फैलाकर पर्दे की जांच से रक्त की नसों की स्थिति देखना अनिवार्य है। रक्तस्राव का संदेह होने पर फ्लोरिसीन एंजियोग्राफी द्वारा क्षतिग्रस्त भाग का पता किया जाता है।

उपचार व रोकथाम - उच्च रक्तचाप का समुचित नियंत्रण रोकथाम का सबसे कारगर उपाय है। पर्दे की नियमित जांच व रक्तस्राव होने पर उसे लेजर द्वारा सील कराने से नेत्रों को होने वाली हानि को सीमित किया जा सकता है।

लोकप्रिय हो रही है सूर्य-किरण थेरेपी

वैज्ञानिकों की मान्यता है कि विविध रंगों का मानव के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ता है और प्रत्येक रंग के अपने विशेष आरोग्यकारक गुण होते है। रंग असंतुलन अर्थात रंगों की कमी या अधिकता के कारण मनुष्य के शरीर में कई प्रकार के रोग उत्पन्न हो जाते हैं। सामान्य रूप से देखने पर सूर्य का प्रकाश सफेद ही दिखाई देता है पर वास्तव में वह सात रंगों का मिश्रण होता है। कांच के त्रिपार्श्व से सूर्य की किरणों को गुजारने पर दूसरी ओर इन सात रंगों को स्पष्ट देखा जा सकता है। किसी विशेष रंग की कांच की बोतल में साधारण पानी, चीनी, मिश्री, घी, ग्लिसरीन आदि तीन-चौथाई भरकर सूर्य की किरणें दिखाने से या धूप में रखने से उस कांच द्वारा सूर्य के प्रकाश से उसी रंग की किरणों को ग्रहण किया जाता है और उसी रंग का तत्व और गुण पानी आदि वस्तु में उत्पन्न हो जाता है और वह सूर्यतप्त (सूर्य किरणों द्वारा चार्ज की गई वस्तु रोग-निवारण गुणों और स्वास्थ्यवर्धक तत्वों से युक्त हो जाती है। इन सूर्यतापित वस्तुओं के उचित भीतरी और बाहरी प्रयोग से मनुष्य के शरीर में रंगों का संतुलन कायम रखा जा सकता है और अनेक प्रकार के रोगों को सहज ही दूर किया जा सकता है। यही सूर्य किरण चिकित्सा है। सूर्य की किरणों में सर्वरोगनाशक अद्भुत शक्ति है, यह बात हमारे ऋषि-मनीषी हजारों साल पहले अच्छी तरह जानते थे, परन्तु आधुनिक युग में सूर्य किरण चिकित्सा और रंग-चिकित्सा का अनुसंधान और विकास कार्य विदेशों में हुआ। अब सूर्य-किरण-चिकित्सा भारत में भी निरंतर लोकप्रिय होती जा रही है।

फाइब्राइड्स

महिलाओं की आम बीमारी

यूटरस के अंदर बनने वाली मांसपेशियों के ट्यूमर को फाइब्राइड्स कहते हैं। यह अंगूर के आकार के हो सकते हैं और खरबूजे के आकार के भी। ये एक या अनेक भी हो सकते हैं। ज्यादातर में कैंसर होने का खतरा नहीं होता। 0.2 प्रतिशत मामलों में ही कैंसर होने की आशंका होती है।

फाइब्राइड्स हेवी ब्लीडिंग का कारण बनते हैं। फाइब्राइड्स छोटे हो या फिर यूटरस के बाहर हो तो उसमें किसी भी तरह के लक्षण नजर नहीं आएंगे। जो फाइब्राइड्स यूटरस के अंदर कैविटी में आ रहे होते हैं उनकी वजह है हेवी ब्लीडिंग होती है। इन्हें सबम्यूकस फाइब्राइड्स कहते हैं। ऐसे बड़े फाइब्राइड्स जो यूटरस के साइज और उसकी कैविटी को बड़ा कर देते हैं हेवी ब्लीडिंग का कारण बनते हैं। फाइब्राइड्स का आकार बड़ा होने पर यह शरीर के दूसरे अंगों जैसे रेक्टम और ब्लैडर पर लगातार दबाव बनाए रखते हैं। यह माहवारी के समय मुश्किलें खड़ी कर देते हैं। अगर गर्भ में भ्रूण हो तो यह ट्यूमर एक तरह से उसकी जगह को भी घेर लेते हैं। इससे गर्भपात या प्रिटर्म बर्थ होने का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि डिलीवरी ऑपरेशन से ही होगी। इस्ट्रोजन एक तरह से इसका भोजन है।

लक्षण - इसमें पीरियड्स क्रैंप्स और दर्द के साथ आते हैं।

ट्रीटमेंट - अल्ट्रा साउंड या एमआरआई कराने पर फाइब्राइड्स होने की पुष्टि होती है।

- जो युवतियां गर्भवती होना चाहती हैं उनमें फाइब्राइड्स के साइज को कम करने के लिए हारमोंस के इंजेक्शन दिए जाते हैं।
- अन्य महिलाओं में सर्जरी से फाइब्राइड्स या पूरा यूटरस निकाल सकते हैं।
- अब ऐसे नए इलाज आ गए हैं जिनमें यूटरस के साथ छेड़छाड़ किए बिना फाइब्राइड्स को निकाला जा सकता है।
- इन ट्रीटमेंट में मयोलाएसिस (लेजर रिमूवल), मयोमेक्टामी(सर्जिकल रिमूवल), यूटराइन ऑर्टरी एंबोलाइजेशन (नॉन सर्जिकल ट्रीटमेंट-फोम का इंजेक्शन धमनियों में दिया जाता है और फाइब्राइड्स में होने वाली ब्लड सप्लाई को काट दिया जाता है) शामिल है। बिना सर्जरी वाले ट्रीटमेंट में रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन में हीय एनर्जी का इस्तेमाल करके ट्यूमर को नष्ट कर देते हैं। दूसरे ट्रीटमेंट में एमआरआई की मदद से अल्ट्रासाउंड सर्जरी की जाती है जो फाइब्राइड्स को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ देती है।

सेहत के लिए रंगबिरंगी सांसें लीजिए...

जब हम आसमान में उगते हुए सूरज को देखते हैं तो हल्की पीली सुनहरी और बैंगनी रश्मियों के साथ हम हृदय से आनंदित होते हैं और उस दिन खुद को अधिक सजीव महसूस करते हैं। इसी प्रकार जब कभी समंदर किनारे बैठे हुए सूर्यास्त के दृश्य को देख रहे होते हैं जिसमें सूर्य का पीला रंग नारंगी रंग में फिर गुलाबी, फिर जामुनी और धीरे-धीरे हल्का होते हुए मंद पड़ता जाता है तब हम बहुत शांति महसूस करते हुए आराम के लिए तैयार हो जाते हैं। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि रंग हमारे शरीर को सुकून पहुंचाते हैं। स्वास्थ्य को संतुलित करते हैं तथा जीवन को एक सकारात्मक दृष्टि प्रदान करते हैं। बैठे रहें या लेट जाएं जिसमें आप अधिक आरामदायक महसूस करें। सांसों को बिल्कुल प्राकृतिक तरीके से चलने दें। आप अपनी स्वास्थ्य सुविधा के लिए कल्पना में सतरंगी सांसें लें। आप इस सूची का अनुसरण अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए कर सकते हैं।

लाल- इस रंग की सांस का प्रयोग आप जीवन शक्ति और तेजस्विता में वृद्धि के लिए कर सकते हैं। इसके लिए लाल रंग की सांस लें और फिरोजी रंग को बाहर निकालें।

नारंगी- नारंगी रंग की सांस आनंद में वृद्धि करेगी। इसमें नीले रंग की सांस बाहर निकालें।

पीला- पीले रंग की सांस लें और जामुनी रंग को बाहर निकालें। इससे आप ज्यादा उद्देश्यपूर्ण और बुद्धिमान हो जाएंगे।

हरा- हरे रंग को सांसों के माध्यम से भीतर लें और मजेंटा को बाहर निकालें इससे संतुलन और स्वच्छता की वृद्धि होगी।

फिरोजी- फिरोजी रंग की सांस आपकी शक्ति को बढ़ाएगी और इससे आपका इम्यून सिस्टम भी सुधरेगा। इसमें लाल रंग को बाहर निकालें।

नीला- नीले रंग की सांस आराम में वृद्धि में सहायक होगी। इसमें आप शांति महसूस करेंगे। इसमें नारंगी रंग की सांस को बाहर निकालें।

जामुनी- आत्मसम्मान की भावना के लिए जामुनी रंग की सांस लें। इससे आप खुद की भावनाओं के साथ स्वयं को जोड़ पाएंगे और यह आपकी सुंदरता को भी बढ़ाएगा। इसमें पीले रंग की सांस को बाहर निकालें।

मजेंटा- इस रंग की सांस लेने से आपका व्यक्तित्व सम्मोहन करने वाला हो सकता है। इसमें हरे रंग की सांस को बाहर निकालें।

जब हम कभी समंदर किनारे बैठे हुए सूर्यास्त के दृश्य को देख रहे होते हैं जिसमें सूर्य का पीला रंग नारंगी रंग में फिर गुलाबी, फिर जामुनी और धीरे-धीरे हल्का होते हुए मंद पड़ता जाता है तब हम बहुत शांति महसूस करते हुए आराम के लिए तैयार हो जाते हैं।

अंतरराष्ट्रीय शतरंज संस्था ने फीडे सर्किट 2025 नियमों में प्रस्तावित बदलावों की घोषणा की

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) ने घोषणा की कि वह फीडे सर्किट 2025 विनियमों में कई बदलावों की योजना बना रहा है।फीडे के अनुसार, ये परिवर्तन 2024 सर्किट से प्राप्त फीडबैक पर आधारित हैं, जिसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी माहौल बनाना है। फीडे की विज्ञप्ति में कहा गया है, ये परिवर्तन फीडे सर्किट अंक प्रदान करने के लिए अधिक संतुलित और प्रतिस्पर्धी प्रणाली बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि खिलाड़ियों को उच्च-गुणवत्ता वाले टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन के लिए उचित रूप से पुरस्कृत किया जाए। इस परिवर्तन का उद्देश्य अधिक खिलाड़ियों को अंक प्रदान करके लंबे टूर्नामेंटों के मूल्य को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करना है, तथा यह सुनिश्चित करना है कि बड़े टूर्नामेंटों को उचित पुरस्कार मिले।कम से कम 6 प्रतिभागियों और 2700 एलो अंकों की औसत रेटिंग वाले डबल राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट भी सर्किट अंक के लिए पात्र होंगे। यह परिवर्तन प्रतिष्ठित सुपर टूर्नामेंटों के महत्व को स्वीकार करता है, जिनमें अक्सर शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भाग लेते हैं और जो फीडे कैलेंडर में प्रमुख आयोजन होते हैं।एक दिन में दो राउंड वाले टूर्नामेंट में सर्किट अंकों की कुल संख्या कम होगी।विचार यह है कि छोटे टूर्नामेंट के लिए अंकों में कमी की जाए, जहाँ संकुचित कार्यक्रम लंबे आयोजनों के समान प्रयास को प्रदर्शित नहीं कर सकता है।

डुप्लांटिस का रहा दबदबा, पेरिस ओलंपिक में अरशद ने नीरज को पछाड़ा, बने कई विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली। वर्ष 2024 में एथलेटिक्स में राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर कई रिकॉर्ड बने। मोंडो डुप्लांटिस इस साल तीन बार पोल वॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड सुधारने के बाद लगातार सुर्खियों में रहे। भारतीय एथलेटिक्स के लिए, गुलवीर सिंह ने लंबी दूरी की दौड़ में कई रिकॉर्ड बनाए। भारत के दृष्टिकोण से इस साल का सबसे बड़ा इवेंट पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का फाइनल था, जिसमें पाकिस्तान के अरशद नदीम ने एक अविश्वसनीय क्लाइमेक्स में नीरज चोपड़ा को हराया। केन्याई धावक एग्नेस नेगेटिच ने वालेंसिया में 10 किलोमीटर का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया, पिछले रिकॉर्ड से 28 सेकंड कम समय में, 29 मिनट से कम समय में दूरी पूरी करने वाली पहली महिला बन गईं। भारत की ज्योति याराजी ने एशियाई इनडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतने के लिए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने फाइनल में 8.12 सेकंड का समय लेकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। फेमके बोल ने नीदरलैंड की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 400 मीटर इनडोर विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया, उन्होंने 49.24 सेकंड में दौड़ पूरी की, जो एक साल पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से दो सौवां सेकंड कम है। ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने ग्लासगो में अपना विश्व इनडोर लंबी कूद खिताब बरकरार रखा। टेंटोग्लू ने अपने पहले प्रयास में 8.22 मीटर की छलांग लगाई। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान संयुक्त राज्य अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप में ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बन गए।

16वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचे हरियाणा स्टीलर्स

पुणे। हरियाणा स्टीलर्स बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 128वें मैच में यू मुंबा को 47-30 से हराकर सेमीफाइनल मे पहुंच गई है। दूसरी ओर, प्लेआफ में सीधे प्रवेश के लिए मुंबा को इस मैच से एक अंक लेना था लेकिन इसके लिए उसे अब अगले मैच तक इंतजार करना होगा। पहले स्थान पर रहते हुए पहला सेमीफाइनल खेलने का हक हासिल करने वाली हरियाणा की जीत में शिवम पटारे (14) के अलावा डिफेंस में राहुल सेतपाल (5) और मोहम्मदरेजा शादलू (5) की अहम भूमिका रही। मुंबा के लिए सतीश ने रेड में नौ जबकि सुनील ने डिफेंस में चार अंक लिए। हरियाणा ने डिफेंस में 8 के मुकाबले 17 अंक की मदद से तीन आलआउट ले अपना वर्चस्व साबित किया। इस अहम मुकाबले में हरियाणा ने तीन मिनट के खेल में 4-2 की लीड बना ली थी और पांचवें मिनट में मुंबा के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। शिवम की रेड पर परवेश सेल्फ आउट हुए लेकिन सुनील और लोकेश ने शादलू को सुपर टैकल कर स्कोर 5-6 कर दिया। इसके बाद हालांकि शिवम सुपर टैकल सिचुएशन में दो अंक लेकर लौटे। फिर संजय ने रोहित को लपक मुंबा को आलआउट कर 11-7 की लीड ले ली। 10 मिनट के बाद हरियाणा 12-9 से आगे थे। इसके बाद पांच मिनट के खेल में हरियाणा ने दो के मुकाबले तीन अंक लेकर अपनी लीड बरकरार रखी। फिर हरियाणा ने शिवम को मल्टीप्वाइंटर के साथ लगातार चार अंक लेकर मुंबा को आलआउट की ओर धकेल दिया।

खो-खो विश्वकप में मुफ्त प्रवेश के साथ स्कूली बच्चों को मिलेगा चाय, नाश्ता

नयी दिल्ली। अगले माह 13 जनवरी से नयी दिल्ली और नोएडा में होने वाले खो खो विश्वकप में स्कूली बच्चों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश के साथ चाय, नाश्ता भी मिलेगा। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और विश्वकप आयोजन समिति के चेयरमैन सुधांशु मित्तल ने बताया कि खेल प्रेमियों और खिलाडियों के लिए खो खो वर्ल्ड कप 2025 के दौरान महिला और पुरुष वर्ग दोनों मैचों में दर्शकों का प्रवेश मुफ्त होगा। उन्होंने बताया कि मैचों के दौरान स्कूली बच्चों को चाय, बिस्किट, स्नैक्स आदि भी वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह मेगा प्रतियोगिता 13 जनवरी को शुरू होगी और उद्घाटन का पहला मैच इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जायेगा। खो खो गेम के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने के लिए खो खो फेडरेशन ने डी ए वी स्कूलों और बाल भारती स्कूलों प्रबंधकों के साथ अनुबंध किया है।

भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने बंगलादेश को 41 रनों से हराया

एजेंसी

क्वालालंपुर। जी तृषा (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद आयुशी शुक्ला (तीन विकेट), पारुनिका सिसोदिया और सोनम यादव (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारतीय महिला टीम ने अंडर -19 एशिया कप ने बंगलादेश को 41 रनों से हरा दिया है।भारत के 117 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की महिला टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और 24 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। मोसम्मत एवा (शून्य) और सुमैया अख्तर (आठ) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगलादेश के बल्लेबाज पस्त दिखे। फहमिदा छोया (18) और जुयैरिया फिरदौस (22) के अलावा बंगलादेश का कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारतीय गेंदबाजों ने बंगलादेश की पूरी टीम को 18.3 ओवर में 76 रन पर ढ़ेरकर मुकाबला 41 रनों से जीत लिया। भारत की ओर

से आयुशी शुक्ला ने तीन विकेट लिये। पारुनिका सिसोदिया और सोनम यादव को दो-दो विकेट मिले। वीजे जोशिता ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां बंगलादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 66 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। जी कमालिनी (5), सनिका चलके (शून्य) को फरजाना यासमीन ने आउट किया। 12वें ओवर में कप्तान निकी प्रसाद (12) को हबीबा इस्लाम ने बोल्ड आउट किया। मिथिला विनोद ने 12 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (17) रन बनाये। जी तृषा ने 47 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (52) रनों की पारी खेली। आयुशी शुक्ला (10) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 117 रनों का स्कोर खड़ा किया। बंगलादेश की ओर से फरजाना यासमीन ने चार विकेट लिये। निशिता ए निशी को दो विकेट मिले। हबीबा इस्लाम ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

पुंछ ने ब्रिगेडियर उस्मान एसपीपीआर अंतर जिला तहसील क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 में चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती

एजेंसी

नौशेरा। व्हाइट नाइट कोर के तत्वावधान में आयोजित ब्रिगेडियर उस्मान एसपीपीआर अंतर जिला तहसील क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का समापन ब्रिगेडियर उस्मान क्रिकेट स्टेडियम नौशेरा में भव्य समापन समारोह के साथ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में ऐस ऑफ स्पेड डिवीजन के जीओसी ने की जिसमें कमांडर टिथवाल ब्रिगेड, कमांडर नौशेरा ब्रिगेड, डीसी राजौरी और अन्य प्रमुख स्थानीय नेताओं सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस समारोह में खेल भावना और एकता को बढ़ावा देने में टूर्नामेंट की सफलता का जश्न मनाया गया और साथ ही क्षेत्र की अपार क्रिकेट प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया।सुंदरबनी और पुंछ के बीच रोमांचक फाइनल कौशल और दृढ़ संकल्प का नजारा था। पुंछ ने चैंपियनशिप ट्रॉफी और 4 लाख का नकद पुरस्कार जीतकर जीत हासिल की। उपविजेता सुंदरबनी को 2 लाख का पुरस्कार दिया गया। सुंदरबनी के महबूब शेख को उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे के लिए जो रूट की इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम में वापसी

एजेंसी

लंदन। चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे पर खेली जानी वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की टीम में जो रूट की वापसी हुई है। जो रूट यह साल शानदार रहा है। उन्होंने इस वर्ष टेस्ट में 55.57 की शानदार औसत और छह शतकों के साथ 1556 रन बनाए हैं। रूट की इंग्लैंड की सफेद गेंद टीम एक साल बाद वापसी हुई है।

इंग्लैंड टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मक्कलम की लाल और सफेद गेंद में ही एकजुटता बनाए रखने की कड़ी के तहत चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीम को चुना गया है। टीम में आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जो इस साल टेस्ट में भी थे। टीम में पांच तेज गेंदबाजों को मौका मिला है।इनमें चोट से उबरे जोफ्रा आर्चर शामिल हैं।आदिल रशीद प्रमुख स्पिनर के तौर पर टीम बरकरार हैं और उनके बैकअप के तौर पर रूट, लियम लिविंगस्टन और युवा ऑलराउंडर जेकब बैथल शामिल हैं।

इंग्लैंड की टीम 17 जनवरी को भारत दौरे के लिए रवाना होगी। भारत के खिलाफ नागपुर में छह फरवरी को

पहला एकदिवसीय मैच खेला जायेगा। भारत दौरे पर एकदिवसीय सीरीज से पहले इंग्लैंड को पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 22 जनवरी से कोलकाता में होगा।

चैंपियंस ट्रॉफी और भारत दौरे पर इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम इस प्रकार है:-

जॉस बटलर, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथल, हैरी ब्रूक, ब्रेडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटर, जेमी स्मिथ, लियम लिविंगस्टन, आदिल रशीद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट और मार्क वुड।

भारत दौरे के लिए इंग्लैंड की टी-20 टीम इस प्रकार है:- जॉस बटलर, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथल, हैरी ब्रूक, ब्रेडन कार्स, बेन डकेट, जेसी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियम लिविंगस्टन, आदिल रशीद, साकिब महमूद, फिल साल्ट और मार्क वुड।

रोहित और आकश अभ्यास सत्र में हुए चोटिल

एजेंसी

मेलबर्न। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज आकाश दीप को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में अभ्यास करते हुए चोट लग गई। यह घटना उस समय हुई जब रोहित स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कर रहे थे। इस दौरान पुल शॉट खेलने के प्रयास में अपने बाएं घुटने पर चोट लगा बैठे। टीम के फिजियो ने तुरंत कप्तान का इलाज किया और सूजन को कम करने के लिए उनके बाएं घुटने पर बर्फ लगाई। वही तेज गेंदबाज आकाश दीप को बल्लेबाजी के दौरान हाथ में चोट लग गई है।

बाद में हुए संवाददाता सम्मेलन में आकाश दीप ने कहा, जब आप क्रिकेट खेलते हैं तो ऐसी चोटें तो लगती रहती हैं। मुझे लगता है यह अभ्यास विकेट सफेद गेंद के लिए थी, यही वजह थी कि कई बार गेंद नीचे रह रही थी। लेकिन ये सब अभ्यास सत्र में सामान्य बात है, किसी भी तरह की कोई गंभीर समस्या नहीं है। उन्होंने कहा, जिस

समय हम बल्लेबाजी के लिए आते हैं, उस समय 20-30 रन बनाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। मेरी मानसिकता यह है कि मैं किसी भी तरह से टीम के लिए योगदान दे सकूं। उस दिन मैंने फॉलोऑन बचाने के बारे में नहीं सोचा था, मैं बस आउट नहीं होना चाहता था और जब आप उस स्थिति से अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे आत्मविश्वास मिलता है और मैं फिर बहुत खुश था।

भारतीय महिला टीम ने वनडे में दर्ज की दूसरी सबसे बड़ी जीत, वेस्टइंडीज को 211 रन से हराया

एजेंसी

वडोदरा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वडोदरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले मैच में 211 रनों की जीत के साथ रनों के लिहाज से अपनी दूसरी सबसे बड़ी वनडे जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन मैचों की एकदिनी श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारत को महिला वनडे में सबसे बड़ी जीत 2017 में मिली थी, जब उसने न्यूजीलैंड को 249 रनों से हराया था। बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 314 रन बनाए, जो घरेलू मैदान पर उसका दूसरा सबसे

बड़ा वनडे स्कोर है। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मेजबान टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए, उन्होंने 102 गेंदों में 91 रनों की पारी खेली। मंधाना के अलावा हरलीन देओल ने 44, प्रतिका रावल ने 40, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 34 और जेमिमा रौड्रिग्ज ने 31 रन बनाए।भारत की ओर से मिले 315 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। वेस्टइंडीज की टीम 26.2 ओवर में ही 103 रन पर ढेर हो गई। कैरेबियाई टीम सबसे ज्यादा एफी फ्लेचर ने नाबाद 24 रन बनाए। फ्लेचर के अलावा शेमाइन कैम्पबेल ने 21 रन का योगदान दिया। भारत के लिए रेणुका ठाकुर ने सर्वाधिक पांच विकेट लिए। रेणुका के अलावा तितास साधु और दीप्ति शर्मा को एक-एक सफलता मिलीय्। जबकि प्रिया मिश्रा के खाते में दो विकेट रहा।

कोनेग्लियानो ने जीता एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप का खिताब

एजेंसी

हांग्जो। चीन की तियानजिन बोहाई बैंक टीम 2024 एफआईवीबी वॉलीबॉल महिला क्लब विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में इटली की कोनेग्लियानो से 3-0 से हार गई। टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम कोनेग्लियानो ने ग्रुप स्टेज और सेमीफाइनल में बिना कोई सेट गंवाए अपने सभी मैच जीतकर अपनी श्रेष्ठ शक्ति का प्रदर्शन किया। पहले सेट के मध्य में तियानजिन ने बढ़त बनाई, लेकिन अपनी बढ़त का फायदा उठाने में विफल रही और अंततः 25-21 से सेट हार गई। दूसरे सेट में तियानजिन को कोनेग्लियानो की शक्तिशाली जंप सर्विस को प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ा और जल्दी ही 25-15 पर पिछड़ गई। कोनेग्लियानो ने तीसरे सेट में श्रेष्ठता बनाए रखी और 25-20 से जीत के साथ समग्र जीत सुनिश्चित की। तियानजिन की मिडिल ब्लॉकर वांग युआनयुआन ने सिन्हुआ से कहा, पिछले साल हम स्टैंड में थे और इस साल फाइनल स्टेज में चीनी क्लबों का

प्रतिनिधित्व करना बहुत रोमांचक है और हमने वास्तव में खेल का आनंद लिया। कोनेग्लियानो वर्तमान में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। हम अपने प्रतिद्वंद्वी के दबाव में थे और हमारी टीम की अनुकूलन क्षमता में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।

ऑपरेटिंग विभाग की टीम ने जीता अंतर विभागीय रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट

एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद रेल मंडल के रेलवे स्टेडियम मुरादाबाद में आयोजित हो रहे अंतर विभागीय रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट में ऑपरेटिंग विभाग की टीम ने 117 रन से फाइनल मैच जीतकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। रेलवे स्टेडियम में इंजीनियरिंग एवं ऑपरेटिंग की टीम के मध्य फाइनल मैच खेला गया था। उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मण्डल वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि 15 दिसम्बर को मंडल के रेलवे स्टेडियम में अंतर विभागीय रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ हुआ था। आज इंजीनियरिंग एवं ऑपरेटिंग विभाग की टीम के मध्य फाइनल मैच खेला गया। इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया तथा वेटिंग के लिए ऑपरेटिंग विभाग की टीम को पहले आमंत्रित किया। ऑपरेटिंग विभाग की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 02 विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए।

ऑपरेटिंग की टीम से अजय सिंह ने 32 बॉल में 6 चौक्कों तथा एक छक्के की सहायता से 51 रन, सूफियान खान ने 33 गेंदों में 07 चौक्कों एवं 03 छक्कों की सहायता से 60 रन बनाकर आउट हुए जबकि महेश मीना एवं निजाम अली नॉट आउट रहे। महेश मीना ने 29 गेंदों में 03 चौक्कों एवं 10 छक्कों की सहायता से 83 रन एवं निजाम अली ने 27 बॉल में 5 चौक्कों एवं 02 छक्कों की सहायता से 49 रन बनाकर नॉट आउट रहे एवं दोनों ने अपनी टीम की पारी को 268 रन पर दो विकेट के नुकसान पर समाप्त किया।इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने लक्ष्य का पीछा करने के लिए बेटिंग करते हुए पूरे 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 151 रन ही बना सकी। ऑपरेटिंग विभाग की टीम ने आज इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में 117 रन से जीत हासिल की। ऑपरेटिंग विभाग की टीम के सूफियान खान को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बॉलर तथा ऑपरेटिंग विभाग की टीम के ही महेश मीना को बेस्ट बैट्समैन के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक ओपी राकेश सिंह, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक आशीष सिंह, वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता सी एंड डब्लू रॉबिन बंसल, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट ऋचा शर्मा तथा मंडल के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

ब्राजील के फोंसेका ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब

एजेंसी

जेद्दाह। ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने जेद्दाह में नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। 18 वर्षीय फोंसेका ने 20 वर्ष से कम आयु के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीजन के अंतिम इवेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में चैंपियनशिप मैच में अमेरिकी लर्नर टिएन को 2-4, 4-3 (8), 4-0, 4-2 से हराया, और इवेंट के इतिहास में दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।

इस सप्ताह पांच मैचों में अपराजित रहते हुए, फोंसेका ने टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 526,480 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार जीता। फोंसेका ने कहा, मैं शुरुआत में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहा था, मैं बहुत घबराया हुआ था। लेकिन दूसरे सेट के बाद, मुझे लगता है कि तीसरा सेट भी एक और जोआओ जैसा था। मैं शॉट्स के लिए बहुत अधिक आक्रामक था और वह थोड़ा और कड़ा हो गया। चौथे सेट में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और जीत हासिल की।

राज्य क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप : फिरोजाबाद के मोनू और कौशाम्बी की सुनीता ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

लखनऊ। लामार्टिनियर कॉलेज के ग्राउंड पर 59वीं उत्तर प्रदेश राज्य क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप में एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने जमकर पसीने बहाये। इसमें आयोजित पुरुष व महिला 10 किमी.रेस में क्रमशः यूपी पुलिस के पंकज कुमार व ममता पाल ने सबको पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। अंडर - 20 बालिका वर्ग में कौशाम्बी की सुनीता ने स्वर्ण जीता। पुरुष वर्ग बालक अंडर-20 (8 किमी.) में फिरोजाबाद के मोनू कुमार ने 25:07.00 के समय के साथ स्वर्ण, बुलंदशहर के जैनू कुमार ने 25:10.00 के समय के साथ रजत व वाराणसी के आकाश पटेल ने 25:18.00 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। बालक अंडर-18 (6 किमी.) में मथुरा के भीखू ने 18:59.00 के समय के साथ स्वर्ण, गाजीपुर के अभिषेक कुमार ने 19:09.00 के समय के साथ रजत व आगरा के धीरज कुमार ने 19:28.00 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित स्पर्धाओं में पुरुष 10 किमी. में पंकज कुमार ने 31:13.00 के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। । वाराणसी के रिंकू सिंह 31:14.00 के समय के साथ दूसरे व आगरा के मनीष राजपूत 31:25.00 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला 10 किमी. में यूपी पुलिस की ममता पाल 35:28.00 के समय के साथ पहले, वाराणसी की रीमा पटेल 35:56.00 के समय के साथ दूसरे व यूपी पुलिस की नीतू कुमारी 36:11.00 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। बालक अंडर-16 (2 किमी.) में प्रयागराज के छोटकू सेन ने 6:04.00 के समय के साथ स्वर्ण, चंदौली के दीपक पटेल ने 6:05.00 के समय के साथ रजत व बुलंदशहर के सुनील कुमार ने 6:06.00 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। बालिका अंडर-20 (6 किमी.) में कौशांबी की सुनीता देवी ने 22:50.00 के समय के साथ स्वर्ण, लखनऊ की प्रतीक्षा यादव नें 23:44.00 के समय के साथ रजत व चंदौली की प्रतिमा वर्मा ने 24:09.00 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। बालिका अंडर-18 (4 किमी.) में अलीगढ़ की अंशू ने 14:54.00 के समय के साथ स्वर्ण, प्रतापगढ़ की शिवानी साहू ने 15:06.00 के समय के साथ रजत व लखनऊ की प्रतिज्ञा पन्ना ने 15:25.00 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। बालिका अंडर-16 (2 किमी.) में कुशीनगर की सरिता कुमारी ने 7:24.00 के समय के साथ स्वर्ण, हापुड़ की वंशिका ने 7:48.00 के समय के साथ रजत व लखनऊ की रचना मौर्या ने 7:49.00 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम घोषित, बेवॉन जैकब्स करेंगे पदार्पण

एजेंसी

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने 28 दिसंबर से घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही आगामी व्हाइट बॉल सीरीज के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। टीम में ऑकलैंड एसेस के युवा आक्रामक खिलाड़ी बेवॉन जैकब्स को शामिल किया गया है। हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस द्वारा खरीदे गए जैकब्स ने सोमवार (23 दिसंबर) को श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड एकादश के लिए 16 गेंदों पर 39 रन बनाए।रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल और मैट हेनरी की तिकड़ी पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए श्रीलंका की यात्रा से चूकने के बाद टी20आई और वनडे दोनों के लिए वापस आ गई है। यह सीरीज - जिसमें तीन टी20आई और तीन वनडे शामिल हैं - न्यूजीलैंड के पूर्णकालिक व्हाइट-बॉल कप्तान के रूप में मिशेल सेंटनर की पहली सीरीज होगी। जनवरी 2025 में होने वाली वनडे सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम चुनने से पहले टीम की आखिरी सीरीज होगी। जैकब्स ने पिछले साल न्यूजीलैंड के घरेलू टी20 टूर्नामेंट सुपर स्मैश में सबका ध्यान खींचा था, जहां उन्होंने कैंटरबरी किंग्स के लिए फिनिशर के रूप में 188.73 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए (6 पारियों में 134)। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, बेवॉन और उनके परिवार के लिए यह निश्चित रूप से एक रोमांचक समय है। वह बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और हम उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उत्सुक हैं। उसके पास स्पष्ट रूप से बल्ले से बहुत ताकत है, लेकिन उसने लंबे प्रारूपों में भी दिखाया है कि उसके पास एक अच्छी तकनीक और स्वभाव है। इस साल की शुरुआत में घर से बाहर सफ़ेद गेंद से डेब्यू करने वाले जैक फ़ॉल्केस, मिच हे और टिम रॉबिन्सन की तिकड़ी को पहली बार घरेलू सीरीज़ में खेलने का मौका मिलेगा। पिछले महीने श्रीलंका के यादगार, रिकॉर्ड तोड़ने वाले दौरे के बाद हे को वनडे और टी20 दोनों टीमों में जगह मिली है। दांबुला में पहले टी20 में, हे ने एक पारी में सबसे ज़्यादा शिकार करने का रिकॉर्ड बनाया (पांच कैच और एक स्टंपिंग)। उन्होंने पल्लेकेले में दूसरे वनडे में भी 49 रन बनाए। हे टी20आई में कीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। वनडे में उन्हें मौजूदा टॉम लैथम के बल्लेबाजी और कीपिंग कवर के तौर पर चुना गया है, जो 50 ओवर के मैचों के लिए टीम में शामिल होंगे। लैथम के अलावा विल ओ%रूर्के और विल यंग भी वनडे के लिए आएंगे, जो जैकब्स, फाउलकेस और रॉबिन्सन की जगह लेंगे - जिन्हें केवल टी20आई के लिए चुना गया है।

ओ'रूर्के को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने के उद्देश्य से टी20 के लिए आराम दिया गया है क्योंकि इस तेज गेंदबाज ने हाल ही में श्रीलंका, इंग्लैंड और भारत के खिलाफ सीरीज में आठ टेस्ट मैच खेले हैं। पूर्व कीपर-बल्लेबाज ल्यूक रोंची इस घरेलू असाइनमेंट के लिए मुख्य कोच होंगे, जबकि गैरी स्टीड लंबे समय तक काम करने के बाद ब्रेक लेंगे।

न्यूजीलैंड टीमः मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (केवल टी20आई), मिच हे, मैट हेनरी, बेवॉन जैकब्स (केवल टी20आई), टॉम लैथम (केवल वनडे), डेरिल मिशेल, विल ओ%रुरके (केवल वनडे), ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम रॉबिन्सन (केवल टी20आई), नाथन स्मिथ, विल यंग (केवल वनडे)।

चिकन करी बनाने के बाद

नरगिस फाखरी

बोलीं- 'अब शायद कोई मुझसे शादी कर ले'

फिल्म रॉकस्टार फेम एक्ट्रेस नरगिस फाकरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वो एक फूड सैवी है और अलग-अलग तरह का खाना खाना पसंद करतीं हैं. हाल ही में नरगिस ने एक शेफ के साथ चिकन करी बनाई और साथ ही अपनी लव लाइफ और शादी पर भी मजेदार कमेंट किया.

दरअसल, पिंकविला के एक वीडियो में नगरिस फाखरी फीचर हुईं. इस वीडियो में उन्हें एक प्रोफेशनल शेफ के साथ किचन में दिखाया गया. नरगिस ने यहां शेफ के साथ चिकन करी बनाई और साथ ही अपनी मैरिज को लेकर एक मजेदार बात कही. नरगिस ने कहा कि वो इंडियन खाना बनाना सीख रही हैं. नरगिस ने कहा कि क्योंकि वो खाना बनाना सीख रही हैं, तो शायद अब कोई उनसे शादी कर ले.

नरगिस की ह्यूमरस पर्सनैलिटी

नरगिस को उनकी ह्यूमरस पर्सनैलिटी के लिए जाना जाता है. वो काफी मस्ती करती हैं और सोशल मीडिया पर अपने फैन्स के साथ अपने लाइफ के मजेदार पलों को शेयर करते हैं. वीडियो में नरगिस ने स्टेप बाई स्टेप शेफ के साथ चिकन करी बनाया. करी बनाते-बनाते उन्होंने मजेदार अंदाज में कहा कि इस वीडियो को देखने के बाद अब शायद उनसे कोई शादी कर ले.

किसे डेट कर रही हैं नरगिस

पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक, नरगिस इस वक्त 37 साल के कश्मीर-बोर्न टोनी बेग को डेट कर रही हैं. भारतीय खाने को लेकर नरगिस ने वीडियो में अपना प्यार दिखाया. उन्होंने कहा कि उन्हें इंडियन फूड बहुत पसंद है और वो बहुत शौक से इसे खाती हैं, ये उनकी फर्स्ट च्वाइस है. अपनी कुकिंग को लेकर नरगिस ने कहा कि उन्होंने कई बार खाना बनाते-बनाते अपना हाथ भी जलाया है.

जब अजय देवगन

की आंखों को देखकर डर गईं थीं तमन्ना, सिर्फ बात करने में लगा था एक महीना

साउथ और बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने आज अपनी एक अलग ही पहचान बना ली है. ना सिर्फ साउथ इंडस्ट्री में तमन्ना के चाहने वाले हैं बल्कि हिंदी पट्टी वाले लोगों में भी तमन्ना भाटिया की कम फैन फॉलोइंग नहीं है. तमन्ना ना सिर्फ एक काबिल एक्ट्रेस हैं, बल्कि वो एक शानदार डांसर भी हैं. आज तमन्ना अपना 34वां जन्मदिन मना रही हैं, ऐसे में आइए आपको बताते हैं उनकी लाइफ से जुड़े एक दिलचस्प किस्से के बारे में.तमन्ना ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू साल 2013 में फिल्म हिम्मतवाला से किया था.

ये फिल्म साल 1983 में आई फिल्म हिम्मतवाला का ही रीमेक थी जिसे साजिद खान ने डायरेक्ट किया था. ये फिल्म काफी बड़े बजट पर बनी थी और फिल्म को काफी अच्छे तरीके से मार्केट भी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी क्रिंजी डायलॉग्स और खराब स्क्रीनप्ले के कारण फिल्म दर्शकों को बिल्कुल पसंद नहीं आई और फ्लॉप रही. पहली ही फिल्म के फ्लॉप होने से तमन्ना को काफी झटका लगा था.

जब अजय को देखकर डर गईं तमन्ना

तमन्ना ने इस फिल्म में अजय देवगन के साथ काम किया था. अजय फिल्म के हीरो थे और तमन्ना से काफी सीनियर भी. इंडिया टुडे कि रिपोर्ट के मुताबिक, तमन्ना ने जब पहली बार अजय के साथ काम करने की बात सुनी तो वो बहुत खुश हो गईं थीं. लेकिन जब सीन के लिए उनकी पहली बार अजय से मुलाकात हुई तो उनकी आंखों को देखकर वो काफी डर गईं थीं. अजय को इंडस्ट्री में उनके इंटेन्स लुक्स और सीरियस नेचर के लिए जाना जाता है. तमन्ना ने मुंबई मिरर को एक इंटरव्यू में ये कहा था कि वो अजय की फैन हैं, लेकिन उनको पहली बार देखकर वो डर गईं थीं.

बात करने में लगा था एक महीना

हालांकि, तमन्ना ने आगे ये भी कहा कि बाद में अजय से बात करके उनको काफी रिलीफ मिला और उन्हें अजय काफी अच्छे लगे. उन्होंने बताया कि उन्हें आइस ब्रेक करने में लगभग एक महीना लगा, लेकिन एक बार दोनों में बातचीत होने लगी को सबकुछ नॉर्मल हो गया. साथ ही अजय ने हिम्मतवाला के फ्लॉप होने के बाद भी तमन्ना को काफी सपोर्ट किया और उन्हें हार ना मानने की सलह दी, जिसे मानकर तमन्ना ने काम जारी रखा और आज वो इतनी कामयाब हैं.

'मेरे हाथ-पैर ठंडे पड़ गए थे...' सरोज खान के साथ काम करके सहम गई थीं मंदिरा बेदी, सुनाया DDLJ का दिलचस्प किस्सा

1995 में ब्लॉकबस्टर फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे (छ्छ्छ्) आई थी जिसके सभी गाने आज भी पसंद किए जाते हैं. फिल्म में शाहरुख खान और काजोल के अलावा मंदिरा बेदी का भी अहम रोल था. इसी फिल्म के सुपरहिट गाने 'मेहंदी लगा के रखना' में मंदिरा बेदी और शाहरुख का जबरदस्त डांस भी है जिसे सरोज खान ने कोरियोग्राफ किया था. मंदिरा ने इस गाने की शूटिंग का जिक्र किया और एक किस्सा सुनाया.' मेहंदी लगा के रखना' गाने ने धमाल मचा दिया था. मंदिरा बेदी ने इस गाने में जबरदस्त परफॉर्मेंस दी थी लेकिन जब इसकी शूटिंग हो रही थी तब वो काफी डरी हुईं थीं. सरोज खान ने डांस सिखाते हुए उन्हें खूब डांट भी लगाई थी.

मंदिरा बेदी को लगा था सरोज खान से डर

ह्यूमन ऑफ बॉम्बे को दिए एक इंटरव्यू में मंदिरा बेदी ने फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया. उन्होंने बताया था कि 'मेहंदी लगा के रखना' गाने के शूट पर सरोज खान से वो कितना डर गई थीं. एक्ट्रेस ने बताया कि सरोज खान दिल की बहुत अच्छी इंसान थीं लेकिन काम को लेकर बिल्कुल लापरवाही बर्दाश्त नहीं करती थीं.जब वो डांस सिखा रही हैं और आपने तालमेल ठीक नहीं बैठाया तो वो सबके सामने किसी को भी डांट देती थीं. इसी में मंदिरा बेदी ने आगे कहा, 'सरोज मैम मुझे मैथ की टीचर लगती थीं जो बच्चों को डांट दिया करती थीं. जब वो डांस स्टेप सिखाती थीं तब मेरे तो हाथ पैर ठंडे हो जाते थे.'

जब सनी देओल से की थी मंदिरा बेदी की तुलना

मंदिरा बेदी ने बताया कि दिग्गज कोरियोग्राफर सरोज खान ने उनके डांस मूव्स की तुलना सनी देओल के डांस से कर दी थी. मंदिरा बेदी ने आगे कहा, 'मुझे याद है कि उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम कुछ जानती हो, तुम किसी ऐसे व्यक्ति की तरह डांस करती हो जिसे मैं अच्छे से जानती हूं. वो इंसान सनी देओल हैं, क्योंकि तुम्हारे डांस मूव्स बिल्कुल उनकी तरह हैं.' सरोज खान ने यहां तक कह दिया था कि मंदिरा को कमर तक मटकानी नहीं आती. लेकिन बाद में मंदिरा ने बहुत मेहनत की और उस गाने पर अच्छा डांस किया जिसकी तारीफ सरोज जी ने की थी.

हम कोशिश भी नहीं करते... जब शादी और तलाक पर अभिषेक-ऐश्वर्या ने दिया था ऐसा जवाब

ऐश्वर्या और अभिषेक 2009 में ओपरा विनफ्रे के शो में बतौर गेस्ट गए थे. इस शो में ऐश्वर्या-अभिषेक की शादी की एक फुटेज दिखाई गई थी, जिसमें जुहू वाले बंगले के बाहर भारी संख्या में लोग दिख रहे थे. उसी शो में उनसे शादी और तलाक पर कुछ सवाल पूछे गए थे, जिनका दोनों ने जवाब दिया था.

शादी पर क्या बोले थे अभिषेक बच्चन ?

2007 में अभिषेक-ऐश्वर्या की शादी हुई थी. लगभग 2 सालों के बाद दोनों को पॉपुलर विदेशी शो में बुलाया गया था. उस दौरान कपल से भारतीय शादी के बारे में पूछा गया था. उस पर अभिषेक ने कहा था, 'भारतीय शादियां सात से 10 दिनों तक चलती हैं. इसमें अलग-अलग रस्में होती हैं और ये सात वचनों के साथ खत्म होती हैं. इस पर शो के होस्ट ने हैरानी भरा रिएक्शन दिया था.

तलाक पर क्या बोली थीं ऐश्वर्या राय ?

एंकर ने शादी की बात जानकर फिर पूछा, इतना बड़ा फंक्शन रखने के बाद कपल के लिए तलाक लेना कितना मुश्किल होता है?' इसके जवाब में ऐश्वर्या राय ने कहा था, हम इस विचार को मन में लाने की कोशिश भी नहीं करते हैं. कपल से ये भी सवाल किया गया था कि शादी के बाद पैरेंट्स भी साथ रहते हैं? इसका जवाब अभिषेक बच्चन ने दिया था. उन्होंने कहा था, क्या आप अपनी फैमिली के साथ रहती हैं? ये कैसे काम करता है? उसके बाद इसपर ऐश्वर्या कहती हैं कि भारत में शादी के बाद पैरेंट्स के साथ रहना एक आम बात है.

कब शुरू हुए अभिषेक-ऐश्वर्या के तलाक के चर्चे ?

मुकेश अंबानी के छोटे बेटे राधिका और अनंत की शादी के लगभग हर फंक्शन में ऐश्वर्या और अभिषेक अलग-अलग ही पहुंचे. तभी से खबरें उठीं कि दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है. तब से कपल ने भी इस मामले पर चुप्पी साधी हुई है. 19 दिसंबर को धीरुभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल फंक्शन था, जिसमें आराध्या बच्चन ने परफॉर्म किया.